फाल्गुन माह , कृष्ण पक्ष 2 1 वर्ष, अंक 41 पृष्ठ 8 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज शनिवार 05 मार्च 2022

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## काशी: पीएम की रैली में उमड़ा जनसैलाब



**वाराणसी:** काशी के सांसद और पीएम नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को वाराणसी में मीर्जापुर से रोड शो करने पहुंचे तो जगह जगह काफिले के रास्ते में उनका स्वागत काशीवासियों ने किया है। पीएम का काफिला जहां से भी निकला वहां से फूल मालाओं के साथ लोग उनका इंतजार करते मिले। कई जगहों पर होली के गुलाल की फुहारें भी उत्साहित लोगों ने उड़ाकर रोड शो का स्वागत किया। शाम साढ़े छह बजे पीएम का काफिला ज्ञानवापी स्थित काशी विश्वनाथ मंदिर परिक्षेत्र पहुंचा तो मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की तैयारी पहले ही पूरी कर ली गई थी। पीएम के उत्तरी द्वार से मंदिर पहुंचने के साथ ही अर्चकों ने पूजा अर्चना शुरू कर दी। इस दौरान पीएम ने मंदिर परिसर में कुछ पल भी बिताए। शाम होने के बाद पीएम के चेहरे पर श्वेत रोशनी कर दी गई ताकि लोग उनको अंधेरे में देख सकें। वहीं बाबा दरबार परिक्षेत्र में पीएम का स्वागत पारंपरिक तरीके से किया गया। मणिकर्णिका द्वार पर स्वागत के लिए ओम चौधरी भी पहुंचे। काशी विश्वनाथ मंदिर कारिडोर परिक्षेत्र में काफलिा पहुंचा





तो डमरू और नगाड़ों के साथ पीएम का स्वागत सांस्कृतिक दलों की ओर से किया गया। वहीं शाम साढ़े छह बजे तक पीएम का काफिला काशी विश्वनाथ मंदिर परिक्षेत्र पहुंचा तो क्षेत्र में चारों ओर मंदिरों की घंटियां बजाने के साथ ही लोगों ने हर हर मोदी का नारा भी लगाया। शाम साढ़े पांच बजे के करीब पीएम नरेन्द्र मोदी का काफलिा मैदागिन के करीब पहुंचा तो सड़क के दोनों ओर से उनपर गुलाब की पंखुड़ियों की उत्साहित लोगों ने बौछार कर दी। वहीं पीएम के वाहन पर फूलों और मालाओं के पहुंचने का सिलसिला जारी रहा तो पीएम ने भी वाहन से फूलों को जनता की ओर उछालना शुरू कर दिया।

## रूस ने न्यूक्लियर प्लांट को बनाया निशाना

### मचा हड़कंप: बाइडेन और जॉनसन ने जेलेंस्की से बात की, यूक्रेन ने कहा- दुनिया रूस को रोके





**कीव:** रूसी सेना ने 9वें दिन यूरोप के सबसे बड़े जपोरिजिया न्यूक्लियर प्लांट को निशाना बनाया। रॉकेट हमले में इसके कैंपस में आग लग गई, जिसे कुछ ही घंटों में बुझा दिया गया। अच्छी बात यह रही कि हमले के बाद रेडिएशन लेवल भी नॉर्मल मिला। रूसी सेना ने प्लांट की एडमिन और कंट्रोल बिल्डिंग पर कब्जा कर लिया है। हमले में किसी के घायल होने की खबर नहीं है। उधर, इस हमले के बाद दुनिया में हड़कंप मच गया। आननफानन में जेलेंस्की ने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन से बात की।

**'अगर इसमें ब्लास्ट होता है, तो यह चेर्नोबिल से 10 गुना बड़ा होगा':** प्लांट पर हमले के फौरन बाद यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने बताया कि रूसी सेना ने प्लांट पर चारों तरफ से गोलीबारी की। प्लांट में आग पहले ही भड़क चुकी है। अगर इसमें ब्लास्ट होता है, तो यह चेर्नोबिल से 10 गुना बड़ा होगा। जहां 6 न्यूक्लियर रिएक्टर हैं। पावर प्लांट की साइट के पास रेडिएशन के हाई लेवल का पता चला है।

**यूएस और ब्रिटेन ने कहा- रूस फौरन हमला बंद करे:** ब्रिटिश प्रधानमंत्री ने जेलेंस्की से कहा कि वह रूस और अन्य करीबी सहयोगियों के सामने इस मुद्दे उठाएंगे। साथ ही संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आपात बैठक बुलाने की बात भी कही।

### रूस-यूक्रेन युद्ध: कीव में धमाके, बोरोडियांका तबाह



**कीव:** यूक्रेन पर रूस के हमले के नौवें दिन यूक्रेन की राजधानी कीव में लगातार धमाके सुने जा रहे हैं। यूक्रेन का शहर बोरोडियांका तबाह हो गया है। रूसी सेना ने जापोरिज्जिया आणविक संयंत्र पर कब्जा कर लिया है और तीन शहरों ओडेसा, बिला त्सेरकवा और वोलिन ओब्लास्ट पर हवाई हमले की तैयारी चल रही है। यूक्रेन पर हमले के नौवें दिन भी रूस के हमलों की रफ्तार कम नहीं हुई है। बताया गया कि रूसी सेना कीव पर लगातार हमले कर रही है। वहां धमाकों की आवाजें सुनी गयी हैं। कीव में रूसी सेना के प्रवेश का दावा भी किया गया है। दरअसल कीव में तेज धमाकों से पहले रूसी सेना ने यूक्रेन स्थित यूरोप।

### यूक्रेन में एक और भारतीय रूसी हमले का शिकार

**यूक्रेन में एक और भारतीय रूसी हमले का शिकार**

**कीव:** यूक्रेन में एक और भारतीय रूसी हमले की चपेट में आ गया है। यूक्रेन की राजधानी कीव में गोली लगने से एक भारतीय छात्र के घायल होने की जानकारी सामने आई है। छात्र कीव छोड़ने की कोशिश कर रहा था। घायल छात्र के इलाज के लिए उसे वापस ले जाया गया है। इससे पहले एक भारतीय छात्र की खारकीव पर रूसी हमले के दौरान मौत हो गयी थी और अस्पताल में भर्ती एक अन्य छात्र को भी जान चली गयी थी। यूक्रेन पर रूस के हमले के नौवें दिन भारत के लिए एक और चिंताजनक खबर सामने आई है। नागर विमानन राज्य मंत्री वीके सिंह ने शुक्रवार को बताया कि यूक्रेन की राजधानी कीव में एक भारतीय छात्र कथित तौर पर गोली लगने से घायल हो गया है। वीके सिंह इस समय युद्धग्रस्त यूक्रेन में फंसे भारतीयों को वापस भारत लाने के लिए पड़ोसी देश पोलैंड में हैं।

## यूक्रेन में फंसे छात्रों को सुरक्षित लाएंगे देश: मोदी

**मिर्जापुर:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि यूक्रेन में फंसे भारतीय नागरिकों और विद्यार्थियों को सुरक्षित स्वदेश लाने के लिए तेजी से काम किया जा रहा है। ऑपरेशन गंगा के तहत हजारों विद्यार्थियों को स्वदेश लाया गया है। लगातार कई उड़ानों से उन्हें सुरक्षित स्वदेश लाया जा रहा है। मिजार्पुर में की जनसभा में प्रधानमंत्री ने कहा कि जिस ऑपरेशन के साथ मां गंगा का नाम जुड़ा है, उसके कामयाब होने में कोई आशंका नहीं। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान में संकट के दौरान केंद्र सरकार ने ऑपरेशन दैवी शक्ति के तहत हजारों नागरिकों को सुरक्षित स्वदेश लाने का काम किया।

## जुमे की नमाज के दौरान विस्फोट, 45 की मौत, 50 घायल

**इस्लामाबाद:** पाकिस्तान के पेशावर में जुमे की नमाज के दौरान शक्तिशाली बम धमाका हुआ है। इसमें 45 लोगों की मौत हो गई और 50 से ज्यादा घायल हुए हैं। पाकिस्तान के जियो न्यूज चैनल ने यह खबर दी। पेशावर पुलिस के मुताबिक, पहले किस्सा ख्वानी बाजार में दो हमलावरों ने मस्जिद में घुसने की कोशिश की। इस दौरान वहां सुरक्षा के लिए खड़े पुलिसकर्मियों के साथ उनका आमना-सामना हो गया। हमलावरों ने उन पर गोलियां बरसाना शुरू कर दीं। इसमें एक पुलिसकर्मी की मौत हुई है, जबकि दूसरा घायल बताया जा रहा है। मस्जिद में



धमाका इसी हमले के बाद हुआ। पुलिस के मुताबिक, रेस्क्यू टीम घायलों को नजदीक के अस्पताल ले जा रही है। स्थानीय लोगों ने भी घायलों को अपनी मोटरसाइकिल और कारों के जरिए अस्पताल तक पहुंचाया। पुलिस और सुरक्षा टीमों ने इलाके की घेराबंदी कर दी है। बताया जा रहा है कि 10 घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है।

## बाल-बाल बची दो ट्रेनें!

### 'कवच' ने ट्रेन को 380 मीटर पहले रोका, रेलमंत्री वैष्णव खुद थे सवार



**सिकंदराबाद:** भारतीय रेलवे के सुरक्षा इतिहास में शुक्रवार का दिन नई इबारत लिखने वाला साबित हुआ। शुक्रवार को दो ट्रेनों को चंद मीटर के फासले से एक दूसरे से भिड़ने से रोक दिया। दरअसल यह रेलवे की नई स्वदेशी सुरक्षा तकनीक 'कवच' के दम पर हुआ। इस इतिहास के साक्षी खुद रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव बने। कवच ने सामने से आ रही ट्रेन की भिड़ंत से पूर्व रेल मंत्री की ट्रेन को 380 मीटर पहले ही रोक दिया। तेलंगाना के सिकंदराबाद में ट्रेनों के बीच कवच का परीक्षण किया गया। एक ट्रेन के इंजन पर रेल मंत्री वैष्णव सवार थे तो सामने से आ रही दूसरी ट्रेन में रेलवे बोर्ड के चेयरमैन व अन्य बड़े अधिकारी। यह परीक्षण सनतनगर-शंकरपल्ली खंड पर किया गया। रेल मंत्री ने इस परीक्षण का एक मिनट का वीडियो साझा किया है। इसमें इंजन के कैबिन में रेल मंत्री वैष्णव व अन्य अधिकारी दिखाई दे रहे हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ट्वीट किया, 'रियर-एंड टक्कर परीक्षण सफल रहा है। कवच ने अन्य लोको से 380 मीटर पहले लोको को स्वचालित रूप से रोक दिया'। कवच ऐसी स्वदेशी तकनीक है, जिसके इस्तेमाल से दो ट्रेनों की टक्कर रोकी जा सकेगी। यह दुनिया की सबसे सस्ती रेल सुरक्षा तकनीक है। 'जीरो ट्रेन एक्सीडेंट' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए इस कवच का विकास किया गया है।

**क्या है 'कवच', कैसे करता है काम:** यह स्वदेश में विकसित स्वचलित ट्रेन सुरक्षा (एटीपी) प्रणाली है।

कवच को एक ट्रेन को स्वतः रोकने के लिए बनाया गया है। जब डिजिटल सिस्टम को रेड सिग्नल या फिर किसी अन्य खराबी जैसी कोई मैन्युअल गलती दिखाई देती है, तो इस तकनीक के माध्यम से संबंधित मार्ग से गुजरने वाली ट्रेन अपने आप रुक जाती है।

## कश्मीर में 60 दिन के भीतर 15 मुठभेड़

### सुरक्षाबलों ने मार गिराए 28 दहशतगर्द

**श्रीनगर:** कश्मीर घाटी में इस साल दो महीने में 15 मुठभेड़ों में 28 आतंकवादी मारे गए। जनवरी में 10 मुठभेड़ हुईं। इस दौरान 21 आतंकवादी मारे गए, जबकि 2 पुलिसकर्मी शहीद हुए। वहीं फरवरी माह में पांच मुठभेड़ों में सात स्थानीय आतंकवादी मारे गए। इस महीने तीन आतंकी हमले भी हुए। इसमें एक पुलिसकर्मी शहीद, जबकि एक अधिकारी सहित दो घायल हुए।

**आतंकियों ने पुलिस कर्मियों को बनाया निशाना:** शोपियां के अमशीपोरा गांव में एक पुलिस अधिकारी (एएसआई) शब्बीर अहमद वागे को गोली मारकर घायल कर दिया गया, जबकि निशात पार्क बांदीपोरा में आतंकवादियों द्वारा किये गए ग्रेनेड हमले में पापाछान के एक पुलिसकर्मी (ड्राइवर) जुबैर अहमद शहीद हो गए। हमले में बीएसएफ का एक अधिकारी और तीन पुलिसकर्मी घायल भी हो गए थे।

**सेना के दो जवान हुए शहीद:** इसके अलावा श्रीनगर के धोबी मोहल्ला बटमालू इलाके में आतंकी हमले में एक पुलिस अधिकारी शेख फिरदौस (एसीबी) घायल हो गया था। 19 फरवरी को शोपियां के चारमर्ग जैनपोरा में हुई मुठभेड़ में सेना की 1 राष्ट्रीय राइफल्स के संतोष यादव और रोहित चव्हाण शहीद हो गए थे।

**दक्षिण कश्मीर में चार बार हुई मुठभेड़:** दक्षिण कश्मीर में 4 बार मुठभेड़ हुई, जबकि श्रीनगर में भी एक मुठभेड़ हुई।

मुठभेड़ शोपियां के अमशीपोरा, चारमर्ग जैनपोरा और नौपोरा नदीगाम के सेब के बगीचे, श्रीनगर के बाहरी इलाके के रंगपुरा जकुरा इलाके और दक्षिणी पुलवामा जिले के नंबल अवंतीपोरा इलाके में हुई थी। कुल 11 लोग हताहत हुए।

## भागलपुर में बम बनाते समय धमाका

### घटना में मृतकों की संख्या बढ़कर हुई 14, मलबा हटाने का काम जारी

**भागलपुर:** बिहार में भागलपुर जिले के तातारपुर थाना क्षेत्र के काजवलीचक मोहल्ले में गुरुवार देर रात एक पटाखा बनाने वाले आतिशबाज के घर में हुए बम विस्फोट की घटना में मृतकों की संख्या बढ़कर 14 हो गयी है।जिस घर में धमाका हुआ। उस मकान में शीला देवी और लीला देवी रहती थी। दोनों देवरानी-जेठानी (गोतनी) हैं। वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) बाबूराम ने भी इसकी पुष्टि की है।उन्होंने बताया कि शुक्रवार अलसुबह तक पांच शव को मलबे से बरामद किया



गाया था। दिन चढ़ते मलबा हटाने के दौरान नौ लोगों का शव बरामद किया गया है। कुल चार घर इस धमाके में क्षतिग्रस्त हो गए हैं। एक महिला, दो बच्चा समेत 14 की मौत हो गई है। घटनास्थल के समीप स्थित कुछ और मकानों को भी नुकसान पहुंचा है। मलबा हटाने का काम जारी है। उधर एक दर्जन से ज्यादा घायल लोगों का इलाज मायागंज अस्पताल में चल रहा है। उसमें कई की हालत गंभीर बनी हुई है। बम निरोधक दस्ता और एफएसएल की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर जांच कर रही है। एसडीआरएफ की टीम भी घटनास्थल पर पहुंच कर अपने काम में जुट गई है। पटना पुलिस मुख्यालय की तरफ से इस घटना की जांच के लिए जल्द आदेश जारी किया जाएगा।पटना में एडीजी लॉ एंड ऑर्डर संजय सिंह ने कहा कि भागलपुर में तातारपुर थाना के तहत काजवली चक इलाके में यह विस्फोट हुआ है।

## कुलभूषण केस: वकील की नियुक्ति को लेकर भारत को एक और अवसर

**इस्लामाबाद**

पाकिस्तानी जेल में बंद पूर्व भारतीय नौसैनिक कुलभूषण जाधव मामले में वकील की नियुक्ति पर फैसला करने के लिए इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने भारत को एक और अवसर दिया है।

अंतरराष्ट्रीय न्यायालय ने अपने फैसले में जाधव की मौत की सजा के खिलाफ अपील व सुनवाई का अवसर देने का आदेश दिया है। उसी के अनुरूप इस्लामाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई होना है।

## सुरक्षा बलों का होगा आधुनिकीकरण

### केंद्रीय फोर्स के लिए 1523 करोड़ मंजूर, सीआईएसएफ, बीएसएफ को मिलेंगे नए शस्त्र

**नई दिल्ली: केंद्रीय** सशस्त्र पुलिस बलों के लिए सरकार ने 1523 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। इससे अगले पांच सालों में इन बलों के लिए अत्याधुनिक हथियार खरीदे जाएंगे और इनका आईटी ढांचे का सुधार होगा। सशस्त्र केंद्रीय बलों में सीआरपीएफ व बीएसएफ भी शामिल हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि सीएपीएफ की आधुनिकीकरण योजना-चार लागू करने से इन बलों की दक्षता बढ़ाने और तैयारियों में सुधार लाने में मदद मिलेगी। इससे देश का



आंतरिक सुरक्षा तंत्र मजबूत होगा। 1,523 करोड़ रुपये की लागत वाली सीएपीएफ आधुनिकीकरण योजना-4 को गृह मंत्री अमित शाह के आदेश पर 1 फरवरी, 2022 से 31 मार्च, 2026 तक गृह मंत्रालय द्वारा लागू किया जाएगा। गृह मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि इससे अंतरराष्ट्रीय सीमा, एलओसी, एलएसी के साथ-साथ नक्सवाद से प्रभावित क्षेत्रों, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और उग्रवाद प्रभावित पूर्वोत्तर राज्यों जैसे विभिन्न क्षेत्रों में चुनौतियों का सामना करने की सरकार की क्षमता को बढ़ावा मिलेगा। सीएपीएफ में सीआरपीएफ, बीएसएफ, सीआईएसएफ, आईटीबीपी, एसएसबी, एनएसजी और असम राइफल्स शामिल हैं। सीआरपीएफ को ज्यादातर आंतरिक सुरक्षा और जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद से लड़ने के लिए तैनात किया जाता है। वहीं, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को पाकिस्तान और बांग्लादेश से लगी भारत की सीमा की रक्षा करता है। इसके अलावा यह आंतरिक सुरक्षा भी करता है।

## यूक्रेन जंग: 17 हजार लोगों को वापस लाने पर मिली तारीफ

**नई दिल्ली: रूस-यूक्रेन जंग के बीच फंसे भारतीयों** को लेकर शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा, 'ये दुर्भाग्यूपर्ण है। हमने पिछली गलतियों से सबक नहीं लिया, जंग का इंतजार किया। विद्यार्थियों को लेकर चिंता है।' सुप्रीम कोर्ट ने अटॉर्नी जनरल केके वेणुगोपाल को यूक्रेन में फंसे भारतीयों को निकालने के बारे में केंद्र सरकार से दिशा-निर्देश प्राप्त करने के लिए कहा। कोर्ट ने कहा कि वह अभिभावकों के लिए हेल्पलाइन



आदि की संभावना पर भी केंद्र से बात करें।

**बेंगलुरु की फातिमा आहना व अन्य को लाएं:** सुनवाई के दौरान प्रधान न्यायाधीश एनवी रमण की अध्यक्षता वाली पीठ ने वेणुगोपाल से कहा कि वह बेंगलुरु की रहने वाली फातिमा आहना और अन्य मेडिकल विद्यार्थियों की वापसी सुनिश्चित करें।

### खबर संक्षेप

## दुधमुंही बच्ची को लेकर विवाहिता प्रेमी के साथ फरार मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** दुधमुंही बच्ची को लेकर विवाहिता प्रेमी के साथ फरार हो गई। पति ने मऊआइमा थाने में प्रेमी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम अमानगंज निवासनीय एक विवाहिता का पडोसी के यहां आते जाते एक युवक से प्यार हो गया । परिजनों की गैर मौजूदगी में विवाहिता अपनी दुधमुंही बच्ची को साथ लेकर अपने प्रेमी के संग फरार हो गई । थका हारा पति जब घर आया तो पत्नी को न पा कर इधर उधर तलाशा परन्तु पत्नी के कहीं पता न चलने पति ने मऊआइमा थाने में शुक्रवार को फाफामऊ के ग्राम रमपुरवा निवासी पवन पुत्र फूलचंद्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया।

# महिला हत्याकांड : कोरांव पुलिस हत्यारों की तलाश में जुटी, पति को छोड़ा

**अखंड भारत संदेश**

**कोराव।** कोरांव में एक आदिवासी महिला की हत्या कांड में पुलिस को अभी तक नामजद मुलजिम हांथ नहीं लगा जिससे कांड के मुख्य किरदार निभाने वाले और उनके हमराहियों का पदार्फाश नहीं हो पाया। घटना को लेकर पूरे इलाके में तरह तरह की चचाएं हो रही हैं।

बता दें कि सुरइचा गांव थाना खीरी निवासिनी गुड़िया कोल पत्नी राकेश कोल 30 वर्ष की दो मार्च को कोरांव से वापिस घर आते समय उसका अपहरण कर कथित तौर से बलात्कार के बाद हत्या कर लाश हरडिहा माइनर के किनारे नग्न हालत में फेंक दिया गया था। घटना स्थल और महिला मृतका की स्थिति से आंकलन के अनुसार उसे कहीं और ले जा कर दुष्कर्म कर तब वहां फेंका गया है। मृतका एक व्यक्ति के बस की थी भी नहीं कि अकेला कोई उसके साथ जुल्म कर या इज्जत के साथ खिलवाड़ कर सकता है। उक्त घटना में उसके कथित प्रेमी या नामजद मुलजिम के मित्रों ने कहीं फुसला बहला कर या जबरन ले जा कर रेप के बाद मौत के घाट उतार दिया। लाश को जिस स्थिति में देखा गया उससे पता चला कि किसी ने वहां से या बाइक से ला कर नहर के किनारे फेंक दिया गया। पुलिस के अनुसार समाचार लिखे जाने तक न तो नामजद मुलजिम ही गिरफ्तार हुआ और न ही पोस्ट मार्टम की रिपोर्ट आ सकी थी। चर्चा है कि मृतका का उसके पति से मोबाइल का लोकेशन महुवांव गांव तक का मिला था उसके बाद मोबाइल आफ हो गया था। परिजन रात भर खोजते रहे सुबह लाश मिलने की सूचना मिली तब पति ने जा कर अपनी पत्नी के रूप में शिनाख्त किया। मृतका के शरीर और गालों पर निशान बता रहे थे कि दुष्कर्मियों ने बड़ी बेरहमी से उसकी इज्जत के साथ खिलवाड़ कर हत्या की है। हत्या परिचित लोगों के कारण ही हुई बताई जा रही है। जिससे कोई पकड़ में न आए। मृतका के पति राकेश कोल को भी शक के आधार पर पुलिस ने थाने में बइठाल दिया था। किंतु शक दूर हो जाने पर उसे घर भेज दिया गया। नामजद मुलजिम पप्पू पटेल पुत्र बेचनलाल निवासी सुरईचा को पुलिस गिरफ्तार करने के लिए दबिस दे रही है।

### फॉलोअप : सामूहिक बलात्कार के बाद हत्या की चर्चा



मृतका गुड़िया की दुष्कर्म के बाद नहर के किनारे हत्यारों द्वारा फेंकी गई अर्ध नग्न फोटो

## नव विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान, कोहराम

**घूरपुर।** क्षेत्र के बगबना गांव में गुरुवार की रात एक विवाहिता ने कमरे का दरवाजा बंद कर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली । शुक्रवार की सुबह पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कौंधियारा थाना क्षेत्र जारी गांव निवासी विजय भारती ने अपनी पुत्री ममता (20) की शादी एक वर्ष पूर्व बगबना घूरपुर निवासी पंच लाल के बेटे देवेंद्र भारतीय के साथ की थी । बताया जाता है कि इधर दो चार दिनों से देवेंद्र और उसकी पत्नी ममता के बीच किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। गुरुवार की ममता कमरे में गई और कमरे के दरवाजे को अंदर से बंद करके फैन के हुक में रस्सी का फंदा डालकर फांसी पर लटक गई । शुक्रवार की सुबह जब दरवाजा नही खुला तो घर के लोगों ने खिड़की से देखा तो ममता फांसी पर लटक रही थी ।सूचना पुलिस को दी गई तो पहुंची पुलिस ने दरवजा तोड़कर शव को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# मां के साथ घर लौट रही नाबालिग लड़की को दबंगों ने उठाया

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा रोड।** मेजा क्षेत्र में मंगलवार को महाशिवरात्रि के दिन मंदिर से दर्शन कर मां के साथ घर लौट रही नाबालिग लड़की को रास्ते से गांव के ही बाइक सवार दो सगे भाई भगा ले गए। मिली जानकारी के अनुसार मेजा थाना क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग लड़की अपने मां के साथ मंगलवार एक मार्च को सिरसा स्थित भगवान शिव के मंदिर श्रीनाथ बाबा धाम से दर्शन कर पैदल ही घर लौट रही थी कि पहले से योजना बद्ध तरीके से रास्ते में दो बाइक सवार सगे भाइयों ने लड़की को बाइक पर बैठा कर भगा

ले गए। साथ मे रही मां व एक बहन जब तक कुछ समझ पाती की तब तक बाइक सवार दोनों युवक धमकी देते हुए भाग गए। शुक्रवार को पीड़ित महिला ने मेजा कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि वह अपने पति के साथ उक्त युवकों के घर जाकर बेटीको लेकर भगाने की शिकायत व बरामदगी की बात की तो युवकों के परिजनों ने गाली गलौज देना शुरू कर दिया और अपने घर से यह कहकर भगा दिया कि उनका जो मकसद था वह पूरा हो गया। महिला ने आरोप लगाया है कि उक्त युवक के परिजनों ने सोची समझी रणनीति के तहत अपने शादी शुदा लड़कों को सह देकर उक्त नाबालिग लड़की को भगा ले गए। लड़की को लेकर भागने वाले दोनों युवक शादी शुदा हैं। पीड़ित महिला ने मेजा कोतवाली में तहरीर देकर बेटी की बरामदगी व आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है। वहीं परिजनों को आश्वासन देते हुए कोतवाल मेजा तुषारदत्त त्यागी ने बताया कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्यवाही की जाएगी।

# आईईआरटी के अध्यक्ष एवं मंडलायुक्त ने संस्थान का किया निरीक्षण, पाठ्यक्रम प्लेसमेंट की ली जानकारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** आईईआरटी में हुई गूगल डेवलपर स्टूडेंट क्लब की स्थापना। एमएनएनआईटी एवं आईआईआईटी प्रयागराज के बाद शहर का तीसरा संस्थान जहां इस क्लब की स्थापना की गई है। बच्चों को नौकरी एवं नवीनतम तकनीकी ज्ञान दिलाने में मिलेगा फायदा। छात्रों को तकनीकी प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट में मदद हेतु संस्थान ने शॉटिंग हैट टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड एवं टेस्टबुक एजुकेशन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के साथ साइन किया मेमोरेंडम आफ अंडरस्टैंडिंग।

इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड रूरल टेक्नोलॉजी के अध्यक्ष के रूप में मंडलायुक्त श्री संजय गोयल ने आज संस्थान का निरीक्षण करते हुए डायरेक्टर एवं अध्यापकों के साथ वहां चलाए जा रहे पाठ्यक्रमों एवं उनके संचालन में आ रही समस्याओं संबंधित बैठक की। उन्होंने सर्वप्रथम संस्थान द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न डिप्लोमा एवं डिग्री पाठ्यक्रमों पर बिंदुवार चर्चा की तथा हर पाठ्यक्रम के संचालन में आ रही समस्याओं पर चर्चा की। उन्होंने किस पाठ्यक्रम के अंतर्गत क्या सिलेबस पढ़ाया जा रहा है उसके बारे में भी जानकारी ली जिस पर संस्थान के निदेशक डॉ विमल मिश्रा एवं अन्य अध्यापकों ने उन्हें विभिन्न पाठ्यक्रमों संबंधित जानकारी दी। बच्चों के प्लेसमेंट के बारे में पूछने पर उन्हें यह अवगत कराया गया कि संस्थान में लगभग 60% बच्चों का प्लेसमेंट पिछले साल हो गया था जिसमें से कुछ बच्चों को मल्टीनैशनल कंपनियों में भी नौकरी मिली है। निदेशक आईआरटी ने मंडलायुक्त को यह भी अवगत कराया की छात्रों को तकनीकी प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट में मदद करने हेतु संस्थान ने 2 तकनीकी कंपनियों, शॉटिंग हैट टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड एवं टेस्टबुक एजुकेशन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के साथ मेमोरेंडम आफ अंडरस्टैंडिंग भी साइन किया है। इसके अतिरिक्त संस्थान में

गूगल डेवलपर स्टूडेंट क्लब की स्थापना भी हाल ही में हो गई है जिसके पश्चात एमएनएनआईटी एवं आईआईआईटी प्रयागराज के बाद वह शहर का तीसरा संस्थान बन गया है जहां इस क्लब की स्थापना हुई है। गूगल डेवलपर स्टूडेंट क्लब गूगल कंपनी का सोशल वेलफेयर इनीशिएटिव के अंतर्गत एक विशेष क्लब है जो दुनिया भर के बच्चों को नौकरी एवं नवीनतम तकनीकी का ज्ञान निशुल्क दिलाने में मदद करता है।तत्पश्चात मंडलायुक्त ने संस्थान के विभिन्न विभागों का निरीक्षण करते हुए कंप्यूटर लैब, केमिस्ट्री लैब एवं लाइब्रेरी में स्वयं जाकर छात्रों से अध्ययन एवं अध्यापन में आ रही समस्याओं की जानकारी ली। निरीक्षण के उपरांत उन्होंने निदेशक आईआरटी को कैंपस एवं हॉस्टल में साफ सफाई एवं भोजन की और बेहतर व्यवस्था तथा कंप्यूटर लैब्स में सॉफ्टवेयर अपडेट्स निरंतर कराते रहने के निर्देश भी दिए।



आईईआरटी के अध्यक्ष के साथ मण्डलायुक्त संस्थान में जानकारी लेते

## तीन अलग अलग स्थानों पर मार पीट के दौरान कई घायल मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** तीन अलग अलग स्थानों पर मामूली बात को लेकर मार पीट में कई घायल हुए हैं। पुलिस ने दस के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम दुगार्गंज ऊंचडिह निवासनीय नीलू देवी पत्नी आलोक त्रिपाठी का आरोप है कि मामूली बात को लेकर पडोसी उसे मार पीट कर जख्मी कर दिए। नीलू देवी ने मऊआइमा थाने में अनुज त्रिपाठी ,आलोक मिश्रा के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। उधर मऊआइमा कस्बा के मुस्तफाबाद निवासी प्यारेलाल पुत्र फुनई शाह का आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर पडोसी उसकी पत्नी सलमा को घर में घुस कर मारे पीटे । प्यारे लाल ने मऊआइमा थाने में सलमान, इरफान, गुलशन, आशिया बानों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है ।.उधर ग्राम छाता मझिगवां निवासी रामसजीवन पुत्र पूर्णमासी का आरोप है कि परिवारिक जमीन के बंटवारे को लेकर उसे मारा पीटा गया और जान से मारने की धमकी दी गई। रामसजीवन ने मऊआइमा थाने में राकेश, धनराजी, शन्ति देवी, मालती देवी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## न्यूज झरोखा

### नागरिक पीजी कॉलेज जंघई खेल प्रतियोगिता में वीरेंद्र पांडेय एवं प्रिया यादव चैंपियन बने



**जंघई।** नागरिक पीजी कॉलेज जंघई में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के समापन दिवस पर शुक्रवार को प्राचार्य प्रो. राजीव मालवीय द्वारा प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को विविध पदक और प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। क्रीड़ा अधीक्षक बृजेश कुमार यादव के संयोजन में हुई इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के प्राध्यापकों डॉ प्रमोद कुमार तिवारी, डॉ रमाकांत एवं अन्य शिक्षकों द्वारा भी विद्यार्थियों पदक प्रदान किया गया ।इस प्रतियोगिता में व्यक्तिगत चैंपियनशिप छात्र वर्ग में वीरेंद्र पांडेय एवं छात्रा वर्ग में प्रिया यादव चैंपियन रही ।खेल प्रतियोगिता कार्यक्रम का संचालन डॉ रवि मिश्रा द्वारा किया गया इस अवसर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित हुई जिसमें महाविद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी मौजूद रहे।

### आरपी शुक्ला भाजपा गंगापार श्रमिक प्रकोष्ठ के सह संयोजक बनाये गये



**जंघई।** भारतीय जनता पार्टी गंगापार के जिलाध्यक्ष अश्विनी दुबे की सहमति से जिला संयोजक गंगापार श्रमिक प्रकोष्ठ चंद्रशेखर मिश्रा द्वारा बघेड़ी गांव निवासी एवं पूर्व मीडिया प्रभारी विहिप गंगापार आरपी शुक्ला को श्रमिक प्रकोष्ठ का सह संयोजक बनाया गया है।

### भाजपा सांसद ने अज्जु भैया के लिए किया जनसंपर्क



**जंघई।** मुंगराबादशाहपुर से भाजपा प्रत्याशी अजय शंकर दुबे अज्जु भैया के समर्थन में बीपी सरोज सांसद मछलीशहर द्वारा अपने समर्थकों के संग मुंगराबादशाहपुर क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क करके अज्जु भैया को लिए वोट देने के लिए अपील किया। केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं को बताते हुए सांसद ने पुनः योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में एनडीए की सरकार बनाने के लिए समर्थन मांगा। जनसंपर्क में प्रशांत शुक्ल विक्की भैया, महेश शुक्ला, क्रांति तिवारी, बाबा मालवीय, जयप्रकाश शुक्ला, शैलेश मालवीय एवं छैला भारतीया सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# लालापुर पॉवर हॉउस में लाईनमैनो को किया गया सम्मानित



**अखंड भारत संदेश**

**लालापुर।** लालापुर पावर हॉउस में शुक्रवार के दिन लालापुर पावर हॉउस में कोरोना काल में कार्य करने पर पूर्वांचल विधुत वितरण निगम लिमिटेड ने सभी पावर हॉउस के कर्मचारियों को शुक्रवार के दिन अवर अभियंता आशीष कुमार (जेई ) द्वारा सम्मानित किया गया जिसमे लालापुर कर्मचारी सूर्य प्रकाश ओझा टीजी 2, धर्मेंद्र कुमार पटेल, मनोज कुमार मौर्य,ध्रुव प्रकाश, अतुल तिवारी, विकास मिश्रा, अजीत कुमार, जगदीश, सुल्तान खान, राकेश, संजय, परमेश, शंत कुमार, रोहित तिवारी, चन्द पाल, उमेश कुमार,हरिलाल,चंद्र मणि,बबलू, आदि कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

# लाइनमैन दिवस : कोरोना काल में निर्बाध बिजली की सुविधा देने वालों को किया गया सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**

**बारा।** विद्युत विभाग में हमेशा से उपेक्षित रहने वाले लाइनमैन की काबिलियत, सेवा भावना, त्याग और बलिदान को विभाग के द्वारा प्रोत्साहित किया गया। प्रबंध निदेशक (पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम) के आदेश पर आज जनपद के समस्त उपकेंद्रों पर लाइनमैन दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें कोरोना काल में सर्वश्रेष्ठ सेवा देने वाले लाइनमैन को माला पहनाकर सम्मानित किया गया। अधिकारियों ने भी लाइनमैन के प्रयासों को सराहा।

एमडी के आदेश पर आज 33/11 केवी रींवा रोड/धनुहा पावर हाउस पर लाइनमैन दिवस का आयोजन किया गया। इस आयोजन में उप खंड अधिकारी और अवर अभियंता ने लाइन मैन मुकेश श्रीवास्तव (33/11 केवी रींवा रोड), संजय शर्मा (33/11 केवी, रींवा रोड नैनी, प्रयाग) और राममिलन पटेल (33/11 रींवा रोड) को माला पहनाकर सम्मानित किया गया। उप खंड अधिकारी सुनील कुमार और अवर अभियंता वीरेंद्र कुमार ने लाइनमैन के द्वारा किए जाने वाले कार्यों की सराहना की। वीरेंद्र कुमार ने कहा कि लाइनमैन विद्युत व्यवस्था की रीढ़ होते हैं। सर्दी, गर्मी और बरसात में दिन-रात ड्यूटी देकर सभी को रोशनी मुहैया कराते हैं। निर्बाध विद्युत आपूर्ति और राजस्व वसूली में में लाइनमैन का योगदान कभी भी विस्तृत नहीं किया जा सकता। इस मौके पर विभाग के अभिषेक मिश्रा, रमाकांत शुक्ला, शैलेश टी जी 2 प्रशांत रघुवंशी, राघवेंद्र पांडेय के साथ तमाम अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।



लाइनमैन दिवस के उपलक्ष्य में लाइनमैनो को सममानित करते

# धान तौल की डेट बढ़ने के बाद भी किसानों का नहीं खरीदा जा रहा धान

**अखंड भारत संदेश**

**सिरसा।** प्रयागराज विकास खंड मेजा अंतर्गत ग्राम पंचायत भइयां,हड़गड, नेवादा सहित दर्जनों गांव के किसानों के चेहरे जो कि शासन द्वारा निर्धारित क्रय केन्द्र में धान की तौल की अन्तिम तिथि 28फरवरी 2022 बीतने पर मुरझा गये थे जैसे ही पता चला कि शासन द्वारा तौल की तिथि 7मार्च तक बढ़ा दी गयी है एक बार पुनः खिल उठे किन्तु जब क्रय केंद्र पर पहुंचे तो पता चला कि क्रय केद्रो पर ताला लटक रहा है ।ग्राम पंचायत भइयां के किसान विनोद कुमार, जितनरायन,जगनायक प्रसाद,राजेश्वरी प्रसाद आदि ने बताया कि संबंधित अधिकारियों से जब बात करने का प्रयास किया गया तो उनके द्वारा कहा जा रहा है कि तौल के लिए अभी आधिकारिक आदेश ही नहीं प्राप्त हुआ है ।किसानों का यह भी आरोप है कि पूर्व में भी जब यह क्रय केंद्र हरदिहा,हड़गड में दस दिवस तक स्थापित था, तब भी एक भी किसान के धान की तौल नहीं करायी गयी थी बल्कि मीलर की साठ-गांठ से व्यापारियों के धान की तौल सम्बन्ध मील पर ही हुई थी ।उक्त तथ्य की हकीकत जांचों-परान्त ही प्रमाणित हो पायेगी। न्याय पंचायत पथरा एवं कोहंडार के 25ग्राम पंचायत के सैकड़ो किसानों की धान क्रय केन्द्र पर तौल न होने का कारण बताते हुए जनसुनवाई फाउंडेशन के जनपद प्रभारी विवेक सिंह का कहना है कि शासन द्वारा किसानों के धान की तौल सुनिश्चित करने हेतु न्याय पंचायत स्तर पर क्रय केन्द्र स्थापित किये गये थे, जिसमें पीड्डएसड्डएफड्ड हरदिहा,हड़गड में भी तौल केन्द्र खोला गया था। जहां पर केंद्र प्रभारी द्वारा क्रमशः किसानों को पंजीबद्व कर बारी-बारी से धान लाने हेतु कहा गया था, किन्तु दस दिन के बाद उक्त केन्द्र को हटाकर मेजा में शिफ्ट किया गया था, प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो हड़गड हरदिहा में केवल 10दिवस में व्यापारियों की ही तौल हुई। बाकी किसानों की धान को क्रय केन्द्र से संबद्ध मील में तौल करायी गयी ।कुछ किसानों का अंगूठा मेजा क्रय केन्द्र में मिलर के पहल पर लगाया गया जबकि अधिकांश किसानों का अंगूठा आज तक नहीं लग पाया, न्याय पंचायत पथरा एवं कोहंडार के अंतर्गत आने वाले सैकड़ो किसानों द्वारा बार-बार सक्षम अधिकारियों सहित मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत पंजीबन्ध करायी गयी जिसमें संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा मनगढ़त रिपोर्ट लगा दी गयी। पीड़ित किसानों को जब जानकारी मिली की धान खरीद की डेट बढ़ गयी है तो पुनः सक्षम अधिकारियों तक मैराथन दौड़ लगाना शुरू किये हैं ।जब यह बात सामने आ रही है कि शासनादेश मात्र कागजी दिखावा है ।किसी भी कीमत पर किसानों की तौल नहीं हो पायेगी।



## घेराबंदी कर दो अपराधी को पुलिस ने दबोचा

**सहसों।** थाना सराय इनायत के पुलिस चौकी सहसों क्षेत्र के कसेरूआ कला गांव स्थित नहर की पुलिया के पास अपराधियों पर नकेल कसते हुए मुखबिर खास की सूचना पर सहसों पुलिस ने घेराबंदी कर दो नफर वांछित अपराधी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए अपराधियों में रोहित सोनकर पुत्र अशोक कुमार सोनकर 20 वर्ष निवासी अमरसापुर थाना सराय इनायत प्रयागराज एवं अभिषेक सिंह पुत्र विद्या भूषण सिंह 29 वर्ष निवासी अमरसापुर थाना सराय इनायत प्रयागराज। अपराधियों के पास से खान तलाशी बरामदगी में एक अदत मोटरसाइकिल तथा तीन अदत एंड्राइड मोबाइल फोन बरामद हुआ। पकड़े गए अपराधियों के विरुद्ध अपराधिक संबंधित धाराओं में निरूद्ध करते हुए लिखा पढ़ी कर मुकदमा पंजीकृत करके न्यायालय के समक्ष भेज दिया गया। गिरफ्तारी टीम में उप निरीक्षक दयाराम पुलिस चौकी सहसों, उपनिरीक्षक जितेंद्र प्रताप यादव, हेड कांस्टेबल अनिल मिश्रा, हेड कांस्टेबल शमीम अहमद खां तथा कांस्टेबल अमितोष सिंह शामिल रहे।

# ग्रामीण अंचल के खिलाड़ी भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचे हैं : लहरी भइया

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा रोड।** ग्रामीण अंचलों में खेलने वाले बहुत सारे खिलाड़ी भी अपनी लगन और कड़ी मेहनत की बदौलत राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंच कर अपने देश का नाम रोशन किया है, ये बात बरहा कला, मेजा, प्रयागराज में अंतर जनपदीय वॉलीबाल प्रतियोगता के रंगारंग उद्घाटन के दौरान पूर्वांचल के लोकप्रिय समाजसेवी एवं जिला वॉलीबाल संघ प्रयागराज के संरक्षक श्यामकांत शुक्ला उर्फ लहरी भइया ने राष्ट्रगान के बाद फीता काटकर और उद्घाटन मैच के सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के बाद कही।उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि ऐसा न समझा जाए कि केवल बड़े सुविधा संपन्न शहरों के खिलाड़ी ही आगे बढ़ पाते हैं, बल्कि गावों और छोटे कस्बों के बच्चे भी अगर ठान लें, तो उनको आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। डी वी ए समर्थित इस टूनार्मेंट में मिजार्पुर, प्रयागराज, भदोही और वाराणसी जनपद की करीब 30-32 टीमों ने प्रतिभाग किया जिसमें यमुनापार की अरई और गंगापार की जगतपुर की टीम फाइनल में पहुंच पाई। फाइनल मुकाबले में जगतपुर की टीम ने सीधे 2 सेटों में 21-18, 21-19 से अरई की टीम को हराकर ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। आयोजक योगेन्द्र पटेल ने सभी आगंतुकों, खिलाड़ियों और अतिथियों का सम्मान एवं आभार प्रकट किया। गुलाम मुस्तफा ने पूरे टूनार्मेंट की शानदार कमेंट्री प्रस्तुत की। इस अवसर पर जिला वॉलीबाल संघ प्रयागराज के महासचिव आर पी शुक्ला,अंतरराष्ट्रीय कोच एवम् स्टेट रेफरी मुकेश शुक्ला, एयर फोर्स के अजय पटेल और जयप्रकाश, आईटीबीपी के राजेन्द्र पटेल, लोको पायलट सूरज पटेल, पूर्व प्रधान जयनारायण विश्वकर्मा, प्रवक्ता रामरक्षा पटेल, भाजपा नेता मोहित मिश्रा, अष्टविनायक कंस्ट्रक्शन के एमडी हेमंत तिवारी, ब्राह्मण सेवा संरक्षक संघ के जिला अध्यक्ष रुद्र तिवारी रमेश, विष्णु प्रकाश, कुलदीप सिंह के साथ आस पास के हजारों ग्रामीण मौजूद थे।



## खबर संक्षेप

### कथा श्रवण मात्र से ही मुक्ति का मार्ग मिलता है

**सहसों।** सांसारिक भवसागर से पार होना है तो संकीर्तन, आध्यात्म चिंतन एवं भगवत कथा का श्रवण ही मुक्ति मार्ग का एकमात्र उपाय है। सिंगरामऊ गांव में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिवस पर कथा व्यास आचार्य पंडित सत्य वृत राम जी महाराज ने श्रीमद् भागवत कथा के महत्व को बताते हुए कहा कि श्रीमद् भागवत कथा सुनने से प्रत्येक मनुष्य जीवन के मुक्ति का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने कहा आध्यात्मिक एवं पारिवारिक सुख समृद्धि एवं कष्टों के निवारण के लिए हर मनुष्य को श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण मात्र से परमानंद की प्राप्त होता है।

श्रीमद् भागवत कथा के पूर्व शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई जिसमें पीत वर्ण वस्त्र धारण कर भक्त महिलाएं कलश लेकर मंगल गीत गाती चल रहीं थीं। पूरे गांव में भ्रमण के पश्चात मंडप में वेदी की वैदिक पूजन हुआ तथा सायंकाल श्रीमद् भागवत कथा का रसपान भक्तों ने किया। कथा के विश्राम पर मुख्य यजमान रामअभिलाष शुक्ल एवं प्रेमा देवी ने व्यासपीठ एवं आवाहित देवताओं की आरती उतारी तत्पश्चात प्रसाद का वितरण हुआ।

# खाद्य तेल लदा ट्रक फ्लाईओवर से नीचे गिरा चालक व खलासी की मौत, एक घायल

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** हंडिया कोखराज हाईवे पर नवाबगंज के नेम तिवारीपुर गांव के सामने खाद्य तेल से लदा ट्रक फ्लाईओवर तोड़ते हुए नीचे गिर गया। हादसे में ट्रक मालिक और खलासी की मौत हो गई। चालक की हालत बेहद गंभीर बनी हुई है। वहीं लाखों का तेल सड़क पर ही बह गया।राजस्थान के नाहरगढ़ का रहने वाला ट्रक मालिक पप्पू नागर गाड़ी में खाद्य तेल लादकर रांची के लिए निकला था। ट्रक लखन चला रहा था। खलासी चेतन भी गाड़ी में मौजूद था। जब ट्रक कोखराज हाईवे स्थित नेम तिवारी का पूरा गांव के सामने पहुंचा तो अचानक चालक संतुलन खो बैठा।ट्रक फ्लाईओवर तोड़ते हुए नीचे जा गिरा। ट्रक मालिक पप्पू नागर (40) की मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल चालक लखन व खलासी चेतन को स्वरूप रानी अस्पताल में दाखिल कराया गया। इलाज के दौरान चेतन को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। लखन की हालत गंभीर बनी हुई है।

### घंटों मशक्कत के बाद चालक को निकाला गया

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि चालक स्टेयरिंग में फंस गया था। सूचना पर नवाबगंज पुलिस मौके पर पहुंची। कई घंटे की मशक्कत के बाद क्रेन के जरिए ट्रक को सीधा कराया गया। इसके बाद ट्रक की केबिन में चीख रहे ट्रक चालक को बाहर निकालकर अस्पताल भिजवाया गया। इस दौरान लाखों रुपये का तेल बह गया। सूचना मिलते तीनों के घर वाले प्रयागराज के लिए रवाना हो गए।



फ्लाई ओवर से गिरा ट्रक, बिखरा सामान

# 27 लाख के खाद्यान्न के गबन में सीडीपीओ के खिलाफ एफआईआर

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** होलागढ़ में सूखा राशन के वितरण में गबन की पुष्टि के बाद सीडीपीओ के खिलाफ होलागढ़ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। जिस ट्रक से राशन को बेचने के लिए दुकान तक पहुंचाया गया था, उसके ड्राइवर के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज किया गया है ' होलागढ़ में आंगनबाड़ी केंद्रों को दिए जाने वाला नवंबर माह का सूखा राशन गोदाम पर नहीं पहुंचा था। शिकायत के बाद प्रारंभिक जांच में राशन बेचे जाने की बात सामने आई थी । जिसके बाद डीएम के निर्देश पर दो सदस्यीय जांच कमेटी गठित की गई थी।जांच में पाया गया है कि आरोपी सीडीपीओ रामजन्म यादव ने प्रतापगढ़ की एक दुकान पर पूरा राशन बेच दिया था। जिसमें दलिया, मिश्रित आटा आदि कई खाद्य वस्तुएं शामिल थीं। अफसरों के मुताबिक सीडीपीओ ने जांच के दौरान गड़बड़ी कुबूल कर ली थी। जांच टीम ने आरोपी के अलावा होलागढ़ कार्यालय पहुंचकर सभी पक्षों से पूछताछ भी की थी।शुक्रवार को जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रयागराज पंकज कुमार मिश्र की तहरीर पर सीडीपीओ रामजन्म यादव व सोनू निषाद ट्रक ड्राइवर घूरपुर प्रयागराज के खिलाफ केस दर्ज किया गया । सोनू निषाद के ट्रक से ही राशन ले जाकर दुकान तक पहुंचाया गया था। होलागढ़ थाना प्रभारी अमित सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर लिया गया है। अब विवेचना की जाएगी।

# 1196 कर्मचारी करवाएंगे मतगणना, छह और नौ मार्च को दिया जाएगा प्रशिक्षण

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** विधानसभा चुनाव के उपरांत प्रशासन ने मतगणना की तैयारी शुरू कर दी है। जनपद की दर्जनभर विधासभाओं में मतों की गिनती के लिए कुल 1196 मतगणना कर्मी लगाए जाएंगे। इन कर्मचारियों को छह और नौ मार्च को (क्रमशः प्रथम व द्वितीय चरण में) प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके पूर्व पांच मार्च को मास्टर ट्रेनर को प्रशिक्षित किया जाएगा।

मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी (कार्मिक) शिपू गिरि ने बताया कि मतगणना के कार्य को सकुशल संपन्न करवाने के लिए कुल 1196 मतगणना कार्मिक लगाए जाएंगे। इन्हे छह मार्च को प्रथम और नौ मार्च को द्वितीय प्रशिक्षणदिया जाएगा। इसकी तैयारी की जा रही है। मतगणना कार्मिकों का प्रशिक्षण शिविर बिशप जानशन गर्ल्स स्कूल एंड कालेज में आयोजित किया जाएगा। उक्त प्रशिक्षण में सभी कार्मिकों की उपस्थिति अनिवार्य है।

सीडीओ ने बताया कि मतगणना कार्मिकों को प्रशिक्षण दिए जाने से पहले मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षित किया जाना है। 1196 मतगणना कार्मिकों को प्रशिक्षण देने के लिए 70 मास्टर ट्रेनर लगाए गए हैं। इन मास्टर ट्रेनर्स को पांच मार्च को पूर्वाह्न 11 बजे से डेढ़ बजे तक जिला पंचायत सभागार में प्रशिक्षण दिया जाएगा। सीडीओ ने कहा कि सभी मास्टर ट्रेनर्स, जिला पंचायत सभागार में होने वाले प्रशिक्षण शिविर में भाग लेना सुनिश्चित करें।

**प्रशिक्षण में सभी कार्मिको की उपस्थिति अनिवार्य है**

**मतगणना कार्मिको को प्रशिक्षण से पहले मास्टर ट्रेनरो को किया जाना है प्रशिक्षित : सीडीओ**

# आंखों देखी घटनाओं को सांझा करने से मिलती है सचेत रहने की सीख : संजय कुदेशिया

## 51वें राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस पर इफको ने ली सुरक्षा विधियों को अपनाने की शपथ

अखंड भारत संदेश

**फूलपुर।** हम सबको सुरक्षा का ध्यान स्वयं से शुरू करना होगा। जिससे दुर्घटना के प्रति हम अत्यंत सचेत हो सकें साथ ही सभी कार्मचारियों को कार्यस्थल पर हैलमेट,दस्ताने,सेफ्टी जूते आदि सुरक्षा उपकरण भी अवश्य पहनना चाहिए। उक्त बातें राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के अवसर पर शुक्रवार को इफको के कार्यकारी निदेशक व इकाई प्रमुख संजय कुदेशिया ने अग्नि एवं सुरक्षा विभाग द्वारा आयोजित 51वें राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए कही। आँखो देखी दुर्घटना या फिर अपने साथ घटी दुर्घटना को अन्य लोगों से चर्चा करने की सलाह देते हुए उन्होंने कहा कि ऐसा करने से भविष्य में सावधानी बढ़ेगी और अन्य लोग सचेत रहेंगे। इसके पहले उन्होंने अग्नि एवं सुरक्षा विभाग में सुरक्षा ध्वजारोहण कर सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सुरक्षा की शपथ दिलाई। युवा मस्तिष्क का पोषण-सुरक्षा संस्कृति विकसित करें₹ बिषय पर विशेषज्ञों ने सुरक्षा विधियों व अन्य महत्वपूर्ण तथ्यों पर अपने विचार व्यक्त किए। इफको की उपलब्धियों पर विस्तृत चर्चा करते हुए प्रबंधक (अग्नि एवं सुरक्षा) अनिल कुमार यादव ने बताया कि इस वर्ष 'ग्रीन टेक सेफ्टी अवॉर्ड' इफको फूलपुर इकाई को सुरक्षा उपकरणों के ध्यान रखने की वजह से मिला है। उन्होने कहा कि दुर्घटना रहित शटडाउन कार्य प्रगति पर है जो की हमारी उपलब्धि है। संयुक्त महाप्रबंधक (उत्पादन) संजय भंडारी ने राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस की पृष्टभूमि के बारे में बताते हुए कहा कि कि 4 मार्च 1972 को राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद, श्रम और रोजगार मंत्रालय के अधीन स्थापना किया गया जिसका उद्देश्य कार्यस्थल में सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करना है। उन्होने बताया कि अग्नि एवं सुरक्षा विभाग हर सप्ताह स्कूलों, संयंत्र, अन्य कार्यस्थलों पर अलग-अलग कार्यक्रम करता है। सभी कंट्रोल रूम में एयर डिस्पेंसर लगाया गया है। इस दौरान सुरक्षा एवं स्वच्छता का ध्यान रखने वाले विभाग एवं विभिन्न प्रतियोगिता में भाग लेने वाले कार्मचारियों को पुरस्कृत भी किया गया। अच्छी गृह रख रखाव व्यवस्था प्रतियोगिता जोन अ (1)यूरिया-2 , (2) अमोनिया-2 जोन इ (1) प्रयोगशाला, (2) अग्नि एवं सुरक्षा जोन उ (1)पावर प्लांट, (2) परिवहन जोन ऊ (1)कार्मिक एवं प्रशासन (2) क्रय विभाग के बीच हुआ। सुरक्षा नारा प्रतियोगिता के बिषय रासायनिक संयंत्र में सुरक्षा,सड़क सुरक्षा,सुरक्षा नियमों का पालन प्रतियोगिता में आकाश कुमार गुप्ता,गौरव श्रीवास्तव मणि प्रसाद मिश्र,सुरश कुमार सिंह, व सर्वेश सिंह को पुरस्कृत किया गया। वहीं सुरक्षा पोस्टर प्रतियोगिता के विषय-शट डाउन के समय सुरक्षा एवं बचाव पर बेहतर प्रदर्शन के लिए शशि कान्त मिश्र,सुनील कुमार नीतू सिंह,सुबोधना शर्मा व अंकिता कुमारी को पुरस्कृत किया गया। सुरक्षा निबंध प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने पर नीतू सिंह,शशि कान्त मिश्र,संतोष कुमार सिंह,विनोद कुमार यादव व अजय कुमार पुरस्कृत हुए। कार्यक्रम का कुशल संचालन विकास कुमार व धन्यवाद ज्ञापन प्रबंधक अग्नि एवं सुरक्षा अनिल कुमार यादव ने किया। कार्यक्रम में दानवीर सिंह उप महाप्रबंधक का0 एवं प्रशा. संयुक्त महाप्रबंधक क्रमशः ए.पी. राजेंद्रन, एम.डी.मिश्र, के मोहन राव,संजय वैश्य, ड. अनीता मिश्रा, पी.के.सिहं, पीके पटेल, कर्नल दिनेश सिंह,लेखा विभाग प्रमुख एसके सिंह, इफको ऑफीसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय कुमार मिश्र व महामंत्री स्वयं प्रकाश तथा इफको कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पंकज पाण्डेय एंव महामंत्री विनय यादव के साथ ही इफको के अन्य वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।





राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस पर उपस्थित अधिकारियों को सम्बोधित करते इकाई प्रमुख संजय कुदेशिया व विभिन्न प्रतियोगिताओं के पुरस्कृत प्रतिभागी

# डॉक्टर बनने का अधूरा सपना लिए वतन लौटे आदिल

## यूक्रेन और रोमानिया में एक हफ्ते फंसे रहे, शुक्रवार सुबह उतरे दिल्ली एयरपोर्ट

अखंड भारत संदेश

**पसना।** कोरांव के प्रतिष्ठित इलेक्ट्रॉनिक व्यवसायी मो.आफाक खान उर्फ राजू भाई के छोटे लाडले आदिल खान 2019 में डॉक्टर बनने के अरमानों के साथ अपने वतन से हजारों मील दूर यूक्रेन गये थे। आदिल यूक्रेन के इवानो फ्रेंकविस्क शहर के नेशनल मेडिकल यूनिवर्सिटी में एम.बी.बी.यस. तृतीय वर्ष के छात्र थे। आदिल के पिता राजू भाई ने बताया कि आज सुबह4 बजे मेरा बेटा रोमानिया के बुखारेस्ट हवाई अड्डे से इंडिगो के विमान से दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा, सफर की लम्बी थकान के कारण फिलहाल वह अभी दिल्ली में ही अपने चाचा के घर पर है,कल दोपहर तक वह कोरांव आ जायेगा।दिल्ली से फोन पर हुई बातचीत में आदिल ने बताया कि 24 फरवरी को युद्ध शुरू होने के एक दिन पहले तक हम लोगों ने क्लास ज्वाईन किया था,24 को हमारी ऑनलाईन क्लासेज चली। इवानो शहर पर भी गोले गिरने से दहशत के साये में हमने रात गुजारी।मेरे साथ रूममेट के रूप में दो भारतीय छात्र और थे। 25 की सुबह हम सब भारतीय छात्र बस द्वारा इवानो से रोमानिया बार्डर की लगभग 400 किमी की दूरी तय करते हुए और कड़ाके की ठंड में 20 किमी पैदल चलकर बार्डर पर पहुँचे। रोमानिया बार्डर पर 25 ता. की शाम से 27 ता. की सुबह तक 36 घण्टे बिना खाये-पिये भारी भीड़ के साथ रुकने के बाद 10-10 छात्रों के ग्रुप में रोमानिया देश में प्रवेश मिला। बार्डर पर भारतीय दूतावास के अधिकारियों ने चाय पिलाने के बाद हमें वहाँ के स्थानीय स्टेडियम में रुकवाया।एक दिन बाद वहां से बस द्वारा ले जाकर हमें बुखारेस्ट एयरपोर्ट के नजदीक रखा गया।दुर्भाग्य से मेरे दोनो रूममेट बार्डर पर अलग ग्रुप के कारण मुझसे बिछड़ गये।3 मार्च को सुबह वतन वापसी हेतु जब अधिकारियों ने एयरपोर्ट ले जाने की बात बतायी तो सब के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ गयी। बृहस्पतिवार शाम 7 बजे बुखारेस्ट से उड़कर टर्की के रास्ते आज सुबह 4 बजे हम इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरे।दिल्ली में उ.प्र. के चार छात्रों को अधिकारियों ने रिसीव कर हमें उ.प्र. भवन ले जाया गया।वहां पर मेरे चाचा के आने पर मैं उनके घर आ गया हूं,अब कल तक घर आ पाऊंगा।



दिल्ली में चाचा और उनके बच्चों के साथ आदिल खान

आदिल के पिता राजू भाई ने बताया कि जब से रूस-यूक्रेन का युद्ध शुरू हुआ तब से ही बेटे को और अन्य भारतीय छात्रों को लेकर दिल चिंतित था।आदिल से फोन पर बात हो जाती थी तो मन को शुकून मिलता था।बार्डर पर जब 36 घण्टे सम्पर्क नहीं हो पाया तब पूरे घर वाले चिंतित हो गये। ऊपर वाले कृपा एवं सब की दुआओं से मेरा बेटा वतन लौट आया,इसके लिए भारत सरकार का दिल से आभारी हूं।



आदिल के पिता राजू भाई

### पति से झगड़े के बाद विवाहिता ने दी जान, प्रतियोगी छात्र भी फांसी पर लटका

**प्रयागराज।** करेली के नया पुरवा में रहने वाली 32 वर्षीय महिमा ने घर के भीतर फांसी लगाकर जान दे दी। मृतका के भाई ने पति पर आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में केस दर्ज कराया। जिस पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।मृतका मूल रूप से कौशाम्बी के भरवारी की रहने वाली थी और उसकी शादी 11 साल पहले नवल किशोर केसरवानी से हुई थी जो प्राइवेट शिक्षक है। उनके दो बच्चे भी हैं। बृहस्पतिवार शाम महिमा ने फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर पुलिस पहुंची और जांच पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबिक, जांच पड़ताल में यह बात सामने आई कि किसी बात से नाराज होकर पति ने मृतका को थप्पड़ मार दिया था।इसके बाद ही वह कमरे में चली गई और दरवाज बंद कर लिया। बहुत देर तक बाहर नहीं आने पर पति ने दरवाजा खुलवाना चाहा लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। खिड़की से झांककर देखने पर वह फांसी पर लटकी मिली। मृतका के भाई आदित्य ने आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में पति के खिलाफ केस दर्ज कराया। एसओ ने बताया कि उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

### अनुचित आदेश पर ही विशेष अपील करने की दी जा सकती है अनुमति : हाईकोर्ट

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि निचली अदालत के फैसले के खिलाफ विशेष अपील की अनुमति सीआरपीसी की धारा 378 के तहत तभी दी जा सकती है जब न्यायाधीश का बरी करने का विचार अनुचित हो।कोर्ट ने कहा कि दोषी व्यक्ति को उचित संदेह से परे अपराध स्थापित होने पर दंडित करना अदालत का कर्तव्य है और जब यह स्थापित नहीं होता है तो आरोपी को बरी करना भी कर्तव्य है। यह आदेश न्यायमूर्ति मोहम्मद ने हबीबी की याचिका को खारिज करते हुए दिया है।मामले में आजमगढ़ की हबीबा ने न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष इस आशय का आवेदन किया था कि उसकेपति और ससुराल वाले दहेज की मांग कर शारीरिक रूप से प्रताड़ित कर रहे हैं। हबीबा के आवेदन को शिकायत के रूप में माना गया।मामले में सुनवाई के बाद निचली अदालत ने आरोपियों को बरी कर दिया। हबीबा ने निचली अदालत केफैसले को चुनौती देने केलिए जिला अदालत से स्वीकृति मांगी लेकिन जिला अदालत ने अपील दाखिल करने की स्वीकृति नहीं दी।इस पर हबीबा ने हाईकोर्ट में सीआरपीसी की धारा 378 केतहत याचिका दाखिल कर निचली अदालत केफैसले को चुनौती देने के लिए स्वीकृति मांगी लेकिन हाईकोर्ट ने सुनवाई के बाद याचिका को खारिज कर दिया। हाईकोर्ट ने कहा कि निचली अदालत द्वारा बरी करने का आदेश न्यायोचित है। लिहाजा, उसने याचिका को खारिज कर दिया।



# भारतीय किसान कल्याण संघ की बैठक बबुरा में संपन्न

अखंड भारत संदेस

**करछना।** किसानो के लिए हमेशा संघर्ष करेगा संघ यह उद्गार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवनेश उपाध्याय ने तरहार किसान चौपाल बबुरा में बतौर मुख्य अतिथि कहीं। ने कहा कि आज किसानों की दशा इतनी गहरी हो गई कि उनकी सुनने वाला कोई नहीं है परंतु अब चिंता करने की बात नहीं संगठन उनकी हर बात को सुनने एवं उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए विकल्प के रूप में तैयार है। संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंजीनियर सुरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि किसान बदहाली के दौर से गुजर रहा है, संगठन मजबूत करने से ही किसानो का भला होगा। संघ के राष्ट्रीय महासचिव संतोष त्रिपाठी संत जी ने कहा कि अब किसानो को गंभीरता से संघ के माध्यम से एक होना पड़ेगा,तभी देश का किसान बदहाली से उपर उठ सकता है।ज्यादातर वक्ताओं ने किसान कल्याण संघ को राजनीतिक रूप से देश या प्रदेश में प्रतिस्थापित करने की बात कही,और कहा कि जब तक सरकार में किसानो का प्रतिनिधित्व नहीं होगा तब तक किसानो का विकास संभव नहीं है। निर्मल कुमार सिंह उर्फ पिंटु ग्राम प्रधान बबुरा ने किसान चौपाल की अध्यक्षता की। जिसमें मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र मिश्रा, प्रदेश सचिव अमित द्विवेदी ,यमुनापार प्रभारी लक्ष्मी शंकर यादव जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश शुक्ला, सामाजिक कार्यकर्ता संतोष पाण्डेय जी, राय साहब पांडेय जी, शिव लखन यादव, महेंद्र यादव, विकास मिश्रा, विनोद पटेल, भाई लाल यादव, सामाजिक कार्यकर्ता अरुण तिवारी सहित लगभग ढाई सौ सक्रिय किसान कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अन्त में सभी ने किसान एकता का संकल्प लिया।

# इलाहाबाद विवि : ऑनलाइन परीक्षाओं के लिए जमा हुए हजारों फॉर्म

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** ऑनलाइन परीक्षाओं के पक्ष में फॉर्म जमा करने के लिए शुक्रवार को इलाहाबाद विश्वविद्यालय (इविवि) और संघटक महाविद्यालयों में छात्र-छात्राओं की भीड़ उमड़ पड़ी। हजारों की संख्या में छात्र-छात्राओं ने अपने आवेदन जमा किए। फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 10 मार्च है और इसके बाद निर्णय लिया जाएगा कि परीक्षाएं ऑनलाइन मोड में होंगी या ऑफलाइन मोड में आयोजित की जाएंगी।रजिस्ट्रार की ओर से बृहस्पतिवार को सूचना जारी की गई थी कि इविवि एवं संघटक महाविद्यालयों के जो छात्र ऑनलाइन परीक्षाओं के पक्ष में हैं, वे अपना आवेदन 10 मार्च तक जमा कर सकते हैं। इविवि के विद्यार्थियों को चीफ प्रॉक्टर कार्यालय और कॉलेजों के छात्र-छात्राओं को अपने महाविद्यालयों में फॉर्म जमा करने के लिए कहा गया था।शुक्रवार सुबह से ही विश्वविद्यालय और कॉलेजों में फॉर्म जमा करने के लिए छात्र-छात्राओं की भीड़ उमड़ी पड़ी। चीफ प्रॉक्टर कार्यालय में कई कांउटर खोलने पड़े, इसके बावजूद दोपहर तक लंबी लाइन लगी हुई थी। कोई विद्यार्थी डीएसडब्ल्यू कार्यालय की सीढ़ियों पर बैठकर तो कोई अपने विभाग में बैठकर आवेदन लिख रहा था।

**ज्यादातर छात्र ऑनलाइन परीक्षा के पक्ष में**

ज्यादातर विद्यार्थियों के हाथ में आवेदन नजर आए। छात्र-छात्राओं ने अपने आवेदन में यह भी स्पष्ट किया कि वे ऑनलाइन परीक्षाओं के पक्ष में क्यों हैं। उन्होंने आवेदन में यही लिखा था कि जब पूरे साल ऑनलाइन कक्षाएं संचालित की गईं तो परीक्षाएं भी ऑनलाइन होनी चाहिए।कई छात्रों ने अन्य केंद्रीय विश्वविद्यालयों का उदाहरण दिया, जहां ऑनलाइन परीक्षाएं कराई गईं। छात्र नेता अजय यादव सम्राट का दावा है कि अकेले विश्वविद्यालय में ही ऑनलाइन परीक्षाओं के पक्ष में पांच हजार से अधिक आवेदन आए हैं।सीएमपी के प्राचार्य डॉ. बृजेश कुमार के अनुसार कॉलेज में तीन हजार से अधिक आवेदन आए हैं। ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज में 2016 आवेदन आए, जबकि इलाहाबाद डिग्री कॉलेज में 500 छात्र-छात्राओं ने आवेदन किए। श्यामा प्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय में भी बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने ऑनलाइन परीक्षाओं के पक्ष में आवेदन किए।

**आंदोलन की जगह आवेदन करने में व्यस्त रहे विद्यार्थी**

ऑनलाइन परीक्षाओं की मांग को लेकर बृहस्पतिवार को हुए बवाल के बाद शुक्रवार को परिसर में धरना-प्रदर्शन नहीं हुआ। हालांकि ज्यादात छात्र-छात्राएं ऑनलाइन परीक्षाओं के लिए आंदोलन की जगह आवेदन लिखने और उसे जमा करने में व्यस्त रहे। पूरा दिन फॉर्म जमा करने के लिए लाइन में इंतजार करते बीत गया।

**पुराछात्रों की मांग, वापस हो कार्रवाई**

इलाहाबाद यूनिवर्सिटी फैमिली के तहत पुराछात्रों ने चीफ प्रॉक्टर को पत्र लिखकर मांग की है कि छात्रों पर दर्ज मुकदमे और उनके खिलाफ हुई निलंबन एवं निष्कासन की कार्रवाई वापस ली जाए। पुराछात्र एवं इलाहाबाद यूनिवर्सिटी फैमिली के संस्थापक अंकित द्विवेदी ने चीफ प्रॉक्टर को लिखे पत्र में कहा है कि इविवि के पुराछात्र यहां पढ़ने वाले छात्रों के सीनियर एवं अभिभावक भी हैं। अपने अनुजों को हम संवाद के माध्यम से समझाने का प्रयास करें। इसमें मुकदमे का कोई स्थान नहीं होना चाहिए। छात्र-छात्राओं की मांगों को लंबित रखना भी शोभा नहीं देता। छात्रों के खिलफ कार्रवाई की करने की जगह पहले उनके अभिभावकों से बात करनी चाहिए। छात्रों का भविष्य बर्बाद न हो, इसलिए उन पर दर्ज मुकदमे और निलंबन एवं निष्कासन की कार्रवाई वापस होनी चाहिए।

### प्रतियोगी छात्र ने दी जान

**प्रयागराज।** कीडगंज में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले आलोक कुमार (32) ने फांसी लगा ली। मधवापुर निवासी पप्पू लाल की पत्नी विद्यावती रिटायर रेलवे कर्मचारी हैं। शुक्रवार सुबह उनका बेटा आलोक फांसी पर लटका मिला। करीब दो घंटे बाद परिवार के लोग पहुंचे तो उन्हें जानकारी हुई।एसओ मनोज यादव के मुताबिक, परिजनों ने बताया है कि उसकी मानसिक हालत ठीक नहीं थी। इलाज भी चल रहा था। परिजनों ने यह भी बताया कि मृतक कुछ समय पहले तक प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करता था। वह सहायक वैज्ञानिक और एआरओ की परीक्षा पास भी कर चुका था। लेकन मौजूदा वक्त में उसकी मानसिक हालत ठीक नहीं थी।


## सूचना

सूचित किया जाता है की मैं कुसुम पुत्री बसंत लाल सोनकर निवासी 131 कनिहार झूंसी इलाहाबाद प्रयागराज की निवासी हूं हमारा नाम पैन कार्ड में रामकली हो गया था जो गलत है सही नाम कुसुम पुत्री बसंत लाल सोनकर है जो भविष्य में हमको इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

# बेटी तुम रानी नहीं मदार्नी होकर आना

## कवि सम्मेलन के साथ संपन्न हुआ श्रीराम जानकी महोत्सव

अखंड भारत संदेश

**रानीगंज, प्रतापगढ़।** त्रिदिवसीय श्रीराम जानकी महोत्सव बड़े धूमधाम से संपन्न हुआ। यहां आयोजित कवि सम्मेलन में देश के जाने-माने कवियों ने अपने काव्य पाठ से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं हजारों की संख्या में उपस्थित लोगों ने महाप्रसाद ग्रहण कर मंदिर में श्रीराम जानकी का दर्शन पूजन भी किया।

बता दें कि रानीगंज बरहदा गांव निवासी समाजसेवी पंकज मिश्र द्वारा गांव में ही भव्य श्रीराम जानकी मंदिर की स्थापना कराई गई है। इस बार भी त्रिदिवसीय महोत्सव का आयोजन हुआ। महोत्सव के आखिरी दिवस कवि सम्मेलन की शुरूआत श्रृंगार रस की कवित्री मीरा तिवारी ने मां सरस्वती की वंदना से की। इसके बाद इटावा से आए वीर रस के कवि अजय शुक्ला अंजाम ने देशभक्ति की कविताओं से लोगों का हृदय झकझोर दिया। उन्होंने राणा प्रताप और उनके अश्व चेतक की वीरता का गाना अपनी रचनाओं से किया। इसके बाद आगरा की कवित्री डॉ रुचि चतुर्वेदी के श्रृंगार रस के गीतों से पंडाल राममय हो गया। वीर रस की कविताओं से साक्षी तिवारी ने समाज में बेटी की महत्ता का वर्णन किया। अपने हाव-भाव और व्यंगात्मक हास्य रचनाओं से प्रयागराज के सुप्रसिद्ध कवि अखिलेश द्विवेदी ने लोगों को खूब गुदगुदाया। उनकी हर एक रचनाओं पर दर्शकों की खूब तालियां बजाए। प्रतापगढ़ के वरिष्ठ कवि दयाशंकर शुक्ल हेम ने वीर रस की रचनाओं से भ्रष्टाचार पर धावा बोला। कार्यक्रम के संचालक रीवा मध्य प्रदेश से पधारे युवा कवि अमित शुक्ला ने अपनी रचनाओं से बेटी का पिता होने का जिक्र किया। उन्होंने पढ़ा कि बेटी रानी नहीं मदार्नी होकर आना। देर रात तक चले कवि सम्मेलन में उपस्थित लोगों ने तालियों से कवियों का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम के आयोजक पंकज ने कवियों सहित अतिथियों को सम्मानित किया।



मां सरस्वती के चित्र पर दीया जलाते आयोजकगण।

## गिरफ्तारी न होने पर विहिप व बजरंग दल ने किया प्रदर्शन

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** दो दिन पहले जिला मुख्यालय बेल्हा देवी मंदिर के दर्शन कर लौट रही विवाहिता के साथ छेड़खानी करने के बाद उसके पति द्वारा विरोध करने पर शोहदों द्वारा पिटाई करने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया लेकिन आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर विश्व हिंदू परिषद तथा अखिल भारतीय परिषद ने कोतवाली व प्रदर्शन किया। बता दें कि दो दिन पहले भरोखन गांव के दीपक तिवारी अपनी पत्नी तथा रिश्तेदार के साथ बेल्हा देवी दर्शन करने गए थे। लौटते समय पट्टी घोसियान मोहल्ले के रहने वाले दो युवकों ने पहले छेड़खानी करते हुए और बाद में उसके पति दीपक की पट्टी नगर में जमकर पिटाई की। इस मामले में पुलिस ने सम्बंधित धाराओ में मामला दर्ज किया लेकिन गिरफ्तारी न होने से विश्व हिंदू परिषद के कार्यकताओं ने तहसील प्रशासन को कार्रवाई के लिए ज्ञापन सौंपा कोतवाली गेट पर नारेबाजी के दौरान वरिष्ठ उपनिरीक्षक राधेश्याम सिंह सचिन कुमार समेत अन्य पुलिसकर्मी मौके पर मौजूद रहे। मौजूद पुलिसकर्मियों ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है और दबिश दी जा रही है। विश्व हिंदू परिषद के प्रदर्शन की अगुवाई जिला उपाध्यक्ष विमल सिंह ने किया मौके पर अतुल पुजारी, बबलू तिवारी हरी भूषण समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एसपी ने कोतवाली का किया औचक निरीक्षक, एसओ तथा सीओ की नामौजूदगी पर जतायी नाराजगी

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जिले के एसपी सतपाल अंतिल ने शुक्रवार को स्थानीय कोतवाली का दोपहर बाद औचक निरीक्षण किया। एसपी के अचानक कोतवाली पहुंचते ही हड़कम्प मच गया। एसपी को जैसे ही जानकारी मिली कि थानाध्यक्ष परिसर में मौजूद नहीं है वह नाराज हो उठे। पुलिस कप्तान ने सीओ की लोकेशन पता कराई तो जानकारी हुई कि वह भी कार्यालय में नहीं है। हालांकि कप्तान की मौजूदगी रहते रहते सीओ आनन फानन में कोतवाली पहुंच गए। एसपी सतपाल अंतिल ने क्षेत्र में पुलिस गश्त को पूर्वत सक्रिय बनाए रखने के साथ मतदान बाद शान्ति व्यवस्था के हालात की भी समीक्षा की। एसपी ने एक विद्यालय की बस सेवा के चालक व परिचालक के साथ हुई मारपीट की घटना में अभी तक एफआईआर दर्ज न होने पर भी नाराजगी जताई। थानाध्यक्ष को घटना की जांचकर समुचित कार्रवाई के निर्देश दिए।

## नहीं रहे बांसुरी वादक गोकुल प्रसाद पाण्डेय, प्रतापगढ़ हुआ शोकातुर

अखंड भारत संदेश

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** बांसुरी की सुरीली धुन से देश प्रदेश के बड़े बड़े मंचों पर प्रतापगढ़ का गौरव बढाने वाले गोकुल प्रसाद पाण्डेय की प्रतिभा संगीत की दुनिया में लगभग 80 दशक तक अलौकिक छटा बिखेरने के बाद अचानक शनिवार को शांत हो गई।

आपके बता दें कि प्रतापगढ़ के हथिगवां थाना क्षेत्र स्थित किलहनापुर गांव में जन्में गोकुलप्रसाद पाण्डेय अपने परिवार के बड़े बेटे थे और बचपन से ही बांसुरी बजाने के शौकीन थे. परिवार के सभी दायित्वों का निर्वहन करते हुए संगीत की सेवा में जुटे रहें विशेष बात ये है बिना किसी आर्थिक आकांक्षा के देश प्रदेश के नामी मंचों पर प्रतापगढ़ का नाम रौशन किया। अपनी संयमित दिनचर्या के कारण 90 वर्ष की आयु में भी प्रतापगढ़ किलहनापुर अपने गाँव से प्रयागराज संगम यात्रा खुद साइकिल चलाकर पूरी करने वाले गोकुलप्रसाद पाण्डेय युवाओं के लिए नजीर थे. 90 वर्ष की आयु में धाराप्रवाह सुरीली बांसुरी बजाना एक असाधारण कार्य था। बजरंग सेना विधानसभा अध्यक्ष विष्णु जी महराज ने शोक व्यक्त करते हुए बताया कि प्रतापगढ़ के गौरव वंशी वाले,चिर यात्रा पर चले गए वे हमारे पूज्यनीय गुरु थे उनके जाने से वंशीवादन कला के क्षेत्र में एक खालीपन महसूस हो रहा है। क्षेत्र के संकटमोचन धाम के महंत बालयोगी जी महराज, बजरंग सेना तहसील अध्यक्ष विवेक महराज, रौनक पाण्डेय, अधिवक्ता शिवचरन त्रिपाठी, सौरव पाण्डेय, राजेश पाण्डेय, विमल बजरंगी,तपस्विनी माता ललिता देवी बजरंग सेना महिला मोर्चा अध्यक्ष बंदना देवी, साध्वी दिव्या देवी, अंकित त्रिपाठी, पंडित चन्द्रभान पाण्डेय, आचार्य अनंत, मानस कुमार, शुभम त्रिपाठी, कुलदीप मिश्र, रीशू पंडित, अजय कुमार, सुधीर यादव, आनंद लकी, अनुराग, अविनाशचन्द्र पाण्डेय आदि सैकड़ों शुभचिन्तको ने शोक संवेदना व्यक्त की है।



बांसुरी वादक गोकुल प्रसाद (फाइल फोटो)

# एलआईसी ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले अभिकर्ता व समाजसेवियों को किया सम्मानित

## आर्य स्मृति दिवस पर अभिनंदन समारोह का हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** भारजीय जीवन बीमा निगम के विकास अधिकारी राजीव कुमार आर्य के संयोजन में यूनिट का शैक्षिक सेमिनार एवं कर्म योगी महावीर प्रसाद आर्य सम्मान समारोह होटल शशांक में आयोजित हुआ। उक्त समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले एवं उपलब्धि वाले अभिकर्ता एवं वरिष्ठ समाजसेवियों को ट्राफी तथा नगद धनराशि देकर अलंकृत किया गया।

यूनिट के विकास अधिकारी ने अपने पूज्य पिता की स्मृति में जारी बीमा प्रतियोगिता का परिणाम घोषित करते हुए विजयी प्रतिभागियों को बधाई दी एवं आवाहन किया कि वित्तीय वर्ष के अंतिम माह मार्च की व्यवसाय गतिविधियों की रूपरेखा तय की। आवाहन किया कि इस वित्तीय वर्ष में जारी प्रतियोगिताओं तथा क्लब मेंम्बर सदस्यता पर जोर देते हुए अधिकतम अभिकर्ता को क्लब मेंबर बनने के गुण सिखाये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैलाश नाथ रावत मुख्य शाखा प्रबंधक प्रतापगढ़ (भा0जी0बी0निगम) ने यूनिट के कर्मठ कर्मवीरों से आवाहन किया कि यूनिट एवं निगम की जारी विभिन्न प्रतियोगिताओं में अधिकतम पुरस्कार जीतकर यूनिट तथा शाखा का नाम रोशन करें। अभिकर्ता क्लब सदस्य एवं अपनी आय पर विशेष ध्यान दें। सहायक शाखा प्रबंधक विनय मिश्रा ने कहा कि आज के अवसर का भरपूर लाभ उठाते हुए कर्मठ आर के आर्य को मार्च में नंबर वन बनाएं। कर्मयोगी महावीर प्रसाद आर्य प्रतियोगिता का पुरस्कार जीतने वालों में मुख्य रूप से ओमप्रकाश कोरी, राकेश कुमार, आर के तिवारी, राघव सिंह, संतोष कुमार सिंह, श्रवण कुमार वर्मा, रेखा मौर्य को अंगवस्त्रम से सम्मानित किया गया। यूनिट में अच्छा व्यवसाय करने वाले अशोक कुमार सिंह, पुष्पेंद्र शुक्ला, बाबूलाल यादव, मीला शुक्ला, सालिकराम मौर्य, राम सजीवन बड़े बाबू आदि को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य, आनंद मोहन ओझा मुख्य ट्रस्टी अम्मा साहब, ललित नारायण पांडे पूर्व शाखा प्रबंधक यूको बैंक प्रतापग, प्रेम कुमार त्रिपाठी ने भी अपने विचार रखे। अंत में बीमा ग्राहकों में सर्व श्री विनोद कुमार मौर्य, जीत लाल मौर्य, बसंत लाल मौर्य, विदित सिंह इत्यादि को भी अंगवस्त्रम व माल्यार्पण करके सम्मान किया गया।



समारोह में मौजूद अभिकर्ता व समाजसेवीगण।

# स्टेशन पर ट्रेन मैनजरों ने किया विरोध प्रदर्शन

## बॉक्स हटने से गार्डो को उठाना पड़ेगा 35 किलो का बोझ

## लाइन बॉक्स हटाने के तुगलकी फरमान का कर रहे विरोध

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** सुरक्षा और संरक्षा के साजो सामान के साथ ड्यूटी कर रहे ट्रेन मैनेजरों(गार्ड) का लाइन बॉक्स(बक्सा) हटाने की रेलवे बोर्ड के फैसले की कड़ी निंदा करते हुये मैनजरों ने शुक्रवार को स्थानीय जंक्शन पर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। उनकी मांग थी कि बॉक्स को हटाये जाने से सेफ्टी खतरे में पड़ सकती है। बॉक्स में रखे जाने वाले सामानों का बोझ उनके कंधे पर आ जायेगा।

ड्यूटी के समय ट्रेन मैनेजरो के साथ टिन(लोहा) का एक बड़ा सा बक्सा होता है। इसको रेल भी भाषा में लाइन बॉक्स कहते हैं। इसमें गार्ड ट्रेनों के संचालन में काम आने वाली सेफ्टी सी जुड़ी चींजे जैसे झंडी, लाइट, लोहे के बोर्ड के साथ भोजन बनाने का अनाज भी इसी में रखता है। गार्डो के अनुसार बॉक्स का वजन कम से कम 35 किलो होता है।

सूत्रों के अनुसार रेलवे बोर्ड ने बॉक्स हटाने का निर्देश दिया है। अगर ऐसा हुआ तो बॉक्स में रखे जाने वाला 35 किलो का वजन उनको सिर पर रखकर चलना पड़ेगा। वैसे भी गार्ड के एक हाथ में पहले से एक झोला रहता है। स्थानीय स्टेशन पर बोर्ड के फैसले का विरोध जता रहे आल ट्रेन मैनेजर एसोसिएशन लखनऊ डिवीजन के मंडल अध्यक्ष विश्राम सरोज ने बताया कि बॉक्स हटाने के रेलवे बोर्ड के फरमान का विरोध हो रहा है। बक्सा हटाये जाने से ड्यूटी में काफी दिक्कत आयेगी। सुरक्षा और संरक्षा भी खतरे में है। प्रदर्शन के दौरान मोहम्मद अनीश, डीके शर्मा, ददन, केके शर्मा और एसए अंसारी समेत कई गार्ड मौजूद रहे।



तुगलकी फरमान के विरोध में प्रदर्शन करते ट्रेन मैनेजर।

## भाई-बहन की पिटाई के मामले में आरोपियों पर केस दर्ज

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पशुओं के विवाद को लेकर पड़ोसी दबंगों ने भाई और बहन की जमकर पिटाई के मामले में पीड़ित की तहरीर पर पट्टी कोतवाली पुलिस ने आरोपियों पर मामला दर्ज किया है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के डेईडीह धौरहरा गांव की रहने वाले अंजली तिवारी पुत्र झारखंड को गुरुवार की सुबह उसके पड़ोसी पशुओं के विवाद को लेकर आधा दर्जन लोग एक राय होकर उसके घर पर आकर गाली देने लगे पूछने पर सभी लोग हमलावर हो गए और पीड़ित को पीटने लगे पीड़ित जान बचाकर घर में भागा तो आरोपित उसे घर में भी घुसकर मारा पीटा।

## महाविद्यालय में दायित्व का निर्वाह करने की दिलाई गई शपथ

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** स्वामी करपात्री महाराज राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रानीगंज, प्रतापगढ़ में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर में आज प्रातः काल प्रार्थना, योग के उपरान्त शिविरार्थियों को प्राचार्य डा विजय कुमार मिश्र ने राष्ट्रीय सेवा योजना के दायित्व का निष्ठापूर्वक निर्वाह करने की शपथ दिलाई। शिवरार्थियों द्वारा शारीरिक शिक्षा के विभागाध्यक्ष डा अंशुमान सिंह के मार्गदर्शन में योगाभ्यास किया गया। साक्षरता के लिए युवा कार्यक्रम के अंतर्गत आज शिविरार्थियों द्वारा कार्यक्रम अधिकारी डा एस एन यादव और डा गंगाराम वर्मा के नेतृत्व में व्यापक साक्षरता अभियान अभिगृहीत बस्ती में चलाया गया। सायंकालीन सत्र में डा संजय कुमार और डा संदीप वर्मा द्वारा सामाजिक कुरीतियों के निवारण में युवा स्वयंसेवकों की भूमिका विषय पर सारगर्भित व्याख्यान दिया गया। अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत उठें समाज के लिए उठें उठें...का समूह गायन किया गया।



छात्राओं को शपथ दिलाते प्राचार्य डा0 विजय कुमार मिश्र।

## बच्चों के विवाद में मारपीट में एक घायल

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के मुरस्सापुर गाव में बच्चों के विवाद को लेकर हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। घटना के बारे में पुलिस ने बताया कि कलीम खान पुत्र रसीद खान के भाई वसीम खान को बच्चों के मामूली विवाद को लेकर गांव के तीन लोगों ने शुक्रवार की दोपहर लगभग 11 बजे दिन में मारपीट कर घायल कर दिया।

## पक्ष-विपक्ष प्रत्याशियों को है अपनी-अपनी जीत का भरोसा

### कुछ प्रत्याशी अपने ईष्ट देव पर कर रहे भरोसा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिले में विधान सभा चुनाव का मतदान हो चुका है। मतगणना में केवल पांच दिन बचे हैं। विधान सभा चुनाव में पक्ष-विपक्ष के प्रत्याशी अपनी-अपनी जीत का आंकलन कर रहे हैं। इनमें से कुछ तो भगवान व अपने ईष्ट देवों पर फैसला छोड़ दिये हैं। वैसे प्रत्याशियों के भाग्य ईवीएम में बंद होकर मतगणना का इंतजार कर रही है।

रानीगंज विधान सभा सीट से लड़ रहे भाजपा प्रत्याशी अभय कुमार उर्फ धीरज ओझा बालाजी का दर्शन करने गये हैं। उनके मीडिया प्रभारी ललित तिवारी कहते हैं कि बालाजी व बाराही मां की कृपा से धीरज ओझा के चुनाव जीतने का भरोसा है। वैसे इस सीट पर भाजपा प्रत्याशी की सपा प्रत्याशी डा0 आरके वर्मा से कड़ी टक्कर है। यही हाल पट्टी विधान सभा क्षेत्र का है जहां प्रदेश सरकार के वरिष्ठ मंत्री मोती सिंह चुनाव मैदान में हैं। उनके विरुद्ध उनके पुराने प्रतिद्वन्दी सपा के राम सिंह पटेल चुनाव मैदान में हैं। इन दोनों में भी इस बार कड़ी टक्कर दिखाई दे रही है, लेकिन मोती सिंह को पूरा भरोसा है कि उन पर मां बेल्हा देवी की कृपा के साथ पट्टी की जनता पर पूरा भरोसा है। विश्वनाथगंज सीट पर सपा का समीकरण बागी प्रत्याशी संजय पाण्डेय के कारण बिगड़ गया है। यहां मुख्य लड़ाई में सपा के बागी व निर्दलीय प्रत्याशी सजय पाण्डेय भाजपा-अपनादल गठबंधन के जीतलाल से है। जीतलाल के जीतने का दावा भाजपा व अपना दल के लोग कर रहे हैं लेकिन संजय पाण्डेय जिस मजबूती से निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में लडे. हैं, उससे अभी यह कहना मुश्किल है कि यहां जीत किसकी होगी? रामपुर खास कांग्रेस का गढ़ रहा है। यहां से भाजपा प्रत्याशी नागेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ छोटे सरकार कांग्रेस विधायक आराधना मिश्र मोना को कड़ी टक्कर देने का दंभ भरे हुए हैं जबकि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी इस क्षेत्र में वर्ष 1980 से कांग्रेस का परचम लहरा रहे हैं। सदर सीट पर जातीय आधार पर सपा, अपना दल कमेरावादी गठबंधन दल की प्रत्याशी कृष्णा पटेल भी भाजपा के राजेन्द्र मौर्य को कड़ी टक्कर दे रही हैं। यहां सपा व भाजपा दोनों अपने पक्ष में परिणाम आने की बात कर रहे हैं। वैसे जिले की कुण्डा व बाबागंज सीट फिर राजा भइया के खाते में जा सकती है। बता दें कि राजा भइया को इस बार सपा के गुलशन यादव व भाजपा की सिंधुजा मिश्रा टक्कर दे रही हैं लेकिन राजा भइया को कुण्डा व बाबागंज से इस बार फिर जीत लेने का पूरा भरोसा है। बता दें कि कुण्डा में सपा प्रत्याशी के पक्ष में अखिलेश यादव व भाजपा प्रत्याशी सिंधुजा मिश्रा के पक्ष में गृह मंत्री अमित शाह जनसभा कर चुके हैं।

## ओवरटेक के चक्कर मे बाइक सवार गिरकर हुआ घायल

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रयागराज लखनऊ नेशनल हाइवे पर नवाबगंज थाना क्षेत्र मुंशी ढाबा के समीप शुक्रवार की दोपहर लगभग 12 बजे बाइक चालक बच्चा पुत्र महादेव (36) वर्षीय निवासी थाना ऊँचाहार पसिया पट्टी रहस कैथवल बाइक से किसी काम से मानिकपुर जा रहा था कि ट्रक से ओवरटेक के चलते अनियंत्रित होकर बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे ग्रामीणों ने एंबुलेंस बुलाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालाकाकर भेजा, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद परिजनों के कहने पर जिला चिकित्सालय रायबरेली के लिए रिफर कर दिया।

## अनियंत्रित टेंपो के पलटने से जख्मी हुआ चालक

**पट्टी, प्रतापगढ़।** तेज रफ्तार सड़क पर जा रही टेंपो सड़क के किनारे पलट गई, इस दुर्घटना में चालक को गंभीर चोटें आई हैं। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के दशरथपुर गांव के समीप पट्टी से कोहडौर की तरफ जा रही तेज रफ्तार टेंपो अनियंत्रित होकर दशरथपुर गांव के समीप सड़क के किनारे पलट गई। इस दुर्घटना में चालक को गंभीर चोटे आई है। आसपास जुटे लोगों ने टेंपो व चालक को बाहर निकाला और घायल चालक को इलाज के लिए सीएचसी पट्टी ले जाया गया है। जानकारी के अनुसार दीवानगंज बाजार बाजार निवासी कुलदीप गौतम उम्र 26 वर्ष पुत्र शिव प्रसाद गौतम टेंपो चलाता है। वह पट्टी से कोहडौर की तरफ खाली टेंपो लेकर जा रहा था। जब वह अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पलट गया। इस दुर्घटना में उसे गंभीर चोटे आई है। घटना के बाद आसपास भारी भीड़ जमा हो गई। लोगों ने घायल चालक को इलाज के लिए सीएचसी पट्टी भिजवाया है। जहां उसका इलाज चल रहा है।

# सात पशु तस्करों को अंतू पुलिस ने किया गिरफ्तार

## तीन वाहन सहित 20 राशि गोवंश बरामद

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जनपद के थाना अंतू से उ0नि0 रोहित कुमार यादव मय टीम द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर थाना क्षेत्र के गजराही मोड़ के पास से तीन चार पहिया वाहन (01 पीकप व 02 मैजिक ढाला) से 20 राशि गोवंशों को वध हेतु ले जाते समय 07 अभियुक्तो को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि हम लोग इन गोवंशों को वध हेतु ले जा रहे थे। इन गोवंशों के साथ हम लोग कुछ दुधारू गाय रखते हैं जिससे कोई शक न कर सके। हम इन गोवंशों को कोड़िहार बाजार प्रयागाराज ले जा रहे थे, वहां पर हम लोगो के व्यापारी फिक्स रहते हैं वे इन्हे बिहार होते हुए बंगाल ले जाते हैं। इस संबंध में थाना लालगंज पर मु0अ0सं0 77/2022 धारा 3/5क/8 गोवध निवारण अधि0 व धारा 11 पशु क्रूरता अधि0 का अभियोग पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में मो0 गुलजार पुत्र मो0 शरीफ निवासी जैतीपुर कठार, थाना अंतू, कलामुद्दीन पुत्र मो0 शरीफ निवासी जैतीपुर कठार, थाना अंतू, सईद अहमद उर्फ मुन्ने पुत्र सद्दीक निवासी जैतीपुर कठार, थाना अंतू,. जावेद अहमद पुत्र सईद अहमद निवासी जैतीपुर कठार, थाना अंतू, आजाद पुत्र इस्लाम निवासी उपाध्यायपुर थाना अंतू, राम प्रवेश सरोज पुत्र राम सजीवन सरोज निवासी सेतापुर थाना अंतू व राहुल कोरी पुत्र द्वारिका प्रसाद निवासी दादूपुर दौलत थाना अंतू, जनपद प्रतापगढ़ शामिल हैं। इनके पास से 20 राशि गोवंश, एक पिकप नम्बर यूपी 72 एटी 0837, दो मैजिक ढाला नम्बर यूपी 72 एटी 4652 व यूपी 72 एटी 8317 बरामद हुई है।



पुलिस की गिरफ्त में अभियुक्तगण।

## बंधक बनाकर ट्रैक्टर लूटने वाले दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन पर अपराधियो के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी व क्षेत्राधिकारी कुंडा के मार्ग दर्शन में हथिगवां उपनिरीक्षक संतोष कुमार सिंह, ज्ञानेंद्र कुमार रोहित कुमार व सिपाही यशवंत सिंह राठौर क्षेत्र भ्रमण पर थे कि मुखबिर ने सूचना दी कि ट्रैक्टर लूट के दो अभियुक्त कार के साथ है जो किसी वारदात करने के फिराक में है सूचना मिलते ही पुलिस फोर्स थाना क्षेत्र के डीहा के पास गुरुवार की देर शाम लगभग साढ़े सात बजे कार सहित दोनों अभियुक्तों को दबोच लिया।पकड़े गए अभियुक्तों ने अपने साथियों के साथ 26 जनवरी 2022 को ट्रैक्टर मालिक को बंधक बनाकर ट्रैक्टर लूट लिया था। पुलिस के पूछने पर वांछित अभियुक्त ने अपना नाम शिवम मिश्रा पुत्र सुरेश मिश्रा निवासी फेरई का पुरवा कोतवाली कुंडा व विकास पांडेय पुत्र धीरज कुमार पाण्डेय निवासी जाखामई थाना मानिकपुर प्रतापगढ़ बताया जिनके पास चार पहिया स्विफ्ट डिजायर कार यूपी 14 बी क्यू9811 व तलाशी के दौरान एक अदद अवैध देशी तमंचा 315 बोर व एक अदद जिंदा कारतूस बरामद कर गाड़ी सहित थाने ले गईं। पकड़े गए दोनों अभियुक्तों को लिखा पढ़ी करके न्यायालय भेजा। पुलिस की इस कारवाई से क्षेत्र में हड़कम्प मचा हुआ है।

## खबर संक्षेप

### कोरोना के दृष्टिगत की गई कार्यवाही

**कौशाम्बी।** जनपद मे लाकडाउन के दृष्टिगत सरकार द्वारा निर्गत निदेर्शों के अनुपालन के क्रम में पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार जनपद स्तर पर विभिन्न थानों द्वारा अनावश्यक रूप से बाहर घूमने मास्क न लगाने एव सोशल डिस्टेसिंग का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया, जिनमें 80 वाहनों का ई चालान किया गया।

### हत्या का वांछित गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा हत्या में वांछित अभियुक्त आजाद पुत्र सुन्दरलाल निवासी लच्छीपुर थाना मंझनपुर को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया हैं।

### गांजा के साथ गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा अभियुक्त मो० सद्दाम पुत्र मुन्ने निवासी हिसामपुर करारी थाना कोखराज को 500 ग्राम नाजायज गांजा के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।



मतगणना के संबंध में बैठक करते डीएम



मतगणना की बैठक में उपस्थित विभिन्न विभाग के अधिकारी

# निष्पक्ष पारदर्शी एवं सफलतापूर्वक मतगणना सम्पन्न कराना करें सुनिश्चित : जिलाधिकारी

**जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना के सम्बन्ध में अधिकारियों को दी जानकारी**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिला निर्वाचन अधिकारी सुजीत कुमार ने मतगणना की तैयारियों के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट स्थित सम्राट उदयन सभागार में बैठक की बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी गाइडलाइन का भली-भॉति अध्ययन कर निष्पक्ष पारदर्शी एवं सफलतापूर्वक मतगणना सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाय जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मतगणना के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक जानकारियॉ भी दी गयी। बैठक में बताया गया कि विधानसभावार ईवीएम की 14-14 टेबल पर मतगणना की जायेगी बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी सभी उप जिलाधिकारीगण सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### मतगणना कर्मियों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

**कौशाम्बी।** जिला निर्वाचन अधिकारी सुजीत कुमत ने बताया कि मतगणना कार्मिकों को 07 मार्च 2022 को सम्राट उदयन सभागार में 02 पालियों में प्रथम प्रशिक्षण दिया जायेगा प्रथम पाली का प्रशिक्षण पूर्वान्ह 11 बजे से 01 बजे तक तथा द्वितीय पाली का प्रशिक्षण अपरान्ह 03 बजे से सायं 05 बजे तक दिया जायेगा। मतदान कार्मिकों को 09 मार्च 2022 को अपरान्ह 03 बजे से सायं 05 बजे तक सम्राट उदयन सभागार में द्वितीय प्रशिक्षण दिया जायेगा।

## न्यूज झरोखा

### राष्ट्रीय विज्ञान दिवस कार्यक्रम का भगवतपुर में हुआ आयोजन




**कौशाम्बी।** नेहरू युवा केन्द्र,ब्लॉक मंझनपुर के तत्वाधान में जिला युवा अधिकारी श्रीमती शमीम बेगम और लेखा एवं कार्यक्रम सहायक श्री प्रकाश श्रीवास्तव के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में चलाये जा रहे राष्ट्रीय विज्ञान दिवस कार्यक्रम का आयोजन श्री श्याम नारायण करवरिया पूर्व माध्यमिक विद्यालय भगवतपुर में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नेहरू युवा केन्द्र कौशाम्बी के लेखाधिकारी एवं कार्यक्रम श्री प्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि 28 फरवरी के दिन सन 1928 में प्रसिद्ध वैज्ञानिक डा0 सी बी रमन ने रमन खोज प्रारंभ की थी अतः 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में मनाया जाता है इस अवसर पर जिन बच्चों के द्वारा तैयार की गई बेस्ट मैटेरियल से सामग्री से उपयोगी वस्तुओं को बनाने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया जिसमे प्रथम गौरव मिश्रा और द्वितीय कृष्णा देवी तृतीय सिद्धार्थ द्विवेदी ने प्राप्त किया सूरज वैभव टीना तथा शिवा गुड्डी रूबी रोमा आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य आशीष पाण्डेय ने की,एवं अध्यापक संकल्प तिपाठी, विजय मिश्रा, अभय केशरवानी, छविश्याम मिश्रा ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के बारे में अपने विचार प्रस्तुत किये, कार्यक्रम में शान्ति देवी कामगार फाउन्डेशन के संस्थापक अध्यक्ष प्रकाश दुबे ने भी अपने विचार व्यक्त किया।

### शिकायत के बाद देसी शराब के दुकान की जांच शुरू



**टेढ़ीमोड़ कौशांबी।** कोखराज थाना अंतर्गत शहजादपुर टेडीमोड में देसी शराब की दुकान मे जहरीली शराब बेंचने की कंट्रोल रूम में शिकायत मिलने पर आबकारी इंस्पेक्टर ने टीम के साथ शराब की दुकान पहुंच कर जांच की और जांच के लिए सेम्पल को प्रयोगशाला भेज दिया है। आपको बता दें कि ज्ञानेंद्र सिंह द्वारा कंट्रोल रूम में शिकायत की गई थी कि सहजादपुर टेढ़ी मोड़ स्थित देसी शराब के ठेके पर जहरीली शराब बिकने की आशंका है जिससे संज्ञान में लेते हुए आबकारी इंस्पेक्टर अरुण कुमार ने टीम के साथ पहुंचकर ठेके में मौजूद शराब का सैंपल लेकर जांच के लिए भेज दिया है। जांच के लिए पहुंचे अरुण कुमार ने बताया कि दुकान में मौजूद पौवों के बारकोड स्कैन किए गए जिसमें सही पाया गया सैंपल जांच के लिए भेजा गया है रिपोर्ट आने के बाद शिकायत कर्ता को अवगत करा दिया जाएगा।

### अभियुक्त को सुनाई गई चार वर्ष कारावास की सजा

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना पर पंजीकृत एससी एसटी एक्ट व पॉक्सो एक्ट के अभियुक्त महेन्द्र कुमार मौर्या पुत्र उमाचन्द्र मौर्या निवासी मित्राना टोला शहजादपुर थाना कोखराज को न्यायालय स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट द्वारा चार वर्ष की कारावास व 3000 रुपए का अर्थदण्ड से दण्डित किया गया शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में विवेचक द्वारा पैरवी कर अभियुक्त को सजा दिलाने के क्रम में पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से अभियुक्त को सजा दिलाई गई है।

# सरकारी जमीनों पर कब्जा कराने वाला लेखपाल बना अधिकारियों का नयनतारा

**सरकारी जमीन को कब्जा करा कर धनादोहन में जुटे चर्चित लेखपाल को बर्खास्त कर सरकारी संपत्ति बचाए जाने की बुलंद की ग्रामीणों ने आवाज**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मंझनपुर तहसील में एक ऐसा लेखपाल है जिसकी तैनाती तहसील क्षेत्र के जिस गांव में हुई है वहां कई एकड़ सरकारी जमीनों पर कब्जा करा कर लेखपाल ने अवैध कब्जा धारकों से लाखों की रकम वसूली है सरकारी जमीन को कब्जा करा कर अवैध वसूली में लिप्त लेखपाल के कारनामे पर तहसीलदार और उप जिलाधिकारियों ने भी अभी तक कार्यवाही नहीं की है ऐसे भ्रस्ट लेखपाल को चिन्हित कर लेखपाल को बर्खास्त किए जाने की मांग ग्रामीण जनता ने सरकार से की है यह चर्चित लेखपाल एक माननीय का खासम खास बताया जाता है जिससे लेखपाल पर कार्यवाही करने से अधिकारी भय खाते हैं

मंझनपुर तहसील क्षेत्र के विभिन्न ग्राम सभाओं में सरकारी जमीन को कब्जा कराने की आड़ में व्यवसाय बना कर लाखों की रकम वसूलने वाला भ्रस्ट लेखपाल ने मंझनपुर तहसील क्षेत्र के खुर्रम पुर बजहा और रसूलपुर सोनी सहित कई गांव में तैनाती के दौरान सरकारी जमीनों में कब्जा कराने के मामले में बदनाम हो चुका है आला अधिकारियों को भी लेखपाल बराबर झूठी सूचना देकर अपना बचाव करने का प्रयास कर रहा है यदि खुर्रामपुर बजहा गांव की बात करें तो कई बीघा सरकारी जमीन और ब्रिटिश पीरियड के स्कूल की सरकारी खाली जमीन तालाब आदि की भूमि में लेखपाल ने कब्जा करा कर लाखों रुपए की रकम वसूल ली है इसी तरह रसूलपुर सोनी गांव में 3 बीघे के तालाब सहित कई अन्य सरकारी भूमि पर इसी बदनाम लेखपाल ने कब्जा करा कर लाखों की रकम वसूली है लेकिन लाखों की रकम वसूलने वाला यह लेखपाल अधिकारियों का नयनतारा बना हुआ है और लेखपाल के गुनाह पर अधिकारी अंजान बने हैं इतना ही नहीं यह लेखपाल राजस्व अभिलेखों में दर्ज किसानों की भूमि पर भी हेराफेरी कर विवाद की स्थिति उत्पन्न कर धनादोहन में जुटा हुआ है इस मामले में भी लेखपाल अधिकारियों को झूठी सूचना दे रहा है मंझनपुर तहसील के इस चर्चित लेखपाल के कारनामे को संज्ञान लेते हुए लेखपाल पर कठोर कार्रवाई करते हुए जहां सरकारी संपत्तियों को बचाए जाने की जरूरत है वहीं बदनाम लेखपाल पर मुकदमा दर्ज कराते हुए इसे बर्खास्त किए जाने की आवाज ग्रामीणों ने बुलंद की है।

# जेवर नगदी व बर्तन सहित तीन लाख का सामान उठा ले गए चोर

**जांच के नाम पर लकीर पीटती रही पुलिस नहीं पहुंची किसी नतीजे पर, महेवा घाट थाना क्षेत्र के पौर काशीरामपुर गांव में बीती रात बेखौफ चोरों ने दिया घटना को अंजाम**

अखंड भारत संदेश

**बैरम पुर कौशाम्बी।** महेवा घाट कोतवाली क्षेत्र के पौर काशीरामपुर गांव में बीती रात एक घर में सेंध कर घर के भीतर घुसे चोरों ने घर से सोने चांदी के जेवरात के साथ नगदी बर्तन आदि सामान उठा ले गए हैं घटना की जानकारी परिजनों को सुबह हुई है मामले की सूचना परिजनों ने पुलिस को दी है मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की लेकिन खबर लिखे जाने तक घटना के बारे में पुलिस सुराग रस्सी नहीं लगा सकी है।

घटनाक्रम में बताया जाता है कि महेवा घाट थाना क्षेत्र के पौर काशीरामपुर गांव निवासी निजया नंद तिवारी उर्फ कल्लू देवरहा पुत्र रामानंद तिवारी भागवत कथा कर अपने परिवार का जीविकोपार्जन करते हैं बीती रात्रि वह घर के बाहर कमरे में परिवार सहित सो रहे थे आधी रात को उनके घर की दीवार में सेंध कर घर के भीतर चोर घुस गए और घर में रखा सोने की अंगूठी झूमक जंजीर मंगलसूत्र सहित लागभग 3 तोला सोना के जेवर एक किलो लगभग चांदी के जेवरात 30 हजार रुपए नगद और 5 बोरा पीतल फूल आदि कीमती बर्तन चोर उठा ले गए हैं सुबह जब परिजन उठे तो देखा कि दीवार में सेंध है और घर के भीतर कमरे में सामान बिखरा पड़ा है चोरी की घटना देखते ही परिवार के लोग परेशान हो उठे और मामले की जानकारी जंगल में आग की तरह पूरे गांव में फैल गई घटनास्थल पर ग्रामीणों का मजमा लग गया मामले की सूचना मिलने के बाद मौके पर पुलिस भी पहुंची लेकिन घटना के खुलासे में पुलिस के हाथ खाली है।



चोरी की घटना के बाद घटनास्थल पर बिखरा सामान



चोरी की घटना की जांच करती पुलिस

# जालिम प्रशासन के सामने विधवा विलाप कर रहे नगरवासी

**मनमाने तरीके से नगर के सौंदर्यीकरण और चौड़ीकरण के नाम से पीड़ित नगरवासी मांग रहे रहम की भीख**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मंझनपुर नगर के सौंदर्यीकरण और चौड़ीकरण के नाम पर 7 दशक पुराने नगर वासियों के मकान को जेसीबी मशीन और भारी पुलिस फोर्स लगाकर जबरिया तोड़ दिया गया है 4 महीने पूर्व अतिक्रमण के नाम पर नगर वासियों के साथ जुल्म ज्यादती में नेता और अधिकारी जालिम बन गए हैं मनमानी तरीके से सड़क का चौड़ीकरण हो रहा है गरीब नगर वासी रहम की भीख मांग रहे हैं लेकिन जालिम प्रशासन नगर वासियों की पीड़ा पर पसीज नहीं रहा है नगर के चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण के नाम पर सत्ता से जुड़े लोगों के मकान को बचाने का भरसक प्रयास हो रहा है और आम जनता को खुलेआम बर्बाद किया जा रहा है यह नगरवासी सब जान रहे हैं लेकिन बेबस है बीती रात फिर जेसीबी मशीन से नाली खुदाई के नाम पर नगर पालिका मंझनपुर प्रशासन ने नगर की जनता के साथ मनमानी तानाशाही की है नगर की जनता विधवा विलाप करती रही लेकिन उसकी सुनने वाला कोई नहीं था नगर के चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण के नाम पर आम जनता के साथ पक्षपात किए जाने के मामले के बाद भी सांसद विधायक के साथ आला अधिकारियों ने भी अपने कानों को बंद कर लिया है जिससे नगर वासी अनाथ हो गए हैं आखिर कब तक नगर पालिका मंझनपुर के जिम्मेदारों की तानाशाही नगर वासियों के साथ होती रहेगी योगी सरकार की व्यवस्था पर यह बड़ा सवाल है पक्षपात करने वाले अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई करते हुए इन्हें दंडित किए जाने के बजाय महिमामंडित किया जा रहा है नगर पालिका मंझनपुर के दोहरे मापदंड पर पूरे नगर में आक्रोश व्याप्त है लेकिन आक्रोश के बाद भी नगर वासियों को योगीराज में न्याय नहीं मिल रहा है सोच ईमानदार काम दमदार की बात करने वाली योगी सरकार के विधायक सांसद भी जनता के साथ हो रहे अन्याय को देखकर भी अंजान बने हुए हैं।



आधी रात को मंझनपुर नगर में जेसीबी से तोड़ तोड़ करते नगर पालिका के अधिकारी मौके पर मौजूद नगर वासी

### दिमाग की हालत ठीक ना होने से गुम हो गया लड़का

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के बेरुआ बिरौली तहसील चायल जनपद कौशांबी का निवासी एक लड़का गुम हो गया है जिसकी उम्र 20 साल है परिजनों का कहना है कि लड़के के दिमाग की हालत ठीक ना होने के कारण वह कही गुम हो गया हैं गायब लड़के के परिजनों ने कहा कि जिस किसी भी साथी को यह लड़का मिले वह मोबाइल नंबर 9839862722 वा 6393983759 पर संपर्क कर लड़के के विषय में सूचित कराने की कृपा करें।

### सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत बैंको की चेकिंग

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में जिले की पुलिस ने बैंक शाखाओं की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत बैंकों की चेकिंग की साथ ही बैंको के आस पास खड़े संदिग्ध व्यक्तियों वाहनों की भी सघन चेकिंग की गई साथ ही सीसीटीवी कैमरों को चेक किया गया व कर्मचारियों को कोरोना संक्रमण का पालन करने मास्क लगाने व सरकार द्वारा जारी गाइड लाइन का पालन करने को कहा तथा सोशल डिस्टेंडिंग का पालन करने को चेकिंग टीम द्वारा कहा है।

# आखिर नगर पालिका क्षेत्र में जनता के साथ सौतेला व्यवहार क्यों!

**किसके दबाव में मंझनपुर नगर पालिका क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण में अलग-अलग मानक तय कर रहे अधिकारी**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** संविधान की रक्षा की शपथ लेकर सरकारी कुर्सी पर बैठने वाले अधिकारी नेताओं की कठपुतली बनकर गुलामी कर रहे हैं जिससे मंझनपुर कस्बे की जनता त्राहि-त्राहि कर रही है मंझनपुर विधायक भी जनता की इस पीड़ा पर मौज कर रहे हैं और सांसद कौशांबी भी जनपद मुख्यालय मंझनपुर की जनता की पीड़ा के समाधान पर निष्पक्ष पहल करने का प्रयास नहीं कर रहे हैं पूरे नगर में सड़क चौड़ीकरण के नाम पर गरीब कमजोर नगर वासियों को नगर पालिका मंझनपुर बर्बाद कर रहा है लेकिन सत्ता पक्ष से लेकर विपक्ष के नेता विधवा विलाप कर रहे हैं नेताओ के घरों के सामने सड़कों के चौड़ीकरण में पक्षपात हो रहा है आखिर योगीराज में सड़क चौड़ीकरण करने में लगे अधिकारियों के इस पक्षपात का खामियाजा किस को भुगतना पड़ेगा पक्षपात कर सरकार को बदनाम करने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही करने का साहस डीएम कमिश्नर कब करेंगे कस्बे की सात दशक पुरानी सड़क के चौड़ीकरण और नगर वासियों के सात दशक पुराने भवन को धराशाई करने में पक्षपात से नगर में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है बताते चले कि मंझनपुर नगर में जेसीबी मशीन लगाकर सड़क चौड़ीकरण के नाम पर नगर वासियों के घरों को धराशाई किया गया है नगर के चौड़ीकरण के नाम पर तमाम गरीब कमजोर लोग भी नगरपालिका के चौड़ीकरण के शिकार हो गए हैं जिससे उनके सामने मुसीबत का पहाड़ खड़ा हो गया है लेकिन दूसरी तरफ तमाम अन्य रसूखदार लोगो के घरों के सामने चौड़ीकरण में अधिकारियों के पक्षपात के चलते सड़क सिकुड़ रही है अधिकारियों के पक्षपात से नगर में खासा आक्रोश व्याप्त है नगर वासियों ने डीएम कमिश्नर का ध्यान आकृष्ट कराते हुए सड़क चौड़ीकरण में पक्षपात करने वाले अधिकारियों ठेकेदारों पर कार्यवाही करते हुए सड़क मानक के अनुसार बराबर बनाए जाने की मांग की है।

### कब गिराया जाएगा नगरपालिका लिपिक का सड़क पर बना घर

**कौशाम्बी।** नगरपालिका मंझनपुर के एक लिपिक का आवास भी सड़क पर बना हुआ है लेकिन लिपिक के घर पर भी चौड़ीकरण का मानक नहीं लागू होता है आखिर कब तक दोहरा मापदंड नगरपालिका अपनाएगा पूरे नगर वासियों का मानक अलग है और नगरपालिका के सड़क पर बने घर मे चौड़ीकरण का मानक अलग है जबकि लिपिल का मकान सड़क पर बना हुआ है लेकिन लिपिक के घर को अधिशासी अधिकारी जेसीबी मशीन से धरा शाही नहीं करा सके हैं।

# पर्यावरण संरक्षण में ही मानवता का भाव निहित है : अजय क्रांतिकारी

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** महामाया राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि पर्यावरण सेना प्रमुख हरित पुरुष अजय क्रांतिकारी एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ विनय कुमार सिंह प्राचार्य महामाया राजकीय महाविद्यालय ,कौशांबी द्वारा प्राथमिक विद्यालय यूसुफपुरारा,ओसा, मंझनपुर कौशांबी में की गई। उद्घाटन समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके किया इसके उपरांत मोहिनी केसरवानी द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई इसी कड़ी में प्राचार्य डॉ0 विनय कुमार सिंह द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया गया इसके उपरांत शिविरार्थियों द्वारा सामूहिक रूप से लक्ष्य गीत उठे समाज के लिए उठे-उठे प्रस्तुत किया गया इसी कड़ी में स्वागत गीत मोहिनी केसरवानी द्वारा प्रस्तुत किया गया गुलाबचंद जयसवाल प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय यूसुफपुरारा ने इस अवसर पर कहा कि शिविरार्थियों को किए गए अपने कार्यों का स्वयं में मूल्यांकन करना चाहिए, जिससे कि उनके कार्य करने में और अधिक निपुणता हासिल हो सके। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ0 अरविंद कुमार द्वारा बौद्धिक एवं शारीरिक श्रम हेतु शिविरार्थियों का आवाहन किया तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के मूल उद्देश्यों को समझाया एवं इससे प्रेरित होने के लिए शिविरार्थियों को जागरूक किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ0अनिल कुमार द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर की रूपरेखा मुख्य अतिथि के सम्मुख प्रस्तुत की । राष?ट्रीय सेवा योजना राष?ट्र की युवा शक्ति के ०?यक?तित?व विकास हेतु युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित एक सक्रिय कार्यक्रम है। इसके गतिविधियों में भाग लेने वाले विद्यार्थी, समाज के लोगों के साथ मिलकर समाज के हित के कार्य करते है। इस अवसर पर अशोक मौर्य,प्रधान प्रति द्वारा शिविरार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सामाजिक सेवा को प्रेरित करने के लिए ऐसे शिविरों की और अधिक आवश्यकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ0 विनय कुमार सिंह, प्राचार्य महामाया राजकीय महाविद्यालय कौशांबी ने इस अवसर पर कहा कि शिविरार्थियों को अपने दायित्वों एवं उद्देश्य के प्रति सचेत रहना चाहिए ।एनएसएस का एकमात्र उद्देश्य युवा छात्रों को सामुदायिक सेवा के माध्यम से अपने व्यक्तित्व को विकसित करने के लिए अनुभव प्रदान करना है। मुख्य अतिथि पर्यावरण सेना प्रमुख हरित पुरुष अजय क्रांतिकारी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण में ही मानवता का भाव निहित है।धरती पर जीवन को बचाने के लिए हर हाल में प्रकृति का साथ निभाना होगा और धरती पर जीवन की उपलब्धता के लिए ऑक्सीजन बैंक को समृद्ध करना होगा।आगे उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना राष्ट्र के युवा शक्ति के व्यक्तित्व विकास, मानवता, राष्ट्र प्रेम, सामाजिक न्याय एवं समरसता का कर्तव्य बोध तथा सामाजिक मूल्यों को आत्मसात करने का सशक्त माध्यम है। पर्यावरण सेना प्रमुख हरित पुरुष अजय क्रांतिकारी के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने पीपल का पौधा लगाकर ऑक्सीजन बैंक को समृद्ध करने का संकल्प लिया कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ0 अजय कुमार द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय से डॉ0 नीलम बाजपेई ,डॉ0 रीता दयाल ,डॉ भावना केसरवानी, डॉ0 नीरज कुमार सिंह ,डॉ पवन कुमार, डॉ तरित अग्रवाल, डॉ रमेश चंद्र,डॉ अमित शुक्ल डॉ संतोष कुमार डॉ शैलेश मालवीय अजय कुमार श्रीमती अनीता केसरवानी मानवेंद्र सिंह साहनी आदि रहे।




पर्यावरण रैली निकालती स्कूली छात्राएं और शिक्षक

# दिन के उजाले में बेखौफ तरीके से चल रहीं बिना रजिस्ट्रेशन ओवरलोड ट्रैक्टर ट्रालियां

**हजारों ट्रालियों को प्रतिदिन बालू परिवहन करते देख पुलिस यातायात और परिवहन अधिकारी बने हैं अंजान**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** बिना रजिस्ट्रेशन कराएं ट्रैक्टर की हजारों ट्रालियां सड़कों पर ओवरलोड बालू भरकर परिवहन करती देखी जाती है लेकिन जिन ट्रालियों के पास रजिस्ट्रेशन नहीं है और वह भी बालू के परिवहन में लगी हैं ऐसी ट्रालियां थाना पुलिस यातायात पुलिस से लेकर एआरटीओ और उनके सहायकों को नहीं दिखाई पड़ रही है आखिर इन ट्रालियों के मालिकानों से थाना पुलिस यातायात पुलिस और एआरटीओ कार्यालय को क्या लगाव है यह एक बड़ी जांच का विषय है।

गौरतलब है कि चायल तहसील क्षेत्र के तिल्हापुर गांव नेवादा तिल्हापुर मोड़ चायल से लेकर मनौरी पूरामुफ्ती की सड़कों पर रात के साथ दिन के उजाले में बालू से लदे ओवरलोड ट्रैक्टर ट्राली सड़कों पर दौड़ते देखे जाते हैं मजेदार बात तो यह है कि ट्रैक्टर के इंजन का रजिस्ट्रेशन तो परिवहन विभाग में कृषि कार्य हेतु किया गया है, लेकिन इनकी ट्राली का रजिस्ट्रेशन परिवहन विभाग में नहीं है, परिवहन विभाग के आंकड़े बताते हैं कि ट्रैक्टर के साथ ट्राली लगाने का रजिस्ट्रेशन नहीं है, फिर भी जिले की सड़कों पर बेखौफ तरीके से हजारों ट्रालियां बालू के परिवहन में प्रतिदिन लगी हैं ट्रैक्टर के रजिस्ट्रेशन भी माल ढोने का नहीं है फिर भी वाहन सड़क पर दौड़ रहे हैं अधिकतर चालकों के पास हैबी चालक लाइसेंस नहीं है फिर भी सड़कों पर ट्रैक्टर और उनके ट्रालियों दौड़ती देखी जाती है बगैर रजिस्ट्रेशन के सड़कों पर दौड़ रहे ट्रालियों को रोकने का प्रयास परिवहन विभाग के अधिकारियों से लेकर थाना पुलिस यातायात पुलिस द्वारा नहीं किया जा रहा है सड़कों पर जांच के नाम पर पूरे दिन यातायात पुलिस और थाना पुलिस दिखाई पड़ती है लेकिन केवल बाइक चालकों की जांच कर शासन प्रशासन को जांच रिपोर्ट भेज देते हैं जो वाहन सड़कों पर बेखौफ तरीके से गलत तरीके से दौड़ रहे हैं। उन वाहनों को यातायात थाना पुलिस जांच कर कार्यवाही नहीं कर रही है जिससे इनकी गलत वाहनों से सॅलिप्तता से इनकार नहीं किया जा सकता चचाओं पर जाएं तो बालू लादकर निकलने वाले अवैध ट्रैक्टर की ट्रालियों से थाना पुलिस यातायात पुलिस के साथ-साथ एआरटीओ विभाग को मोटी कमाई प्रत्येक महीने पहुंच रही है। जिसके चलते इस अवैध धंधे को बंद कराने का प्रयास जिले में नहीं हो सका है एक तरफ अवैध खनन को बढ़ावा देकर बालू माफिया रातों रात मालामाल हो रहे हैं और खनन अधिकारी बालू माफियाओं के सामने घुटने टेक कर बालू के काले कारोबार से अपना हिस्सा वसूल रहे हैं जिले में बालू का काला कारोबार बीते चार दशक से बेखौफ तरीके से प्रत्येक वर्ष अधिक तेजी से फल फूल रहा है लेकिन बालू के काले कारोबार को रोकने का प्रयास अभी तक नहीं हो सका है।

## संपादकीय

# सनक विस्तारवाद की

**यह** रूस के राष्ट्रपति पुतिन की विस्तारवादी आकांक्षा,सनक और व्यक्तिगत अहम के कारण पूरा विश्व अशांति की कगार पर आ गया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादीमीर जेलेंस्की की अपरिपक्वता और जिद के कारण ही यूक्रेन के निर्दोष नागरिक युद्ध की विभीषिका को बुरी तरह से झेल कर अपनी जान गवा रहे हैं। यह तो सारा विश्व जानता है कि पुतिन बहुत ही शक्तिशाली एवं परमाणु शक्ति संपन्न देश के राष्ट्रपति हैं, वे अपने पड़ोसियों की नाफरमानी को बर्दाश्त करने वालों में से नहीं है। सोवियत रूस से अलग होने के बाद जब से जेलेंस्की राष्ट्रपति बने हैं अपनी नैटो देश के सदस्य बनने की जिद और यूरोपीय देशों से कंधे से कंधा मिलाकर रूस के विरोध में हमेशा आवाज उठाने वाले व्यक्ति रहे हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति जानते हैं कि रूस एक ताकतवर देश है ऐसे में उसे लगातार विचलित करने का प्रयास उनके लिए आत्मघाती होगा और वहां की जनता के लिए मौत का आव्हान ही होगा, इसके बावजूद उन्होंने रूस से युद्ध लड़ने की अपनी जिद को रोक नहीं पाए। दूसरी तरफ अमेरिका के राष्ट्रपति की विस्तारवादी नीति,अपरिपक्व निर्णय और यूक्रेन को झूठा समर्थन देकर उसे युद्ध के लिए लगातार भड़का कर अब सहयोग देने के नाम पर हाथ ऊपर खड़े कर दिए हैं। वैसे इस युद्ध में यूक्रेन की जनता का जितना नुकसान हुआ है वह किसी भी हालात में पूरा नहीं किया जा सकता,उसकी भरपाई नहीं की जासकती है जिन सैनिकों,भोले नागरिकों की जान चली गई उन्हें फिर से जिंदा नहीं किया जा सकता है। इसका बड़ा कारण यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की की युद्ध लगातार जारी रखने की जिद ही है। पुतिन का सदैव मकसद रहा है की यूक्रेन के राष्ट्रपति को बदलकर उनके समर्थित पूर्व राष्ट्रपति को यूक्रेन का राष्ट्रपति बनाया जाए ,इस तरह वर्तमान राष्ट्रपति का तख्ता पलट कर शासन तंत्र किसी उनके अपने समर्थित व्यक्ति को दिया जाए।दूसरा यह कि अमेरिका की मदद से यूक्रेन परमाणु बम बनाने के लगातार प्रयास कर रूस की शांति को भंग करना चाहता है। तीसरा यह कि यूक्रेन रूस की हर तरह की गतिविधियों का लगातार विरोध करता है। पर इन सब की प्रक्रिया के फल स्वरुप यूक्रेन की जनता युद्ध की विभीषिका के नीचे सिसक रही है, रो रही है एवं पलायन करने को मजबूर है। न्यूज एजेंसियों के अनुसार यूक्रेन से लगभग 10 लाख नागरिक पोलैंड, रोमानिया और अन्य राज्यों में शरणार्थियों की तरह देश छोड़ चुके हैं, एवं दूसरे देश में कष्टकर जीवन बिताने को मजबूर हुए हैं। यह अमेरिका ,रूस तथा यूक्रेन की अकड़ का परिणाम है कि लाखों लोग युद्ध की भयानक कठिन परिस्थितियों के बीच अपनी जान बचाने के लिए मोहताज हैं। आज मानवता रो रही है सिसक रही है, कराह रही है, ऐसे में न तो संयुक्त राष्ट्र संघ और ना ही नेटो देश के सदस्य और ना ही यूरोपियन कमेटी के तमाम देश ही इन निर्दोष नागरिकों की मदद कर पा रहे हैं। युद्ध किसी भी समस्या का स्थाई हल नहीं होता है अनेक देशों के राष्ट्रपतियों के अकारण गुरुर, क्रोध और ज़िद के कारण लाखों लोग बेघर हो गए हैं और हजारों की जान भी चली गई है। इसकी भरपाई भला कौन कर सकता है। ज़िद और क्रोध की परिणति सदैव ही पश्चाताप में ही होती है। भारत ने भी स्वतंत्रता के समय भारत विभाजन के समय यह विभीषिका झेली थी और युद्ध के परिणामों को भारतीय जनमानस अच्छी तरह समझता हैं। ऐसा नहीं है कि यह पहला ही युद्ध हुआ है,इतिहास में ऐसे अनेक युद्ध हुए हैं जिसमें वहां की जनता एवं वहां का नागरिक युद्ध की त्रासदी हिंसा की विभीषिका और परमाणु युद्ध के परिणामों को बुरी तरह अनुभव कर चुका है। क्या यह बात तो रूस के राष्ट्रपति, अमेरिकी राष्ट्रपति और यूक्रेन के राष्ट्रपति नहीं जानते हैं, किंतु अपनी विस्तार वादी नीतियों एवं अनावश्यक जिद, गुरुर के कारण लाखों नागरिकों को मौत के मुंह में धकेल दिया है।

# युद्ध का खमियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ रहा

**डॉ. श्रीनाथ सहाय**


यह बढ़ोतरी किस्तों में होगी, लेकिन रोजाना दाम बढ़ने लगभग तय हैं। एकमात्र विकल्प भारत सरकार के पास है कि वह तेल पर करों में कटौती करे। विश्लेषण ऐसे भी सामने आ रहे हैं कि यदि बाजार में कच्चे तेल की कीमतें 5 डॉलर प्रति बैरल और बढ़ गईं, तो भारत सरकार को 95,000 करोड़ रुपए तक का नुकसान उठाना पड़ सकता है। यह बहुत भारी राशि है, नतीजतन अर्थव्यवस्था को एक बार फिर गोता खाना पड़ सकता है। सिर्फ पेट्रो पदार्थ ही महंगे नहीं होंगे, मुद्रास्फीति भी बढ़ेगी। खाद्य तेल और खाद, उर्वरक की कीमतें और देश का कुल बिल भी काफी बढ़ेगा।यही नहीं, विभिन्न धातुएं, खनिज, ऑटोमोबाइल्स, मोबाइल आदि में इस्तेमाल की जाने वाली सेमीकंडक्टर चिप्स आदि भी महंगे होंगे, नतीजतन देश के कुल राजस्व में कमी आ सकती है


**यूक्रेन** और रूस के बीच जारी जंग से पूरी दुनिया सहमी हुई है। दोनों देशों के युद्ध का खमियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है। युद्ध से इन दोनों देशों को तो नुकसान हो ही रहा है, लेकिन इससे पूरी दुनिया पर जो महंगाई बम फूटा है, उससे कोई भी देश अछूता नहीं है। इसी कड़ी में ईंधन ने आम आदमी की जेब पर तगड़ा असर डाला है। भारत के दृष्टिकोण से देखें तो वर्ष 2014 के बाद से तेल की कीमत अपने उच्च स्तर पर है। कयास लगाए जा रहे हैं कि चुनाव बीतने के साथ ही जनता पर महंगाई का और बोझ बढ़ेगा। जापानी रिसर्च एजेंसी नोमुरा की हाल में आई रिपोर्ट में कहा गया था कि रूस-यूक्रेन युद्ध आगे खिंचता है तो इसके चलते एशिया में सबसे ज्यादा नुकसान भारत को होने वाला है। कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के बाद भी देश में बीते चार महीनों से पेट्रोल-डीज के दाम स्थिर बने हुए हैं। हालांकि, इसके पीछे देश के पांच राज्यों में जारी विधानसभा चुनाव को कारण बताया जा रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार, 10 मार्च को चुनाव परिणाम सामने आने के बाद देश में इनकी कीमत बढ़ सकती है। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में हो रहे इजाफे के कारण घरेलू बाजार में जल्द ही पेट्रोल-डीजल की कीमतें बढ़ने की आशंका बढ़ गई है। ऐसे में बीते दिनों लोकलसर्किल की ओर से कराए गए एक सर्वे रिपोर्ट के मुताबिक, 42 फीसदी परिवारों का कहना है कि वे पेट्रोल-डीजल की कीमतों में एक और बढ़ोतरी बर्दाश्त नहीं कर पाएंगे और गैर-जरूरी सामान की खरीदारी बंद कर देंगे। सर्वे में शामिल 24 फीसदी लोगों ने कहा कि वे पहले ही गैर-जरूरी सामान की खरीदारी पर खर्च बंद कर चुके हैं। दरअसल, भारत जरूरत का 85 फीसदी कच्चा तेल और जरूरत का 50 फीसदी नैचुरल गैस आयात करता है। अगर इन दोनों की कीमत इंटरनेशनल मार्केट में बढ़ती है तो जाहिर है भारत का आयात बिल बढ़ जाएगा। रूस का यूक्रेन पर आक्रमण के बाद इंटरनेशनल मार्केट में कच्चा तेल आसमान पर पहुंच गया है तो दूसरी ओर गैस के दाम भी बढ़ गए है। यही वजह है कि भारत का आयात बिल 600 अरब डॉलर पार पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। भारत और यूक्रेन के बीच प्रतिवर्ष लाखों डॉलर का व्यापार होता है। भारत यूक्रेन को दवाइयां



और इलेक्ट्रिक मशीनरी आदि का निर्यात करता है और यूक्रेन से खाने वाले तेल, खाद और न्यूक्लियर रिएक्टर जैसी जरूरी चीजों का आयात करता है। यदि जंग शुरू हुई तो यह व्यापार बंद हो सकता है, जिससे दोनों देशों को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। रूस को अपनी विस्तारवादी नीति को छोड़ देना चाहिए। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार आम भारतीय का सुकून छिनने का बुनियादी कारण यह है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत करीब 115 डॉलर प्रति बैरल हो गई है। यह दाम 150 डॉलर प्रति बैरल तक उछल सकते हैं। तेल 2014 के बाद इतना महंगा हुआ है। पेट्रोलियम प्लानिंग एंड एनालिसिस सेल के मुताबिक, भारतीय बास्केट के कच्चे तेल के दाम 1 मार्च, 2022 को 102 डॉलर प्रति बैरल से अधिक हो गए हैं। दिसंबर, 2021 में इसकी औसत कीमत करीब 73 डॉलर थी। तेल कंपनियों को भी अतिरिक्त मुनाफा हो रहा था। कच्चा तेल महंगा होने के कारण सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों को 5-7 रुपए प्रति लीटर का घाटा उठाना पड़ रहा है। लिहाजा अब खुदरा कीमतों में 9 रुपए प्रति लीटर अथवा 10 फीसदी की बढ़ोतरी करने की जरूरत है, ताकि तेल विपणन कंपनियां अपना औसत मुनाफा बरकरार रख सकें। रूस-यूक्रेन युद्ध ने तेल की इन कीमतों को लेकर आग में घी का काम किया है। अब यह सवाल किया जाने लगा है या डर सताने लगा है कि यदि यह युद्ध लंबा खिंच गया, तो अर्थव्यवस्था और अन्य स्थिरताओं के हालात क्या होंगे? क्या कोरोना महामारी के बाद एक और भयावह झटका झेलना पड़ सकता है? चूंकि पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों का दौर 7 मार्च को समाप्त हो रहा है और 10 मार्च को जनादेश के नतीजे घोषित किए जाएंगे, लिहाजा सुकून के कुल 7 दिन ही शेष हैं। चुनाव परिणाम के साथ ही पेट्रोल-डीजल के दामों में जबरदस्त उछाल तय है। करीब 20-25 रुपए प्रति लीटर कीमतें बढ़ाई जाएंगी। हालांकि यह बढ़ोतरी किस्तों में होगी, लेकिन रोजाना दाम बढ़ने लगभग तय हैं। एकमात्र विकल्प भारत सरकार के पास है कि वह तेल पर करों में कटौती करे। विश्लेषण ऐसे भी सामने आ रहे हैं कि यदि बाजार में कच्चे तेल की कीमतें 5 डॉलर प्रति बैरल और बढ़ गईं, तो भारत सरकार को 95,000 करोड़ रुपए तक का नुकसान उठाना पड़ सकता है। यह बहुत भारी राशि है, नतीजतन अर्थव्यवस्था को एक बार फिर गोता खाना पड़ सकता है। सिर्फ पेट्रो पदार्थ ही महंगे नहीं होंगे, मुद्रास्फीति भी बढ़ेगी। खाद्य तेल और खाद, उर्वरक की कीमतें और देश का कुल बिल भी काफी बढ़ेगा।यही नहीं, विभिन्न धातुएं, खनिज, ऑटोमोबाइल्स, मोबाइल आदि में इस्तेमाल की जाने वाली सेमीकंडक्टर चिप्स आदि भी महंगे होंगे, नतीजतन देश के कुल राजस्व में कमी आ सकती है। यदि भारत सरकार ही इस संभावित आर्थिक बोझ को खुद ही वहन करेगी, तो सामाजिक सुरक्षा और जन-कल्याण की योजनाओं पर उल्टा असर पड़ेगा। विकास-कार्य भी अवरुद्ध होंगे। हर आने वाला दिन औसत भारतीय की जेब पर भारी पड़ेगा। मुद्रास्फीति से महंगाई ही नहीं बढ़ेगी, बल्कि सबसिडी का बिल भी बढ़ेगा। सबसिडी को कम करना ही देशहित में है।

इसके साथ निवेशकों की चिंता व बेचैनी, विदेशी निवेशकों द्वारा धन निकालना, फिर शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव और समूचे कारोबारी माहौल पर असर को जोड़ा जाना चाहिए। अर्थव्यवस्था और बाजार पर यूक्रेन का साया लंबा हो सकता है। जीवन बीमा निगम के आनेवाले शेयरों पर भी जोखिम हो सकता है। इन सभी का सामना आर्थिक नीति से आसानी से नहीं किया जा सकता है। तेल के वैश्विक मूल्यों और विदेशी आयात पर निर्भर विकासशील देश होने के नाते भारत को इन असरों को किसी तरह सहना होगा। घरेलू अर्थव्यवस्था में गति आयी है और महामारी के बाद सुधार संतोषजनक है। केंद्रीय बजट में पूंजीगत खर्च बढ़ाने के संकेत हैं। इन सबके बावजूद यह ध्यान में रखा जाना चाहिए कि यूक्रेन की लड़ाई का भारत की आर्थिक गतिशीलता पर नकारात्मक प्रभाव हो सकता है। कई अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत पर दबाव दिया जाता रहा है कि वह सबसिडी कम करे। कच्चा तेल महंगा होने से उसका बिल करीब 50 फीसदी बढ़ गया है। आसन्न आर्थिक संकट तो यह है कि हमारी सूक्ष्म, लघु, मध्यम कंपनियों के भुगतान, रूस में ही करीब 3500 करोड़ रुपए के, अटके-लटके पड़े हैं। चूंकि रूस को अंतरराष्ट्रीय इंटर बैंकिंग सिस्टम स्विफ्ट से बाहर कर दिया गया है, तो एमएसएमई सेक्टर का भुगतान कैसे होगा? वह पैसा कब और कैसे आएगा, युद्ध ने उसकी अनिश्चितता बढ़ा दी है। यूक्रेन के साथ हमारा कारोबार बहुत ज्यादा नहीं है, लेकिन फार्मा कंपनियां वहां काफी निर्यात करती हैं, लेकिन रूस के साथ हमारा रक्षा कारोबार बहुत है। जो करार हो चुके हैं, उनके तहत रक्षा हथियारों और उपकरणों की सप्लाई होनी है। यदि युद्ध लंबा खिंचा और स्विफ्ट सरीखी आर्थिक पाबंदियां नहीं हटाई गईं, तो क्या होगा? युद्ध खत्म होने के बाद भी हालात सामान्य होने में वक्त लगेगा। कुल मिलाकर ये युद्ध भारत सरकार और आम भारतीय की जेब पर भारी पड़ेगा।

**-लेखक राज्य मुख्यालय लखनऊ, उत्तर प्रदेश में मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।**

# लोगों का मन बदले, अपराध की मानसिकता समाप्त हो

**ललित गर्ग**

दुनिया के बहुत सारे देशों में फांसी की सजा का प्रावधान समाप्त किया जा चुका है और भारत में भी फांसी की सजा को समाप्त करने की मांग लगातार उठ रही है। प्रश्न है कि क्या मौत की सजा जैसे सख्त कानूनों के प्रावधान करने मात्र से अपराधों एवं अत्याचारों पर नियंत्रण पाया जा सकता है? अपराधों को कठोर कानूनों के जरिये रोकने से ज्यादा जरूरी है कि समाज में ऐसी जागृति लाई जाये कि लोगों का मन बदले, अपराध की मानसिकता समाप्त हो। अपराधी को समाप्त करने की बजाय अपराध के कारणों को समाप्त किया जाना चाहिए। इसी के मद्देनजर अब सर्वोच्च न्यायालय ने आदेश दिया है कि मौत की सजा पाए व्यक्तियों का मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन भी अवश्य किया जाए। इसके लिए चिकित्सा संस्थानों के सुयोग्य मनोवैज्ञानिकों और मनोचिकित्सकों की टीम गठित की जाए। सर्वोच्च न्यायालय के इस आदेश से मौत की सजा के मामलों में दंड तय करने और अपराध विज्ञान के क्षेत्र में अध्ययन के कुछ बेहतर नतीजों की उम्मीद है। संभवत यह अपराधमुक्त समाज की संरचना बनाने में कारगर सिद्ध होगा। बढ़ते अपराधों की वजहों में खास हैं समाज की असंतुलित एवं भेदभावपूर्ण संरचना, अमीरी-गरीबी की बढ़ती खाई, नैतिक एवं चारित्रिक मूल्यों को धुंधलाने की कुचेष्टाएं, कुंठित लोगों की आपराधिक मानसिकता, न्याय-प्रक्रिया की जटिलता और फैसलों में देरी है। यही कारण है कि सर्वोच्च न्यायालय ने एक सार्थक पहल करते हुए मौत की सजा पाए व्यक्तियों का मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन करने का आदेश उत्तर प्रदेश, बिहार और महाराष्ट्र के उच्च न्यायालयों द्वारा सुनाई गई मौत की सजा के विरुद्ध दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दिया है। किसी को मौत की सजा देना सभ्य समाज की निशानी नहीं माना जाता। यह बर्बर समाज की कार्रवाई मानी जाती है। इसीलिए दुनिया के बहुत सारे देशों में ऐसी सजा का प्रावधान समाप्त कर दिया गया है। किसी भी समाज के निरंतर विकास करने के लिए समाज में शांति और सुरक्षा का वातावरण जरूरी है और इसके लिए उसे अपराध मुक्त होना परम आवश्यक है। प्रत्येक देश की सरकार का प्रथम कर्तव्य है कि वह समाज और देश को बाह्य एवं आन्तरिक नकारात्मक शक्तियों से मुक्त रखने के लिए समुचित व्यवस्था करें। समाज को अपराध मुक्त रखने के लिए अपराध और अपराधी के मनोविज्ञान को समझना आवश्यक है, यदि अपराधी की मनोवैज्ञानिक प्रवृत्ति का अध्ययन कर उसको मजबूर करने वाली परिस्थितियों को बनने से ही रोक दिया जाय, तो समाज को अपराधमुक्त करना अथवा न्यूनतम अपराध वाले समाज की श्रेणी में लाने में मदद मिल सकती है। बड़ा सच है कि कोई जन्मजात अपराधी नहीं होता। कुछ परिस्थितियों के चलते अपराधी बन जाते हैं, कुछ संगत के चलते, तो कुछ मनोविकारों के चलते। मगर जब अपराधी की सजा तय होती है, तो साक्ष्यों पर ही अधिक ध्यान दिया जाता है, अपराध के कारणों पर नहीं। कानून की विडम्बना एवं विसंगति सदियों से चली आ रही है कि अपराधी को समाप्त करने के कठोर प्रावधान है, लेकिन अपराध को रोकने का कोई उपक्रम नहीं है।

यही कारण है अपराध की प्रकृति और उसकी गंभीरता के मद्देनजर सजा का निर्धारण किया जाता है। जघन्य अपराधों में कठोरतम सजा के रूप में फांसी का प्रावधान है। इसलिए हमारे यहां सजा-ए-मौत के मामले भी बहुत आते हैं। फिर निचली अदालतों के उन फैसलों को उच्च और उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी जाती है। अंतिम रूप से राष्ट्रपति से जीवनदान पाने की गुहार लगाने का विकल्प भी है। हालांकि हमारे यहां फांसी की सजा समाप्त करने की मांग भी लंबे समय से उठती रही है, क्योंकि इस सजा के बाद व्यक्ति के सुधरने या अच्छा नागरिक बनने की संभावना समाप्त हो जाती है। कानून, व्यवस्था, सुरक्षा और न्याय सभी बैशाखियों पर लटक गये हैं। यही वजह है कि आज गलत कार्यों- अपराधों के अंजाम पा लेने के बाद न्यायिक जांच का सवाल उठता है। उससे पहले अधिकारियों की आंखें खुलती नहीं। बड़ा प्रश्न है कि अपराधों की उम्र कितनी? तो शायद सार्थक उत्तर हो सकता है- जागने में समय लगे मात्र उतनी। यानी जघन्य अपराध करने वालों के मानस का अध्ययन कर समझने का प्रयास किया जाये कि आखिर उस व्यक्ति ने किन परिस्थितियों के चलते ऐसा कदम उठाया। उन परिस्थितियों को समाप्त किया जाये तो अपराध स्वतः समाप्त हो जायेगा।

## व्यंग्य

# संवाददाता और न्यूज एंकर नींद में कब से खड़े हैं

**सुनील कुमार महला**

जब से रूस- यूक्रेन का युद्ध छिड़ा है, संवाददाता और न्यूज एंकर, न्यूज से लगातार भिड़ा है। यही सिलसिला है जो इन दिनों चल पड़ा है। संवाददाता और न्यूज एंकर नींद में कब से खड़े हैं। नींद में ही न्यूज पर न्यूज जो जड़े हैं।अजी ! न्यूज ही रोटी है, बढ़ती ये चोटी है, नहीं ये छोटी है, इसमें ही बोटी है, कमाई ये मोटी है, इसलिए नींद लेना अब बात कोई खोटी है। बेचारे मीडिया वाले सोये नहीं हैं। नींद में झूम रहे हैं, लेकिन खोये खोये नहीं है। न्यूज बुलेटिन रूम में लगातार घूम रहे हैं। न्यूज के पन्ने चूम रहे हैं। जमाने की ये "टूम" (गहने) रहे हैं। पलकें भारी हैं, ये तगड़े व्यापारी हैं, न्यूज जबान पर चढ़ी है, खंबे जैसी खड़ी है, जैसे कोई हथकड़ी है। श्रोताओं पर इनके द्वारा न्यूज अब जानी जड़ी है। न्यूज की मच रही फड़फड़ी है। बेचारे आंखों पर आंखें मसल रहे हैं, युद्ध के धुएं की गर्मी है, नहीं नींद में ये कोई बेशर्मी है। आग ही आग है, लगी भागमभाग है। आग के गोले हैं, बन गए जो शोले हैं, अजी ! मीडिया की तूती लगातार बोले है। मन जिस मीडिया का आम आदमी पर डोले है। नींद में काम करते होले होले हैं, हालत खराब है लेकिन न्ूज जज्बा जिंदा है, रूस-यूक्रेन युद्ध पर ये मीडिया-सीडिया शर्मिंदा हैं लेकिन मीडिया ही इक असली बंदा हैं, तगड़ा ये काम-धंधा है। सोना, चांदी, तेल वेल,सिलेंडर फिलेंडर को छोड़ दो, बाकी सब ओर मंदा है।अजी! युद्ध ठीक नहीं ये युद्ध तो फंदा ही फंदा है। युद्ध का काम गंदा है। मर रहा, घायल हो रहा जिसमें बंदा ही बंदा है। मीडिया लेकिन कवरेज के लिए हो रहा अंधा है। यही वो परिंदा है जो नींद में होने के बावजूद भी न्यूज में अपना "पर" मार रहा है। न जाने कितनों को तार रहा है ?संवाददाता, न्यूज एंकर परेशान हैं। किसी भी हालत में नींद पूरी नहीं हो पा रही है। फिर भी नींद में न्यूज गदर पर गदर मचा रही है, फड़ाफड़, धड़ाधड़, चड़ाचड़, खड़ाखड़ न्यूज बुलेटिन जारी है, न्यूज पर न्यूज निकल रही है।न्यूज का धुंआ हैं, बन रहा कुंआ पर कुंआ हैं। रूस ने यूक्रेन पर यूक्रेन ने रूस पर पटका बम,गोला, कुछ तो वहाँ जरूर हुआ है। संवाददाता/ न्यूज एंकर के मुंह से निरंतर संवाद निकल रहे हैं और कढ़ी की तरह दर्शकों पर बिखर रहे हैं। दर्शक भी बैठे बैठे न्यूज की कढ़ी चाट रहे हैं, न्यूज सुनकर पड़ौसियों को भी,जिन्होंने न्यूज नहीं सुनी, न्यूज की चटपटी, खटपटी कढ़ी ही बांट रहे हैं। दर्शक न्यूज की कढ़ी से लोटपोट हैं, रूस और यूक्रेन आज दर्शकों के लिए जैसे बन गए हाट स्पॉट हैं। जुबान रूस यूक्रेन पर टिकी है, शेष सब बातें फीकी हैं।स्वाद अनोखा है, ये तो चोखा है, किसने तुमको रोका है, नहीं ये तो न्यूज क्या नींद से हो रहा सरासर कोई धोखा है। दर्शक भी चित्त हैं, ये कैसा चलचित्र है ? एंकर, संवाददाता कुछ भी मानने को तैयार नहीं है, व्यापार जारी है, कोरोना की बातें हवा हुई, नहीं ये कोई महामारी है, युद्ध ही मीडिया के लिए चमत्कारी है, इसमें रोटी है, बाकी सब ठीक है, एक बात जान लो ये नींद सींद खोटी है। धंधे की बात है, नींद को मारी चोखी( अच्छी) लात है। एंकर नींद में पस्त है लेकिन बड़ा जबरदस्त है। न्यूज देने में हाथी जैसा मदमस्त है। वो दे मारी न्यूज, वो उठाई वो पटकी, वो झटकी, वो फटकी, वो लटकी, वो चटकी। उठापटक का खेल जारी है। मजे पर मजा आ रहा है। न्यूज पर न्यूज पटकी, डटकी ,चटकी, लटकी,भटकी जा रही है। जोर लगा के ह ई...ई..स...सा...! न्यूज निकल नहीं रही थी, लो न्यूज आ गई। घुस गई, छूर्र घुस्स...! टीवी सेट से आवाज आ रही है, न्यूज गोले की तरह निकल रही है। आवाज भारी है, न्यारी न्यारी है। टन...टन....टरडनन..टन..टन...टरडनन...सबसे तेज...उठा लो कुर्सी... उठा लो मेज...सजा लो सेज...हो जाए...क्रेज...ये है फेज....न्यूज डेज...सबसे... तेज....सबसे फास्ट... आओ मत लास्ट...ये है ब्लास्ट...!

दिल थाम के बैठिए, कान,नाक,आंखें सब अपनी अब खोलिए, मीडिया की जय जय तो बोलिए। सनसनीखेज न्यूज है, एंकर न्यूज टेबल पर हाथ पांव पटक रहा है, नींद में सटक रहा है, लेकिन न्यूज रूम से न्यूज पर न्यूज झटक रहा है। न्यूज पढ़ते समय थूक की कुछ बूंदें निकल रही हैं, कैमरे की स्क्रीन पर छिटक रहीं हैं और यही कारण है कि टीवी स्क्रीन पर दर्शकों को भी दिखाई दे रहीं हैं। न्यूज रसदार है, असली ये वार है, कोई चमत्कार है, संवाददाता, एंकर का नींद में जबरदस्त व्यवहार है। अजी !

# युद्ध के विरूद्ध खड़ा हो भारत

**आर.के. सिन्हा**

रूस के हमलों से तार-तार हो रहे यूक्रेन से आ रही खबरें और तस्वीरों को देखकर किसी भी सॅवेदनशील व्यक्ति का दिल दहल रहा है। रूसी सेनाएं लगातार हमले बोल रही है। उससे जान-माल की बड़े स्तर पर तबाही हो रही है। बम वर्षा से मानवता मर रही है। विश्व बिरादरी की तमाम अपीलों से बेरपवाह रूस यूक्रेन पर हल्ला बोल रहा है। क्यों नहीं किसी भी मसले का हल वार्ता से निकलता। अगर बातचीत के बाद हल नहीं निकल रहा है, तो समझ लें दोनों में से कोई पक्ष शांति और अमन को लेकर गंभीर नहीं है। उन्होंने दुनिया के हर अहम शहर में बने उन कब्रिस्तानों को नहीं देखा जहां पर पहले,दूसरे विश्व युद्ध या फिर किसी अन्य जंग के शहीद चिर निद्रा में हैं। पिछले 100-125 सालों में विभिन्न जंगों में करोड़ों लोगों की जान गई है। आखिर किसी को क्या मिल गया इतने लोगों को मार देने के बाद भी। युद्ध के विरूद्ध साहिर लुधियानवी की कालजयी नज्म के कुछ हिस्सों को पढ़ लेंः- खून अपना हो या पराया हो , नस्ल-ए-आदम का खून है । आखिर जंग मशरिक में हो कि मगरिब में अम्न-ए-आलम का खून है ।आखिर बम घरों पर गिरें कि सरहद पर रूह-ए-तामीर ज़ख़्म खाती है...॥ बेशक, जंग के विचार पर इतना करारा हमला शायद ही किसी अन्य लेखक ने किया हो। अगर आप राजधानी में रहते हैं, तो आप कभी आपको धौला कुआं के करीब दिल्ली वार सिमिट्री में अवश्य जाना चाहिए। यहां पर चौतरफा हरियाली के बीच पहले और दूसरे विश्व युद्ध के योद्धा चिर निद्रा में हैं। ये कब्रिस्तान एक हरा-भरा मैदान सा लगता है,जिसके कुछ भागों में क्रम से योद्धाओं की कब्रें हैं। इन कब्रों पर संगमरमर के पत्थर पर युद्ध में प्राणों की आहुति देने वाले सैनिकों का संक्षिप्त परिचय मिलता है। इन सभी शहीदों की आयु को पढ़कर मन उदास हो जाता है। ये सब 22 से 25 साल तक के हैं। जरा सोचिए कि युद्ध की विभीषका के कारण भरी जवानी में ये सब जान गंवा बैठे। इनके भी माता-पिता होंगे, इनके भी भाई-बहन और अपने करीबी होंगे। दिल्ली वार सिमिट्री में 1951 में इलाहाबाद, कानपुर,देहरादून और लखनऊ से कब्रों के अवशेष यहां पर लाए गए थे। ये सब प्रथम विश्व युद्ध के शहीद थे। इधर ग्यारह सौ से अधिक कब्रें हैं। ये कब्रिस्तान बीच-बीच में आबाद हो जाता है,जब यहां पर पर्यटकों का कोई जत्था आता है। ये जत्थे प्रायः ब्रिटेन, कनाडा या अमेरिका के नागरिकों के ही होते हैं।दिल्ली वार सिमिट्री में गोरखा रेजिमेंट से जुड़े अंग्रेज सैनिकों की भी समाधियां है। आपको इस तरह के कब्रिस्तान भारत के कई शहरों के अलावा सिंगापुर, थाईलैंड वगैरह में भी मिलेंगे। सिंगापुर के कब्रिस्तान में पंजाब रेजीमेंट के सैकड़ों सिपाहियों की कब्रें हैं,जो पहले या दूसरे विश्व युद्ध में शहीद हुए थे। ब्रिटिश प्रधानमंत्री पीएम बोरिस जॉनसन कह रहे हैं कि रूस दूसरे विश्व युद्ध के बाद यूरोप में सबसे बड़ी जंग की तैयारी कर है। इससे पहले दुनिया दो विश्व युद्ध झेल चुकी है और उन दोनों जंग में जितनी तबाही मची थी, वो तीसरे विश्व युद्ध में मचने वाली उससे कहीं विनाशकारी तबाही की भयानक तस्वीर दिखाती हैं। दोनोंविश्व युद्ध में दुनिया में न सिर्फ करोड़ों लोगों की मौत हुई थी, बल्कि, ज्यादातर देशों में भुखमरी, बेरोजगारी और भारी महंगाई जैसे हालत भी बन गए थे। सारी दुनिया देख रही है कि यूक्रेन पर रूस के ताबड़तोड़ हमलों से तबाही मच रही है। इस युद्ध और तबाही के बीच यूक्रेन के आम नगरिक डरे-सहमें हुए हैं। हमलों की वजह से टूटे-बिखरे घर और जगह-जगह लगी आग से बचते-भागते लोग दिखाई दे रहे हैं। बुजुर्गों से लेकर बच्चों की बेबसी उनकी भीगी आंखों में साफ देखा जा सकता है । यानी यूक्रेन में स्थिति बेहद भयावह हो चुकी है। मैंने 1971 का युद्ध एक पत्रकार के रूप में पूर्वी पाकिस्तान ( अब बांग्लादेश) जाकर कवर किया था। वहां पर मैंने युद्ध से हुई तबाही को अपनी आँखों से देखा था।

हजारों-लाखों बेकसूर इंसान शहीद हुए थे और असंख्य विकलांग। लाखों बॅगाली बच्चियों और महिलाओं का पाकिस्तानी सान्कों ने बेरहमी से बलात्कार किया था! हम उस युद्ध में विजयी तो हुए थे पर किस कीमत पर। उस जंग के शहीदों के अलावा भारत की 1948 और 1965 में पाकिस्तान से तथा 1962 में चीन से जंग हो चुकी है।

इसके अलावा, कारगिल और श्रीलंका में भी भारतीय सेना के हजारों शूरवीरों ने देश के लिए अपनी जान का नजराना पेश किया है।


# 'जंग किसी भी समस्या का समाधान नहीं'

**महेश शर्मा**

**रूस-यूक्रेन** युद्ध के चलते दुनिया पर हर पल तीसरे विश्वयुद्ध होने के घातक बादल मंडराने लगें हैं। इस जंग के चलते दो धड़ों में विभाजित दुनिया एक बार फिर से एक बहुत बड़े युद्ध के मुहाने पर अचानक से आकर खड़ी हो गयी है। दुनिया में आज हालात ऐसे बन गये हैं कि ताकतवर देशों के हुक्मरानों ने अगर अपना युद्ध के लिए उकसाने वाला रवैया और युद्ध को बढ़ावा देने वाला अपना रवैया तत्काल ही नहीं त्यागा तो भविष्य में स्थित बेहद भयावह हो सकती है। आज समय की मांग है कि दुनिया में अपनी चौधराहट चलाने वाले चंद ताकतवर देश रूस-यूक्रेन के युद्ध को जल्द से जल्द रोकने के लिए बातचीत के माध्यम से धरातल पर तत्काल प्रभावी सकारात्मक कदम उठाएं। क्योंकि रूस-यूक्रेन का युद्ध लंबा समय तक चलने कि स्थिति में भविष्य में इस युद्ध का दायरा रूस-यूक्रेन के साथ-साथ अन्य देशों की भागीदारी होने के चलते बढ़ने की बहुत प्रबल संभावना है, जिसकी वजह से युद्ध के चलते भविष्य में दुनिया भर में बहुत बड़े पैमाने पर जान-माल के नुकसान होने की संभावना बन सकती है, इसलिए इस ज्वलंत मसले से जुड़े हुए सभी पक्षों को समय रहते यह समझना ही होगा कि युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं है, बल्कि समस्या का समाधान बैठकर आपसी बातचीत से ही संभव है। वैसे भी रूस-यूक्रेन के आपसी विवाद का अगर निष्पक्ष रूप से आंकलन करें तो कुछ माह पूर्व से लड़ने पर अमादा बैठे रूस-यूक्रेन के बीच हालात को बिगाड़ने में बहुत सारे देशों की अपने क्षणिक स्वार्थ के चलते बेहद महत्वपूर्ण नकारात्मक भूमिका रही है, उन चंद देशों के बडबोले हुक्मरानों ने पल-पल रूस-यूक्रेन के तनाव को युद्ध की आग के रूप में भड़काने के लिए उसमें अपने बेहद तल्ख जहरीले उकसाने वाले बयानों का घी व कपूर डालकर उसको माचिस की जलती तिल्ली दिखाने का कार्य बखूबी किया है। आज के समय में यह

## रूस के हमले के बाद यूक्रेन में घरेलू फुटबॉल टूर्नामेंट बंद, फीफा से मुकाबला स्थगित करने को कहा

**नई दिल्ली।** ज्यूरिख। फुटबॉल की वैश्विक संचालन संस्था फीफा ने कहा है कि यूक्रेन ने स्कॉटलैंड के खिलाफ विश्व कप क्वालीफाइंग मुकाबला स्थगित करने की मांग की है। यूक्रेन पर रूस



के हमले के बाद देश में घरेलू फुटबॉल टूर्नामेंट बंद हो गए हैं।

फीफा ने गुरुवार को कहा, फीफा पुष्टि कर सकता है कि उसे आज यूक्रेन फुटबॉल संघ से मार्च में होने वाले उनके मुकाबलों को स्थगित करने का निवेदन मिला है।यूक्रेन को 24 मार्च को ग्लास्गो में स्कॉटलैंड से भिड़ना है। इस मैच का विजेता पांच दिन बाद वेल्स और आस्ट्रिया के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेगा जिससे कतर में इस साल होने वाले विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने वाली टीम का फैसला होगा।

## टाटा आईपीएल का आधिकारिक साझेदार होगा रूपे

**नई दिल्ली।** घरेलू कार्ड भुगतान नेटवर्क रूपे इस महीने शुरू हो रहे टाटा आईपीएल का आधिकारिक साझेदार होगा। राष्ट्रीय भुगतान

RuPay

प्रणाली निगम (एनपीसीआई) ने एक विज्ञप्ति में कहा ,'' यह कई साल की साझेदारी होगी।''आईपीएल अध्यक्ष बृजेश पटेल ने कहा ,'' रूपे के इंडियन प्रीमियर लीग 2022 से जुड़ने से हम काफी खुश हैं। इससे भारत के दो अपने ब्रांड साथ आकर दुनिया भर में लाखों भारतीयों पर बड़ा प्रभाव छोड़ेंगे।'' आईपीएल 2022 इस साल 26 मार्च से 29 मई तक खेला जायेगा।

## भारत में नहीं चलेगी अलग प्रारूप में अलग कप्तान की नीति, कार्तिक ने कहा




**मुंबई।** अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने भारतीय टीम के लिए सभी तीन प्रारूप में एक ही कप्तान का समर्थन करते हुए कहा कि अलग प्रारूप में अलग कप्तान की नीति यहां नहीं चलेगीकार्तिक ने श्रीलंका के खिलाफ शुक्रवार से शुरू हो रहे पहले टेस्ट के साथ टेस्ट कप्तान के रूप में पदार्पण करने जा रहे रोहित शर्मा को सभी प्रारूपों में कप्तान बनाए जाने की सराहना की।

कार्तिक ने 'आईसीसी रिव्यू' में कहा, ''भारत जैसे क्रिकेट देश को एक कप्तान की जरूरत है।'' उन्होंने कहा, ''सभी तीनों प्रारूप के लिए एक कप्तान के साथ काम करना काफी आसान है।'' कार्तिक ने कहा, ''मुझे याद है कि महेंद्र सिंह धोनी ने कहा था कि भारत में अलग प्रारूप के लिए अलग कप्तान की नीति इतनी अच्छी तरह काम नहीं करेगी। हमारे साथ ऐसा अनुभव नहीं हुआ है इसलिए हमें नहीं पता। लेकिन अगर इस समय मैं देखूं तो मुझे लगता है कि वह (रोहित) सही व्यक्ति है। वह जब भी किसी चीज को छूता है तो वह सोना बन जाती है। वह जिस भी श्रृंखला का हिस्सा रहा उसे आसानी से जीता।'' कार्तिक ने भारतीय गेंदबाजों का इस्तेमाल करने के तरीके और युवा खिलाड़ियों का साथ देने के लिए भी रोहित की सराहना की। भारत ने हाल में न्यूजीलैंड, वेस्टइंडीज और श्रीलंका के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में 3-0 के समान अंतर के साथ क्लीनस्वीप किया।

# डेनमार्क के खिलाफ प्लेऑफ में प्रजनेश की जगह युकी को मिली वरीयता, रामकुमार के साथ करेंगे अगुआई

**नई दिल्ली।** रामकुमार रामानाथन (रैंकिंग 170) और युकी भांबरी (590) डेनमार्क के खिलाफ डेविस कप विश्व ग्रुप-1 प्ले ऑफ टाई के एकल मुकाबलों में उतरेंगे। कप्तान रोहित राजपाल और कोच जीशान अली ने 246वीं रैंकिंग के प्रजनेश गुणेश्वरन के स्थान पर निचले वरीय युकी को वरीयता दी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से गुरुवार को टाई के ड्रा निकाले गए, जिसमें पहले एकल में रामकुमार डेनमार्क के क्रिस्टियन सिग्सगार्ड (833) के सामने होंगे, जबकि दूसरे सिंगल्स में युकी का सामना डेनमार्क के नंबर एक माइकल टोरपीगार्ड से सामना होगा।

**जीतने पर ग्रुप-1 में जाएगा भारत**

दिल्ली जिमखाना में होने जा रहा यह टाई भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। यहां जीत मिलने पर भारतीय टीम को विश्व ग्रुप-1 में जगह मिलेगी। दो दिवसीय इस टाई में अगर भारत को हार मिली तो





वह विश्व ग्रुप दो में चला जाएगा। डेविस कप के इतिहास में कभी ऐसा नहीं हुआ है जब भारत को विश्व ग्रुप दो में रहना पड़ा हो। यही कारण है कि भारत ने इस महत्वपूर्ण टाई के लिए ग्रास कोर्ट को चुना। दिल्ली जिमखाना के ग्रास कोर्ट पर 56 साल बाद डेविस कप टाई होने जा रहा है। इससे पहले 1966 में भारत ने यहां रामानाथन कृष्णन, जयदीप मुखर्जी और प्रेमजीत लाल के दम पर जर्मनी को हराया था।

**रोहन और दिविज युगल में उतरेंगे**

शनिवार को युगल में अनुभवी रोहन बोपन्ना के साथ दिविज शरण खेलेंगे। पहले रामकुमार को रोहन के साथ उतारने की योजना थी, लेकिन दूसरे दिन एकल और युगल में ज्यादा समय नहीं होने के चलते दिविज को खिलाने का निर्णय लिया गया। दोनों विश्व नंबर 17 रहे डेनिश कप्तान फ्रेडरिक नीलसन और योहानेस इंगिल्डसन से खेलेंगे।

उलट एकल में रामकुमार के सामने टोरपीगार्ड और युकी को सिग्सगार्ड से खेलना होगा। अंतिम बार भारत और डेनमार्क के बीच डेविस कप टाई 1984 में आरहुस (डेनमार्क) हुआ था, जहां भारत को 3-2 से जीत हासिल हुई थी। भारत बीते वर्ष फिनलैंड से ग्रुप-1 में हार गया था। जिमखाना में 3800 दर्शकों को आने की अनुमति दी गई है। जिसके लिए कोई टिकट नहीं रखा गया है।

**घास पर मेजबानों को फाएदे की उम्मीद**–डेनिश कप्तान नीलसन का कहना है कि उन्हें भारत के खिलाफ कम आंका जा रहा है, लेकिन उन्हें नहीं लगता है कि किसी भी टीम को यहां अतिरिक्त लाभ मिलने जा रहा है। उनकी टीम को बड़ी टीमों से खेलने का अनुभव है। स्पेन के खिलाफ डेनमार्क का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा था। वह भारत को चौंकाने की पूरी कोशिश करेंगी।

सिग्सगार्ड बेहतरीन फार्म में हैं। वहीं रोहत राजपाल का मानना है कि घसियाले कोर्ट पर खेलने का उन्हें फायदा मिलेगा। रामकुमार यहां काफी प्रैक्टिस कर चुके हैं। वहीं युकी का कहना है कि वह डेविस कप में अब तक ग्रास कोर्ट पर नहीं खेले हैं, लेकिन उन्हें घास पर खेलने का अनुभव है। उन्हें उम्मीद है वह यहां अच्छा करेंगे। भारत 2019 में इटली के खिलाफ 1-3 से कोलकाता में मुकाबला हारा था। यह टाई भी घास पर खेला गया था। दिल्ली जिमखाना में 28 ग्रास कोर्ट हैं। वहीं, विंबलडन में 41 घास के कोर्ट हैं।

## डब्ल्यूटीटी कंटेंडर मस्कट: जी साथियान हारकर बाहर, दो भारतीय महिलाएं पदक की दौड़ में

**नई दिल्ली।** भारत के स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी जी साथियान डब्ल्यूटीटी कंटेंडर मस्कट टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। उन्हें एकल स्पर्धा में चीन के 16 वर्ष के लिन शिडोंग ने हराया। दुनिया के 32वें नंबर के खिलाड़ी साथियान को 8-11, 13-11, 2-11, 8-11 से मात दी।

भारत की दो महिलाएं सुतीर्था मुखर्जी और अयिका मुखर्जी तथा श्रीजा अकुला और एस सेल्वाकुमार महिला युगल वर्ग के पदक दौर में पहुंच गई। महिला युगल में सुतीर्था और अयिका को चेक गणराज्य की डेना ब्लास्कोवा और कैटरीना टोमानोवस्क पर वाकओवर मिला जबकि श्रीजा और सेल्वाकुमार ने सिंगापुर की गोइ रूइ शुआन और वोन शिन रू को 13-11, 12-10, 6-11, 11-7 से मात दी। महिला एकल



में मनिका बत्रा और अर्चना कामथ क्रमशः सिंगापुर की लिन ये और कनाडा की मो झांग को हराकर अंतिम 16 में पहुंच गई। मनिका ने लिन को 12-10, 11-8, 11-8 से हराया। अब उनका सामना रोमानिया की बर्नाडेट एस से होगा जो विश्व रैंकिंग में 23वें स्थान पर है।

अर्चना ने कनाडा की प्रतिद्वंद्वी को 11-6, 10-12, 11-8, 11-9 से हराया। अब उनका सामना मंगोलिया की शियाओशिन यांग से होगा। वहीं श्रीजा अकुला को फ्रांस की जिया नान युआन के हाथों 8-11, 11-7, 8-11, 11-9, 8-11 से पराजय झेलनी पड़ी। मिश्रित युगल में मानव ठक्कर और अर्चना कामथ क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए जिन्होंने तुर्की के अब्दुल्ला यिजेनलेर और ओज्गे यिलमाज को 11-9, 14-12, 11-2 से हराया।

साथियान और मनिका भी अगले दौर में पहुंच गए क्योंकि उनकी प्रतिद्वंद्वी रूसी टीम को खेलने की अनुमति नहीं मिली। गौरतलब है कि आईटीटीएफ ने रूसी खिलाड़ियों पर प्रतिबंध लगा दिया है।

## लगातार दूसरी बार टूर्नामेंट में होगा डीआरएस का इस्तेमाल, ऑस्ट्रेलिया की गार्डनर कोरोना संक्रमित

**मेलबर्न।** आईसीसी महिला विश्व कप में कोरोना ने दस्तक दे दी है। 6 बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलियाई टीम को तगड़ा झटका लगा है। टीम की ऑलराउंडर एश्ले गार्डनर कोरोना संक्रमित पाई गई हैं। महिला विश्व कप में कोरोना का यह पहला मामला है। कोविड की वजह से गार्डनर टूर्नामेंट के शुरुआती कुछ मुकाबले नहीं खेल पाएंगी।

गार्डनर को क्राइस्टचर्च में 10 दिन के लिए एकांतवास में भेज दिया गया। अब वह इंग्लैंड और पाकिस्तान के खिलाफ खेले जाने वाले मुकाबले से बाहर हो गई हैं। अब वह कोविड रिपोर्ट नेगेटिव आने के बाद ही टीम से जुड़ पाएंगी। ऑस्ट्रेलिया की टीम विश्व कप में अपना तीसरा लीग मैच मेजबान न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलेगी। इन मुकाबलों में स्टेडियम में 10 प्रतिशत फैंस की एंट्री है।

महिला क्रिकेट विश्व कप के सभी मुकाबलों में डिसीजन रिव्यू सिस्टम (डीआरएस) का इस्तेमाल होगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने गुरुवार को कहा, चार मार्च से तीन अप्रैल तक खेले जाने वाली प्रतियोगिता की कवरेज अभूतपूर्व होगी। यह दूसरी बार है कि महिला विश्व कप में डीआरएस का प्रयोग हो रहा है। सबसे पहले 2017 में इंग्लैंड में विश्व कप के दौरान इसका इस्तेमाल किया गया था। आईसीसी के बयान के अनुसार, प्रसारण साझेदार दुनियाभर में इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का सीधा प्रसारण करेंगे।

## 100वें टेस्ट में विराट ने हासिल की खास उपलब्धि, सचिन और गावस्कर की सूची में बनाई जगह

**मोहाली।** पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट अपने आठ हजार रन पूरे कर लिए हैं। उन्होंने अपने 100वें टेस्ट मैच में खास उपलब्धि हासिल की है। विराट छठें भारतीय खिलाड़ी हैं, जिन्होंने यह उपलब्धि हासिल की है। उनसे पहले सचिन तेंदुलकर, सुनील गावस्कर और राहुल द्रविड़ जैसे दिग्गज यह खास उपलब्धि हासिल कर चुके हैं। विराट ने अपने 100वें मैच में 38वां रन बनाने ही यह खास उपलब्धि हासिल की।

टेस्ट क्रिकेट में अपने आठ हजार रन पूरे करने के लिए विराट ने 169 पारियां ली हैं। भारत के लिए सबसे तेज आठ हजार टेस्ट रन बनाने के मामले में विराट पांचवें नंबर पर हैं। उनसे पहले सचिन तेंदुलकर 154, राहुल द्रविड़ 158, वीरेन्द्र सहवाग 160 और सुनील गावस्कर 166 पारियों में यह कारनामा कर चुके हैं। वहीं वीवीएस लक्ष्मण भी



भारत के लिए टेस्ट में आठ हजार रन बना चुके हैं।

**कैसा रहा है विराट का टेस्ट करियर**

वेस्टइंडीज के खिलाफ अपने टेस्ट करियर की शुरुआत करने वाले विराट अब तक 27 शतक और 28 अर्धशतक लगा चुके हैं। इस बीच उन्होंने सात बार 200 का आंकड़ा भी पार किया है। वहीं वनडे में कोहली 43 शतक लगा चुके हैं। विराट टेस्ट क्रिकेट में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में छठें स्थान पर आ चुके हैं।

## पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर रोड मार्श का निधन, पिछले हफ्ते आया था हार्ट अटैक

**सिडनी।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर रोड मार्श का 74 साल की उम्र में निधन हो गया। उन्हें पिछले हफ्ते दिल का दौरा पड़ा था और वे कोमा में चले गए थे। एक हफ्ते तक कोमा में रहने के बाद उनका निधन हो गया। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के चेयरमैन डॉ लचलान हेंडरसन ने इस विकेटकीपर बल्लेबाज के निधन की पुष्टि करते हुए कहा 'यह ऑस्ट्रेलियन क्रिकेट और उन लोगों के लिए बहुत दुखद घटना है, जिन्होंने रोड मार्श को प्यार किया और उनकी तारीफ की। रोड ने जिस तरह से क्रिकेट खेला और ऑस्ट्रेलियाई टीमों का हिस्सा रहते हुए, जो सुख उन्होंने फैंस को दिया, उसके लिए उन्हें हमेशा याद किया जाएगा। लिली की गेंद पर मार्श ने पकड़ा कैच। यह वाक्य हमारे क्रिकेट में बहुत अहमियत रखता है।'

रोड मार्श ने 1968 में अपने करियर की शुरुआत की थी और 1984 में संन्यास का एलान



किया था। इस दौरान उन्होंने 257 प्रथम श्रेणी मैचों में 11067 रन बनाए। उनका औसत 31.17 का था। अपने करियर में उन्होंने 869 शिकार भी किए।

**कोच और चयनकर्ता के रूप में भी दी सेवाएं**

रोड मार्श ने प्रतिभावान खिलाड़ियों को पहचानने, उनको कोचिंग देने और बाद में मेंटर के रूप में भी अपनी सेवाएं दी। ऑस्ट्रेलिया के अलावा भी उन्होंने कई देशों में कोच और डायरेक्टर के रूप में काम किया। डेनिस लिली और रोड मार्श की जोड़ी विश्व क्रिकेट में अलग पहचान रखती है। मार्श ने 95 बार डेनिस लिली की गेंद पर कैच पकड़कर कई बल्लेबाजों को पवेलियन का रास्ता दिखाया था। पर्थ में जन्में मार्श ने अपने भाई ग्राहम के साथ क्रिकेट सीखा था। दोनों ने शुरुआत में पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के लिए क्रिकेट खेला। इसके बाद ग्राहम पेशेवर गोल्फर बन गए और ऑस्ट्रेलिया के लिए कमाल किया।

## तीन करोड़ रुपये में बिकने वाले डेवाल्ड ब्रेविस ने कहा- सचिन हमेशा से मेरे प्रेरणा स्रोत रहे

**मुंबई।** दक्षिण अफ्रीका के युवा बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस ने कहा कि सचिन तेंदुलकर शुरू से उनके लिए प्रेरणास्रोत रहे हैं और वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी पहचान बनाने के लिए भारतीय दिग्गज का अनुकरण करना चाहेंगे।

ब्रेविस को दक्षिण अफ्रीका का अगला एबी डिविलियर्स कहा जाता है और उन्हें 'बेबी एबी' भी कहा जाता है। इस 18 वर्षीय खिलाड़ी को आईपीएल 2022 के लिए मुंबई इंडियंस ने अपनी टीम में लिया है। ब्रेविस को मुंबई ने तीन करोड़ रुपये में खरीदा। उन्होंने हाल में अंडर-19




विश्व कप में 506 रन बनाकर शिखर धवन के 2004 में बनाए गए 505 रन के रिकॉर्ड को तोड़ा था। ब्रेविस ने कहा- जिस तरह से वह (तेंदुलकर) खेलते थे वह हमेशा मेरे लिए प्रेरणा रहा। मेरी उनकी पसंदीदा पारियों में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे में लगाया गया दोहरा शतक है। मुझे याद है कि मैंने अपने भाई के साथ वह मैच देखा था। वह एक अद्भुत पारी थी। उन्होंने कहा- मैंने उनकी आत्मकथा 'प्लेइंग इट माइ वे' पढ़ी। मैंने उनसे एक बात सीखी है कि आपको विनम्र रहना होगा क्योंकि घमंड आपको गर्त में ले जा सकता है।

## नए टीकाकरण नियमों से जोकोविच को मिल सकता है फ्रेंच ओपन में खेलने का मौका


**पेरिस।** फ्रांस इस महीने अपने टीकाकरण नियमों में ढील दे रहा है जिससे स्टार टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच के इस साल फ्रेंच ओपन में खेलने का रास्ता साफ हो सकता है। फ्रांस के प्रधानमंत्री जीन कास्टेक्स ने गुरुवार को घोषणा की कि 14 मार्च से खेल स्टेडियम और रेस्टोरेंट जैसी जगहों पर जाने के लिए लोगों को कोविड-19 के खिलाफ टीकाकरण का सबूत नहीं दिखाना होगा। इसका मतलब है कि टीकाकरण नहीं करवाने वाले जोकोविच को मई में रोलां गैरो में खेलने की स्वीकृति मिल सकती है बशर्ते दोबारा पाबंदियां कड़ी




नहीं हों।कास्टेक्स ने कहा, ''हमारे सामूहिक प्रयासों से स्थिति में सुधार हो रहा है। पाबंदियों में छूट के नए चरण की शर्तों को पूरा किया गया है। सोमवार, 14 मार्च से हम जहां भी टीकाकरण पास लागू है उसे निलंबित कर रहे हैं।'' जोकोविच को जनवरी में आस्ट्रेलिया से निर्वासित किया गया था। उन्होंने कानूनी लड़ाई लड़ी थी कि उन्हें देश में प्रवेश की स्वीकृति दी जाए या नहीं। इसके कारण वह आस्ट्रेलियाई ओपन में हिस्सा नहीं ले पाए थे।जोकोविच ने पिछले महीने बीबीसी से कहा था कि अगर टीकाकरण जरूरी है तो वह आगामी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट से भी बाहर रहने को तैयार हैं। जोकोविच ने दो बार फ्रेंच ओपन खिताब जीता है और उनके नाम पर कुल 20 ग्रैंडस्लैम खिताब हैं जो रिकॉर्ड 21 एकल ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने वाले रफेल नडाल से एक कम है। नडाल ने आस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब जीता था।

## पुतिन को भारी पड़ी यूक्रेन से जंग, शीतकालीन पैरालंपिक से रूस और बेलारूस के एथलीटों पर लगा प्रतिबंध

**पेरिस।** शीतकालीन पैरालंपिक से रूसी और बेलारूस के एथलीटों पर प्रतिबंध लगा दिया है। अंतर्राष्ट्रीय पैरालंपिक समिति (आईपीसी) ने कहा कि रूसी और बेलारूसी एथलीट बीजिंग में शीतकालीन पैरालिंपिक में प्रतिस्पर्धा नहीं कर पाएंगे। आईपीसी ने एक बयान में कहा गया कि एक विशेष रूप से बुलाई गई बैठक के बाद गवर्निंग बोर्ड ने बीजिंग 2022 पैरालंपिक शीतकालीन खेलों के लिए रूस और बेलारूस एथलीट की प्रविष्टियों को अस्वीकार करने का फैसला किया गया



है।इसका मतलब है कि इन संबंधित देशों के पैरा एथलीटों को अब 4 मार्च 2022 को शुरू होने वाले खेलों में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी बता दें कि रूस के यूक्रेन पर आक्रमण के बाद प्रतिबंध लगाने के बावजूद, रूसी और बेलारूसी एथलीटों को 4 से 13 मार्च तक बीजिंग शीतकालीन पैरालिंपिक में प्रतिस्पर्धा करने की अनुमति दी गई थी। खेल महासंघों ने दोनों देशों की टीमों और एथलीटों को निलंबित कर दिया है, लेकिन उन्होंने कहा कि अगर समय या कानूनी बाधाओं ने उन्हें हटाने से रोका तो वे तटस्थ के रूप में प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं।आईपीसी ने एक बयान में कहा, ÷वे पैरालंपिक ध्वज के तहत प्रतिस्पर्धा करेंगे और पदक तालिका में शामिल नहीं होंगे। आईपीसी को अपने शुरुआती फैसले के लिए तत्काल आलोचना मिली। जिसके बाद समिति की तरफ से ये निर्णय लिया गया। आईपीसी ने यह भी कहा कि यह स्पष्ट है कि कई एथलीट रूस या बेलारूसियों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने से मना कर देंगे, जिससे पैरालिंपिक के लिए अराजकता पैदा होगी और प्रतिष्ठा को नुकसान होगा।

## पाकिस्तान और आस्ट्रेलिया के पहले टेस्ट पर बारिश, चोट और कोविड का साया

**रावलपिंडी।** पाकिस्तान और आस्ट्रेलिया के बीच शुक्रवार से शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच पर चोट, कोविड-19 के पॉजिटिव मामले और खराब मौसम का साया मंडरा रहा है। दोनों टीम में कम से कम कोविड-19 के एक एक मामले आये हैं। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रऊफ पहले टेस्ट मैच में नहीं खेल पाएंगे जबकि आस्ट्रेलिया के गेंदबाजी सलाहकार फवाद अहमद का परीक्षण भी पॉजिटिव आया है। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हसन अली और आलराउंडर फहीम अशरफ चोटिल होने के कारण बाहर हो गये हैं। उनकी जगह तेज गेंदबाज नसीम शाह और आलराउंडर इफ्तिखार अहमद ने ली है।रावलपिंडी में गुरुवार को हुई बारिश ने दोनों टीमों को अपने अपने होटलों तक सीमित रखा और टेस्ट मैच के आखिरी तीन दिनों में भी बारिश की संभावना जतायी गयी है। यह 1998 के बाद पहला मौका है जबकि आस्ट्रेलिया की टीम पाकिस्तान में टेस्ट मैच खेलेगी। आस्ट्रेलिया की टीम रविवार को पाकिस्तान पहुंची और उसे केवल दो सत्र में अभ्यास करने का मौका मिला। आस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिन्स ने कहा कि वह जानते हैं कि उनकी अंतिम एकादश में कौन से खिलाड़ी शामिल रहेंगे। कमिन्स ने गुरुवार को कहा, ''हमें पता है कि हमारी टीम क्या होगी और हम क्या करना चाहते हैं लेकिन विकेट का अच्छी तरह से आकलन करने तक हम अंतिम निर्णय नहीं करना चाहते हैं।

## लंबी होती जा रही प्रतिबंधों की लिस्ट, अब रूस के अमीर करीबियों पर प्रतिबंध लगाएगा अमेरिका

**वॉशिंगटन।** यूक्रेन पर रूस के हमले की प्रतिक्रिया में अमेरिका रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के करीबी अमीर कारोबारियों और क्रेमलिन के प्रवक्ता के खिलाफ प्रतिबंध लगाएगा। यह बात व्हाइट हाउस की ओर से जारी बयान में कही गई। वहीं रूस में सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक व अन्य मीडिया साइटों को खोलने में लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। व्हाइट ने कहा कि पुतिन के करीबी कारोबारियों और उनकी कंपनियों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाए जाएंगे। जिन लोगों पर प्रतिबंध लगाए जाएंगे उसमें रूसी कारोबारी और खनन कंपनी मेटैलोइनवेस्ट कंपनी के फाउंडर अलीशेर उस्मानोव और क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव शामिल हैं।व्हाइट हाउस की ओर से जारी बयान के अनुसार अमेरिका 19 अमीर कारोबारियों, उनके परिवार वालों और सहयोगियों के खिलाफ वीजा प्रतिबंध भी लगाएगा जो रूस के पक्ष में दुष्प्रचार करने में सक्षम हैं। बयान में कहा गया कि हम चाहते हैं कि पुतिन हमारा दबाव महसूस करें। उल्लेखनीय है अमेरिका पुतिन समेत कई रूसी नागरिकों और कंपनियों पर कई दौर में प्रतिबंध लगा चुका है।

न्यूयार्क टाइम्स के अनुसार यूक्रेन पर हमले को लेकर विश्व के अधिकांश देश रूस के खिलाफ हैं, लेकिन एशिया में मिश्रित प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। म्यांमार के सैन्य शासन ने कहा है कि रूस की कार्रवाई सही है जबकि चीन ने इसे हमला कहने से इन्कार कर दिया है। अमेरिका के सहयोगी देशों ने तो उसका ही पक्ष माना है, लेकिन एशिया के अधिनायकवादी और पश्चिम के साथ कमजोर रिश्ते वाले देश रूस के खिलाफ प्रतिक्रिया करने से बच रहे हैं। एशिया प्रशांत क्षेत्र में केवल जापान, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया और आस्ट्रेलिया ने ही रूस पर प्रतिबंधों का समर्थन किया है।

## कीव में एक और भारतीय छात्र पर भरपा कहर, गोली लगने से अस्पताल में भर्ती

**रेज़ज़ो।** रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध थमने का नाम नहीं ले रहा है। रूस द्वारा यह मंशा साफ जाहिर की जा रही हा कि वह यूक्रेन की राजधानी कीव पर कब्जा करके ही दम लेगा। युद्ध का नौवां दिन है। इस बीच भारत के लिए एक बुरी खबर सामने आई है। रूस द्वारा



यूक्रेन पर की जा रही भारी भरकम गोलाबारी में यूक्रेन की राजधानी में एक भारतीय छात्र को गोली लगने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री जनरल वीके सिंह ने पोलैंड के रेज़ज़ो हवाई अड्डे पर इस बात का खुलासा किया। सिंह ने बताया कि छात्र को कीव से वापिस आते वक्त गोली लगी जिसके बाद उसे बीच में ही वापस ले जाया गया और अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्होंने कहा कि हम न्यूनतम नुकसान में अधिकतम निकासी की कोशिश कर रहे हैं।

कुछ दिन पहले ही एक भारतीय छात्र की हुई थी मौत कुछ दिन पहले ही यूक्रेन पर रूस के हमले के दौरान एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई थी। यूक्रेन में मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्र नवीन कुमार कर्नाटक के रहने वाले थे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने ट्वीट कर यह जानकारी दी थी। यूक्रेन के खरकीव में भीषण हमले के दौरान ही नवीन कुमार की मौत हुई थी।

## अमेरिका के एक स्कूल में घुसी कार, 19 बच्चे समेत एक कर्मचारी घायल

**एंडरसन (अमेरिका)।** नॉर्दर्न कैलिफोर्निया स्थित एक प्रीस्कूल में एक कार के घुस जाने से 19 बच्चे और स्कूल का एक कर्मचारी घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह घटना सेक्रामेंटो के उत्तर पश्चिम में शास्ता काउंटी के एंडरसन में बृहस्पतिवार को हुई। केआरसीआर-टेलीविजन में दिखाए गए वीडियो में एक वाहन 'ग्रेट एडवेंचर्स क्रिस्चियन प्रीस्कूल' की दीवार से टकराता और फिर दीवार तोड़ता हुआ इमारत में घुसता दिखाई दिया।पुलिस प्रमुख जोन पोलेट्स्की ने बताया कि घटना के वक्त 19 बच्चे और कम से कम दो कर्मचारी स्कूल के अंदर थे। उन्होंने बताया कि 14 बच्चों को अस्पताल ले जाया गया, जबकि पांच को उनके अभिभावक ले गए। पुलिस ने बताया कि एक बच्चा कार ही में फंस गया था। घायलों की हालत के बारे में फिलहाल कोई जानकारी नहीं है।

# रूस ने इंटरनेट पर कसा शिकंजा, बीबीसी सहित कुछ मीडिया वेबसाइटों पर लगाया गया प्रतिबंध

**कीव।** रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध का नौवां दिन था। यूक्रेन पर रूसी सेना का हमला रूकने का नाम नहीं ले रहा है। इस बीच रूस ने इंटरनेट पर अपना नियंत्रण बड़ा दिया है और बीबीसी सहित कुछ मीडिया वेबसाइटों पर प्रतिबंध लगा दिया है।

रूसी मीडिया वाचडाग के अनुसार रूसी भाषा के यूएस-वित्त पोषित रेडियो चैनल और कुछ वेबसाइटों तक पहुंच को सीमित कर दिया गया है। दूसरी और रूसी सैन्य बलों ने यूक्रेन के दक्षिणपूर्व में यूरोप के सबसे बड़े जापोरिज्जिया न्यूक्लियर पावर प्लांट को भी जब्त कर लिया। न्यूज एजेंसी रायटर के अनुसार एक स्थानीय प्राधिकरण ने यह दावा किया है कि रूस की सेना ने सुबह हमला करने के बाद इसको अपने कब्जे में ले लिया है।

बता दें कि आज सुबर ही रूस ने इस प्लांट पर हमला किया था जिसके बाद इसमें भयंकर आग लग गई थी जिसको बाद में बुझा लिया गया था।



**रूस सेना के बारे में 'फर्जी' जानकारी फैलाने पर होगी जेल**

यूक्रेन के साथ युद्ध के बीच रूसी संसद के निचले सदन ने एक कानून पारित किया है। इस कानून के तहत सेना के बारे में 'फर्जी' जानकारी फैलाने पर जेल की सजा हो सकती है। स्टेट ड्यूमा द्वारा पारित कानून में जानबूझकर गलत जानकारी फैलाने वालों के लिए जुर्माना और जेल की सजा का प्रावधान किया गया है। बता दें कि रूस में राष्ट्रपति पुतिन और उनकी सेना के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हो रहा है।

**130 रूसी बसों से निकाले जाएंगे भारतीय**

रूस के राष्ट्रीय रक्षा नियंत्रण केंद्र के प्रमुख कर्नल जनरल मिखाइल मिज़िंटसेव ने घोषणा की कि खार्किव और सूमी से भारतीय छात्रों और अन्य विदेशियों को रूस के बेलगोरोड क्षेत्र में निकालने के लिए 130 रूसी बसें तैयार की गईं हैं। गौरतलब है कि यह फैसला रूस और यूक्रेन के बीच दूसरे दौर की बैठक में लिया गया था जिसको अब अमल में लाया जाएगा।

इस बैठक में दोनों पक्ष मानवीय कॉरिडोर बनाने पर सहमत हुए थे।

## जेलेंस्की ने पुतिन के साथ सीधे बातचीत करने की जताई इच्छा, बोले- मैं काटता नहीं हूं

**कीव।** रूस और यूक्रेन युद्ध के आठ दिन बीत चुके हैं और नौवें दिन भी दोनों सेनाओं ने एक-दूसरे पर प्रहार किया। इसी बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को सीधे बातचीत करने का न्योता दिया है और हमले को तत्काल रोकने का अनुरोध भी किया।

राष्ट्रपति जेलेंस्की ने शाम पश्चिमी देशों का आह्वान करते हुए कहा कि यूक्रेन की सैन्य सहायता को बढ़ाया जाए, वरना रूस यूरोप के अन्य हिस्सों में भी आगे बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं है कि मैं पुतिन से बात करना चाहता हूं।

मुझे पुतिन से बात करने की ज़रूरत है। दुनिया को पुतिन से बात करने की जरूरत है। इस युद्ध को रोकने का और कोई उपाय नहीं है।-राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा कि



आप हमसे क्या चाहते हैं हमारी जमीन छोड़ दो। मेरे साथ बैठो, सिर्फ 30 मीटर दूर नहीं, मैं काटता नहीं हूं।

**जल्द होगी तीसरे दौर की वार्ता**-यूक्रेन और रूस के बीच जल्द ही तीसरे दौर की वार्ता होगी। बीते दिनों पोलैंड बॉर्डर के पास स्थित बेलारूस में दूसरे दौर की वार्ता हुई थी। इस वार्ता को लेकर राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सलाहकार व्लादिमीर मेदिन्स्की ने बताया कि दोनों पक्षों की स्थिति बिल्कुल स्पष्ट है, संघर्ष के राजनीतिक समाधान से संबंधित मुद्दों समेत एक-एक बात लिखी गई है। हालांकि उन्होंने विस्तार से जानकारी दिए बिना कहा कि उनकी ओर से आपसी सहमति बनी है।

रूसी राष्ट्रपति ने यूक्रेन को चेतावनी दी थी कि उसे असैन्यीकरण की क्रेमलिन की मांग को फौरन स्वीकार कर लेना चाहिए और नाटो में शामिल होने की अपनी कोशिश छोड़कर खुद को तटस्थ घोषित कर देना चाहिए। पुतिन लंबे समय से कह रहे हैं कि यूक्रेन का पश्चिमी जगत की ओर रुख करना मॉस्को के लिए खतरा है।

## हमलों से थर्राया यूक्रेन, फिर भी कम नहीं हो रहा मुकाबले का जज्बा, कीव की घेराबंदी, खार्कीव में 34 मौतें

**कीव।** यूक्रेन में इमारतें खंडहर में तब्दील हो रही हैं तो हवा में घुली बारूद बाशिंदों में बेचैनी पैदा कर रही है। बच्चे और बुजुर्गों का बुरा हाल है, औरतें भी रात-दिन के धमाकों से हलकान हैं। यूक्रेन में छिड़ी लड़ाई दूसरे सप्ताह में प्रवेश कर गई है। इसका अंत फिलहाल नजर नहीं आ रहा। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से बातचीत में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने साफ कह दिया है कि यूक्रेन को सबक सिखाए बगैर हमले नहीं रुकेंगे।

**नहीं रुकेगा युद्ध**

पुतिन ने कहा है कि यूक्रेन को हथियार मुक्त करने से कम में युद्ध नहीं रुकेगा। इस बीच भी रूसी हमलों से यूक्रेन के शहर थर्राते रहे। राजधानी कीव को चारों ओर से घेरकर आगे बढ़ रही रूसी सेना को हर कदम पर कड़े प्रतिरोध का सामना करना पड़ रहा है। सेना के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आमजन रूसी सैनिकों का मुकाबला कर रहे हैं।नागरिकों के हताहत होने का यह भी एक बड़ा कारण है। दूसरे बड़े शहर खार्कीव में सबसे भीषण लड़ाई छिड़ी हुई है। एक बार दाखिल होकर बाहर हुई रूसी सेना यहां पर पूरी बेरहमी से हमले कर रही है। भीषण गोलाबारी और बमबारी से इस शहर में बीते 24 घंटे में 34 लोग मारे गए हैं। इस बीच यूक्रेन के बालाक्लीया शहर पर रूसी सेना का कब्जा होने की खबर है। रूस के हमले तेज होने से यूक्रेनी शहरों से पलायन भी तेज हुआ है। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी संगठन के अनुसार अभी तक दस लाख से ज्यादा लोग देश से बाहर जा चुके हैं।

## परमाणु प्लांट की घटना पर बोरिस जानसन ने की जेलेंस्की से बात, बोले- यूएन की आपात बैठक की करेंगे मांग

**लंदन।** यूरोप के सबसे बड़े न्यूक्लियर प्लांट में आग लगने की घटना को लेकर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जानसन ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से बातचीत की है। जानसन ने न्यूक्लियर प्लांट की घटना पर चिंता जाहिर की है। जानसन ने जेलेंस्की से कहा कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की लापरवाह कार्रवाई अब सीधे तौर पर पूरे यूरोप की सुरक्षा के लिए खतरा हो सकती है।

**यूएन की आपात बैठक की मांग करेंगे**

जानसन ने आगे कहा कि ब्रिटेन यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करेगा कि स्थिति और न बिगड़े। उन्होंने कहा कि वह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आपात बैठक की मांग करेंगे और ब्रिटेन इस मुद्दे को रूस और करीबी सहयोगियों के साथ तुरंत उठाएगा।

**यूरोप के परमाणु प्लांट पर हमले का दावा**



**जानसन ने न्यूक्लियर प्लांट की घटना पर चिंता जाहिर की है। जानसन ने जेलेंस्की से कहा कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की लापरवाह कार्रवाई अब सीधे तौर पर पूरे यूरोप की सुरक्षा के लिए खतरा हो सकती है।**

बता दें कि यूरोप के सबसे बड़े परमाणु प्लांट के रिएक्टरों में आग लग गई है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने दावा किया है कि रूसी सेना ने परमाणु प्लांट पर हमला किया है। जेलेंस्की ने ट्वीट कर कहा कि यूरोप का सबसे बड़ा परमाणु प्लांट खतरे में है। इससे पहले यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने कहा था कि रूस परमाणु प्लांट पर लगातार गोलीबारी कर रहे हैं।

## पूर्व अमेरिकी विदेश मंत्री पोंपियो के ताइवान दौरे से भड़का चीन, मिसाइल निर्माण दोगुना करेगी ताइवानी सरकार

**ताइपे।** अमेरिका के पूर्व विदेश मंत्री माइक पोंपियो के ताइवान दौरे से चीन भड़क गया है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि पद पर रहते पोंपियो ने निंदनीय काम किया था। गत वर्ष ट्रंप प्रशासन का कार्यकाल खत्म होने पर जब पोंपियो पद से हटे तब चीन ने उन पर प्रतिबंध लगा दिया था। क्योंकि वह विदेश मंत्री रहते चीन की आलोचना करते थे।

**पोंपियो को शीर्ष सम्मान**

इधर, ताइवान की राष्ट्रपति त्साइ इंग-वेन ने द्वीपीय क्षेत्र के साथ संबंध प्रगाढ़ करने में योगदान देने के लिए पोंपियो को शीर्ष सम्मान प्रदान किया। इससे पहले अमेरिका के पूर्व रक्षा मंत्री डोनाल्ड रम्सफील्ड को ताइवान के शीर्ष सम्मान में से एक ग्रैंड कार्डन से सम्मानित किया था।

**मिसाइल निर्माण दोगुना करेगा ताइवान**-ताइवान अपने सालाना मिसाइल निर्माण क्षमता को दोगुना करने की योजना बना रहा है। इस वर्ष 500 मिसाइलों का उत्पादन करने का लक्ष्य रखा जा रहा है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। चीन से खतरे के मद्देनजर यह द्वीपीय क्षेत्र अपनी सैन्य क्षमता मजबूत करने में जुटा है।

**मुलेन ने अमेरिकी मदद की प्रतिबद्धता दोहराई**-इस बीच अमेरिका के ज्वाइंट चीफ्स आफ स्टाफ माइक मुलेन ने ताइवान की हरसंभव मदद की अमेरिकी प्रतिबद्धता भी दोहराई है। यूक्रेन पर रूसी हमले के बीच दो दिवसीय दौरे पर ताइवान पहुंचे मुलेन ने कहा था कि जलडमरूमध्य में शांति न केवल अमेरिका वरन पूरी दुनिया के हित में है।

**यूक्रेन को मानवीय मदद करेगा ताइवान**

ताइवान की राष्ट्रपति साई इंग-वेन, उप राष्ट्रपति विलियम लाई व प्रधानमंत्री सु सेंग-चांग समेत कई दिग्गजों ने यूक्रेन में राहत कार्यों के लिए एक-एक



महीने का वेतन दान करने की घोषणा की है। दरअसल यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद ताइवान को लग रहा है कि चीन भी उसके खिलाफ रूस जैसा कदम उठा सकता है। गौरतलब है कि चीन ताइवान को अपना हिस्सा बताता है।

# संयुक्त राष्ट्र महासभा में निंदा प्रस्ताव: नेपाल की नीतियों पर दिखने लगा अमेरिका का असर

**काठमांडू।** नेपाल ने यूक्रेन पर हमले के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र महासभा में लाए गए रूस की निंदा के प्रस्ताव के पक्ष में वोट डाला। दक्षिण एशिया में नेपाल के अलावा ऐसा रुख सिर्फ मालदीव का रहा। भारत, श्रीलंका, और पाकिस्तान ने अपने को मतदान से अलग रखा। हालांकि औपचारिक रूप से अफगानिस्तान और म्यांमार को प्रस्ताव के पक्ष में वोट डालने वाले देशों की सूची में दिखाया गया, लेकिन संयुक्त राष्ट्र में अभी तक प्रतिनिधित्व उन सरकारों को मिला हुआ है जो अब वहां वास्तव में सत्ता नहीं हैं। वरना, म्यांमार के सैनिक शासकों ने खुल कर रूस का समर्थन किया है, जबकि अफगानिस्तान में सत्ताधारी तालिबान के रूस से बेहतर रिश्ते बताए जाते हैं।

**ब्लिंकेन ने वोटिंग से पहले किया था फोन**

नेपाल उन 141 देशों में शामिल हुआ, जिन्होंने निंदा प्रस्ताव के पक्ष में वोट डाले। मतदान से पहले चर्चा में भाग लेते हुए संयुक्त राष्ट्र में नेपाल के स्थायी प्रतिनिधि अमृत राय ने कहा कि उनका देश किसी संप्रभु देश के खिलाफ ताकत के इस्तेमाल और उसकी प्रादेशिक अखंडता के उल्लंघन के खिलाफ है। संयुक्त राष्ट्र महासभा में चर्चा शुरू होने के पहले अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकेन ने नेपाल के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा को फोन किया था। ब्लिंकेन ने उसके बाद एक



ट्विट में बताया था कि उन्होंने देउबा से यूक्रेन पर हमले की चर्चा की और इस मुद्दे पर उनका समर्थन मांगा।

पर्यवेक्षकों ने ध्यान दिलाया है कि अमेरिकी संस्था मिलेनियम चैलेंज कॉरपोरेशन (एमसीसी) की मदद लेने के सवाल पर नेपाल में हुई बहस के दौरान यह साफ हो गया था कि देउबा सरकार का झुकाव अमेरिका की तरफ है। इसमें रुकावट सत्ताधारी गठबंधन में शामिल दोनों कम्युनिस्ट पार्टियां थीं। लेकिन उन्हें साध लेने के बाद देउबा सरकार की विदेश नीति पूरी तरह स्पष्ट हो गई है।

यूक्रेन मामले में नेपाल सरकार की सोच का पहला संकेत बीते सोमवार को ही मिल गया था, जब संयुक्त राष्ट्र मानव अधिकार परिषद में नेपाल ने यूक्रेन पर रूसी हमले की निंदा के लिए लाए गए प्रस्ताव का समर्थन किया। यहां भी नेपाल ने चीन और भारत से अलग रुख लिया। चीन ने प्रस्ताव के विरोध में मतदान किया था, जबकि भारत ने खुद को मतदान से अलग रखा था।

**अभी तक खुद को मतदान से अलग रखता रहा है नेपाल**

विश्लेषकों ने ध्यान दिलाया है कि यह नेपाल की विदेश नीति में एक स्पष्ट बदलाव है। 2014 में जब क्राइमिया को रूस में मिलाए जाने के बाद संयुक्त राष्ट्र में निंदा प्रस्ताव लाया गया था, तब नेपाल ने खुद को मतदान से अलग रखा था। अभी पिछले साल जून तक नेपाल का रुख संतुलन बना कर चलने का था। बीते जून में म्यांमार के सैनिक शासन की निंदा के लिए महासभा में प्रस्ताव लाया गया था। तब नेपाल ने उस पर हुए मतदान से खुद को अलग रखा था।


पर्यवेक्षकों के मुताबिक देउबा सरकार के सत्ता में आने और उसके बाद तेज हुई अमेरिकी कूटनीति का अब असर होता दिख रहा है। इस बीच कम्युनिस्ट पार्टियों के रुख में भी बदलाव आया है, जो एमसीसी की मदद लेने के लिए हुए करार के मुद्दे पर जाहिर हुआ। न सिर्फ सत्ताधारी गठबंधन में शामिल पुष्प कमल दहल और माधव कुमार नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टियों ने उसका समर्थन किया, बल्कि विपक्षी कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (यूएमएल) ने भी इसका विरोध छोड़ दिया है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
211019 से प्रकाशित
स्वामी श्री योगी सत्यम एवम् योग सत्संग समिति द्वारा
विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज
से मुद्रित एवम् क्रियायोग आश्रम अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
Title UPHIN 29506

## यूक्रेन में रूस के खिलाफ हथियार उठाने वालों को नहीं दिया जाएगा पीओडब्ल्यू स्टेटस, चलेगा आपराधिक मुकदमा

**मास्को।** यूक्रेन में रूस की सेना के खिलाफ हथियार उठाने वाले को आतंकी समझा जाएगा और उस पर किसी भी तरह का युद्धबंदी जैसा व्यवहार नहीं किया जाएगा। रूस के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता इगोर कोनशेनकोव ने साफ कर दिया है कि इस तरह के आतंकवादी को किसी भी तरह युद्धबंदियों वाले अधिकार हासिल नहीं होंगे। उन्होंने एक आधिकारिक बयान देते हुए ये बात कही है।

उन्होंने सीधे तौर पर इस बयान में पश्चिमी देशों की सेनाओं पर निशाना साधा है। अपने बयान में उन्होंने साफ कर दिया है कि इस दौरान बंधक बनाए गए लोगों पर आपराधिक मामलों के तहत ही न्याय किया जाएगा। कोनशेनकोव ने उन विदेशी नागरिकों को भी चेतावनी दी है जो यूक्रेन



के लिए लड़ने के बारे में सोच रहे हैं। अपने बयान में उन्होंने कहा है कि जो कोई ये सोच रहा है कि वो कीव जाकर रूस से लड़ाई करेगा, वो इस पर फैसला लेने से पहले एक बार नहीं बल्कि एक दर्जन बार दोबारा सोच ले।ईगोर ने ये भी साफ कर दिया है कि पश्चिमी देशों द्वारा दिए गए हथियारों के जरिए ये आतंकी रूस की सेना पर हमला कर रहे हैं। इसलिए पश्चिमी देश इन लोगों को ये हथियार रूस पर हमला करने के लिए दे रहे हैं। इतना ही नहीं इनको एयर सपोर्ट भी दिया जा रहा है। उन्होंने एक वीडियो का भी जिक्र किया है जिसको कथिततौर पर यूक्रेन की सीक्रेट सर्विस द्वारा फैलाया गया बताया गया है। इसमें कुछ लोग कैमरे के समक्ष आकर कुछ भी बोलने से डरते दिखाए गए हैं।आपको बता दें कि रूस की सेना लगातार कीव की तरफ आगे बढ़ रही है। हालांकि यहां पर उन्हें यूक्रेन से कड़ा मुकाबला भी झेलना पड़ रहा है। रूस की सेना अब तक यहां के दो बड़े शहरों पर कब्जा कर चुकी है। चर्नोबिल के बाद रूस की सेना ने जैपोरिझिका न्यूक्लियर पावर प्लांट पर भी कब्जा कर लिया है। इससे पहले यहां पर रूस की सेना ने हमला किया था जिसके बाद यहां पर आग लग गई थी।

## रूस से दूरी बना लेगा भारत, अमेरिकी सीनेटर ने जताई उम्मीद

**नई दिल्ली।** अमेरिका ने भारत से यूक्रेन पर हमले के बाद अपने मुख्य हथियार आपूर्तिकर्ता रूस से दूरी बनाने का आह्वान किया है। हालांकि भारत ने अभी तक इस हमले निंदा भी नहीं की है। दक्षिण एशियाई मामलों के सहायक अमेरिकी विदेश मंत्री डोनाल्ड लू ने अमेरिकी सीनेट की एक उपसमिति को बताया कि रूस के बैंकों पर लगाए गए व्यापक प्रतिबंधों के कारण दुनिया के किसी भी देश के लिए रूस से प्रमुख हथियार प्रणाली खरीदना बहुत कठिन होगा। लू ने यह भी कहा कि अमेरिकी अधिकारियों ने रूस के आक्रमण की निंदा करने वाली सामूहिक प्रतिक्रिया के महत्व को रेखांकित करने के लिए भारत के साथ बातचीत की है। भारत एकमात्र प्रमुख अमेरिकी सहयोगी है जिसने सार्वजनिक रूप से रूस की आलोचना करने से इन्कार कर दिया है, हालांकि उसने हिंसा को समाप्त करने का आह्वान किया है।

सीनेटरों द्वारा यह पूछे जाने पर कि क्या यूक्रेन संकट ने भारत के लिए छूट पर प्रशासन की स्थिति को बदल दिया है, उन्होंने कहा मैं छूट के मुद्दे पर या मंजूरी के मुद्दे पर राष्ट्रपति या सचिव के फैसलों का पूर्वाभास करने में सक्षम नहीं हूं। मैं जो कह सकता हूं वह यह है कि भारत अब हमारा वास्तव में एक महत्वपूर्ण सुरक्षा भागीदार है और हम उस साझेदारी को महत्व देते हैं।

आगे बढ़ते हुए, मुझे आशा है कि वर्तमान समय में रूस की स्थिति को देखते हुए भारत खुद को उससे अलग कर लेगा।